नई दिल्ली
मंगलवार, 18 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 310
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### दोनों नेताओं के बीच बेहतर संबंध

## भारत पहुंचे कतर के अमीर शेख थानी, हवाईअड्डे पर पीएम मोदी ने की अगवानी



आज दोनों शीर्ष नेताओं के बीच हैदराबाद हाउस में होगी द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी सोमवार रात भारत पहुंचे। यहां नई दिल्ली में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी अगवानी की। शेख थानी के आगमन पर यूं प्रधानमंत्री का व्यक्तिगत रूप से हवाई अड्डे पर पहुंचना दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मौजूद बेहतर संबंधों का प्रमाण प्रस्तुत करता है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शेख अल थानी 17 फरवरी से भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विदेश मंत्री ने की शिष्टाचार मुलाकात

मंत्रालय ने बताया कि कतर के अमीर के ठहरने के लिए नई दिल्ली स्थित लीला पैलेस होटल में विशेष व्यवस्था की गई है। वहां विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शेख थानी से शिष्टाचार मुलाकात की। 18 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद कतर के अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करेंगे। इसी के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भाजपा ने सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस को सुनाई खरी-खोटी

# चीन पर पित्रोदा का बयान भारत की अस्मिता और शहीदों का अपमानः सुधांशु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि सैम पित्रोदा ने चीन को लेकर जिस प्रकार का बयान दिया है, उससे यह बात बहुत साफ हो गई है कि कांग्रेस पार्टी के चीन के साथ हुए करार का इजहार वो दिनदहाड़े कर रहे हैं। भारत जैसे जैसे कूटनीतिक, आर्थिक तौर पर आगे बढ़ता जब रहा है। वैसे वैसे कुछ षड्यंत्रकारी शक्तियां भारत के खिलाफ काम में जुटी हुई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पित्रोदा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भी सैम पित्रोदा कह रहे हैं, वो उनके बोल हो सकते हैं, लेकिन इसके असली 'लेखक' जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस पार्टी हैं, और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल इसमें सुर मिला रहे हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस ओवरसीज अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अपने बयान में कहा था कि चीन भारत का दुश्मन नहीं है। इसके बाद भाजपा ने उनको और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के विवादित बयान पर कहा कि यह भारत की अस्मिता और शहीदों का अपमान है। उन्होंने सैम पित्रोदा की तरफ से चीन को दुश्मन न मानने की बात को



निंदनीय बताया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेताओं के विदेशी संबंधों और चुनाव में विदेशी फंडिंग पर भी सवाल उठाए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और विपक्ष पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय संस्था 'इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) ने 2011 में भारत में एक समझौता किया था। यह समझौता 'इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट' के साथ हुआ, जो चुनाव आयोग से जुड़ा संगठन है। इस फंडिंग में 'कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग' (सीईपीपीएस) नाम की संस्था भी शामिल थी, जो जॉर्ज सोरोस की 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' से जुड़ी है। सुधांशु त्रिवेदी के अनुसार, 'जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी के जरिए भारत में आधा अरब डॉलर निवेश किया और 2011 के बाद हर साल 3.5 लाख डॉलर भारत आ रहे थे। उन्होंने कहा, 'जो भी सैम पित्रोदा कह रहे हैं, वो उनके बोल हो सकते हैं, लेकिन इसके असली 'लेखक' जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस पार्टी हैं, और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल इसमें सुर मिला रहे हैं।'वहीं भाजपा नेता त्रिवेदी ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, 'गौरव गोगोई का जॉर्ज सोरस की फाउंडेशन से कनेक्शन उजागर हो रहा है। साथ ही, उनका पाकिस्तान दूतावास से संपर्क भी चिंता का विषय है।' उन्होंने आरोप लगाया कि गौरव गोगोई ने भारतीय वायुसेना और अर्धसैनिक बलों के खिलाफ बयान दिए, जिससे साफ है कि देश पर हमला करने की गहरी साजिश चल रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईसीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा आज से

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन की ओर से



आईसीएसई यानी कि 10वीं क्लास के बोर्ड एग्जाम की शुरुआत मंगलवार से शुरू हो रही है। पहला पेपर अंग्रेजी का आयोजित किया जायेगा। 18 फरवरी से शुरू होकर 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएंगी।

### भीड़ में दबकर पांच महिला हुईं बेहोश, एक का टूटा पैर

**मथुरा।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ने से हालात बेकाबू हो गए।



भीड़ के बीच दबकर एक महिला श्रद्धालु का पैर फ्रैक्चर हो गया। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं 5 अन्य महिला श्रद्धालुओं की भी हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों की टीम ने सभी को उपचार किया।

### आधे हिमाचल पर बाढ़ व भूस्खलन का खतरा

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है।



आईआईटी में हुए एक रिसर्च में पता चला है कि राज्य का 45 फीसदी हिस्से पर बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। आईआईटी टीम ने अपने रिसर्च में इस बात की जानकारी दी है कि इस राज्य की पहचान उच्च जोखिम वाले क्षेत्र के रूप में हुई है।

### दिल्ली में सुबह 5:36 मिनट पर आया भूकंप, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4 रही

# दिल्ली-एनसीआर से बिहार तक कांपी धरती, एक ही झटके से सहमी दिल्ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार की सुबह जोरदार भूकंप आया। भूकंप के झटकों ने लोगों को डरा दिया। गहरी नींद में सोए लोगों ने भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और पूरे एनसीआर में आया यह भूकंप काफी जोरदार था। दिल्ली-एनसीआर के बाद बिहार और ओडिशा में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर में कई सेकंड तक धरती हिलने लगी। अपार्टमेंट्स तक पत्ते की तरह झुलते नजर आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि दिल्ली में सोमवार सुबह 5:36 बजे 4 तीव्रता का भूकंप आया।

पिछले भूकंपों के उलट यह भूकंप दिल्ली में ही आया और इसकी उत्पत्ति पृथ्वी की सतह से सिर्फ 5 किमी नीचे हुई। दिल्ली-एनसीआर में जमाने बाद लोगों ने इतना जोरदार भूकंप महसूस किया। उन्हें धरती के अंदर से गड़गड़ाने की आवाज भी सुनाई दी। भूकंप की तीव्रता उतनी ज्यादा नहीं थी, लेकिन लोगों ने इसे काफी देर तक महसूस किया। सोमवार सुबह आए भूकंप का केंद्र दिल्ली रहने से दिल्ली सरकार भी अलर्ट मोड पर है। दिल्ली सरकार के अधिकारियों की मानें तो भूकंप की आपदा से निपटने के लिए दिल्ली सरकार तैयार है। एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली के सभी जिला स्तर के साथ साथ मुख्यालय स्तर पर डीडीएमए की टीमें गठित हैं।

*पृथ्वी की सतह से सिर्फ 5 किमी नीचे रहा केंद्र, तेज गड़गड़ाहट की आवाज से दहशत में आए लोग, दिल्ली सरकार अलर्ट मोड पर, बांग्लादेश और ओडिशा में भी भूकंप*

एलजी सक्सेना ने भूकंप से बचाव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



### तेज गड़गड़ाहट की आवाज की ये रही वजह

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप के दौरान, जमीन कंपन करती है, जिससे छोटी अवधि की भूकंपीय तरंग गति पैदा होती है जो हवा तक पहुंचती है और ये ध्वनि तरंग बन जाती है। ये ध्वनि तरंग वायुमंडल में कंपन पैदा कर सकती हैं। भूकंप का केंद्र जितना उथला या कम गहराई में होगा, उतनी ही ज्यादा ऊर्जा सतह तक पहुंच सकती है। उच्च आवृत्ति वाली भूकंपीय तरंगे जमीन से होकर गुजरती हैं, इसकी वजह से ही भूकंप के दौरान गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई देती है। दिल्ली में आए भूकंप का केंद्र जमीन के भीतर महज पांच किलोमीटर अंदर ही था, जिसके कारण लोगों को तेज आवाज सुनाईं दी।

#### इस क्षेत्र में भूकंप का रहा लंबा इतिहास

इस क्षेत्र में दर्ज स्थानीय भूकंपों में 1720 में दिल्ली में 6.5 तीव्रता का भूकंप, 1842 में मथुरा में 5 तीव्रता का भूकंप, 1956 में बुलंदशहर में 6.7 तीव्रता का भूकंप और 1966 में मुरादाबाद में 5.8 तीव्रता का भूकंप शामिल हैं। इन्हें देखकर कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र का भूकंपों का इतिहास रहा है। मिश्रा ने बताया कि जबकि 6 किमी के दायरे में पहले 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था, 10 किमी की गहराई ने इसे कम प्रभावशाली बना दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोमवार का भूकंप प्लेट टेक्टोनिक्स के कारण नहीं, बल्कि 'इन-सीटू ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### सिस्मिक जोन 4 में दिल्ली, भूकंप का खतरा काफी ज्यादा

भूकंप के लिहाज से सर्वाधिक जोखिम वाली दूसरी श्रेणी यानी सिस्मिक जोन-चार में शामिल दिल्ली पर भी खतरा मंडरा रहा है। दिल्ली क्षेत्र, जो उत्तरी भारत में स्थित है, नियमित रूप से दूर और पास दोनों जगहों से आने वाले भूकंपों के झटके महसूस करता है। ये भूकंप हिमालय और स्थानीय स्रोतों से आते हैं। नेशनल सेंटर फ़ॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) निदेशक ओपी मिश्रा ने कहा कि 2007 में धौला कुआं में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था, लेकिन इसका असर सोमवार के भूकंप जितना ज्यादा नहीं था, क्योंकि यह 10 किमी की गहराई पर आया था। राष्ट्रीय राजधानी को हिमालय से आने वाले ऐतिहासिक भूकंपों के कारण मध्यम से उच्च भूकंपीय गतिविधि के जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे 1803 में गढ़वाल हिमालय में 7.5 तीव्रता का भूकंप, 1991 में उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता का भूकंप, 1999 में चमोली में 6.6 तीव्रता का भूकंप, 2015 में गोरखा में 7.8 तीव्रता का भूकंप और हिंदुकुश क्षेत्र से कई मध्यम तीव्रता के भूकंप।

### पीएम मोदी की अगुवाई वाली मीटिंग में हुआ फैसला

## ज्ञानेश कुमार होंगे मुख्य चुनाव आयुक्त, राजीव की जगह लेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ज्ञानेश कुमार भारत के नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज रिटायर हो रहे हैं। ज्ञानेश कुमार अभी तक चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनके नाम पर मुख्य चुनाव आयुक्त को



चुनने वाली समिति ने मुहर लगा दी है। इसके साथ ही डॉक्टर विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त के पद पर चुना गया है। ज्ञानेश कुमार आईआईटी कानपुर से बीटेक हैं। कानून मंत्रालय ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अफसर हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त की ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### राहुल गांधी ने जताई थी आपत्ति

प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ज्ञानेश कुमार के नाम पर सहमति जताई और राष्ट्रपति को उनके नाम की सिफारिश की थी। राहुल गांधी ने इसका विरोध किया। राहुल गांधी ने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया की बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई तक के लिए टाल दिया जाए।

#### जनवरी, 2029 तक रहेगा कार्यकाल

सीईसी के रूप में उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा। इस दौरान वे आयोग का नेतृत्व करेंगे। इस अवधि में 20 विधानसभा चुनाव, 2027 में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव होने हैं। साथ ही 2029 के लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियां भी होनी हैं।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त के चयन का मामला

## कांग्रेस ले गई सुप्रीम कोर्ट में, राहुल गांधी का 'डीसेंट-नोट'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज] मंगलवार को रिटायर हो रहे हैं। नये मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में चुनाव आयुक्त रहे ज्ञानेश कुमार का चुना गया है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने नये मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। चयन की तय प्रक्रिया के तहत लोकसभा में विपक्ष के नेता ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मालदीव, नेपाल समेत 5 देशों के राजदूतों ने सौंपे परिचय पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित किए गए एक समारोह में पांच देशों के राजनयिकों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे। इसमें मालदीव, नेपाल, कंबोडिया, सोमालिया और क्यूबा मुख्य रूप से शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन सभी राजदूतों और उच्चायुक्तों में मालदीव के उच्चायुक्त एशथ अजीमा, नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एग्युलेरा, सोमालिया के राजदूत डॉ. अब्दुलाही मोहम्मद ओडोवा और कंबोडिया के राजदूत रत्थ मानी ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे।

### केआईआईटी विवि की घटना

## नेपाल सरकार ने मदद के लिए भेजे दो अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) के छात्रावास में नेपाल की एक बीटेक-तृतीय वर्ष की छात्रा के मृत पाए जाने की घटना सामने आने के बाद नेपाल की तरफ से अपने देश के बाकी छात्रों की मदद के लिए दो अधिकारियों को भेजा गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि नई दिल्ली स्थित हमारे दूतावास ने ओडिशा में प्रभावित नेपाली छात्रों की काउंसलिंग के लिए दो अधिकारियों को भेजा है। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है कि उनके पास अपनी पसंद के आधार पर या तो अपने छात्रावास में रहने या घर लौटने का विकल्प हो।

उधर, विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए नोटिस के अनुसार, केआईआईटी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अजरबैजान के बाकू में एशियाई संसदीय सभा के 15वें पूर्ण अधिवेशन में भाग लिया

## राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने अंतराष्ट्रीय संसदीय मंच पर भारत का किया प्रतिनिधित्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने आगामी 17 से 21 फरवरी तक अजरबैजान के बाकू में आयोजित हो रहे एशियाई संसदीय सभा (एपीए) के 15वें पूर्ण अधिवेधन में सक्रिय रूप से भाग लिया है। एशिया भर के विधानमंडलों से मिलकर बना एपीए, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच संवाद और सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है। पूर्ण अधिवेशन में पूरे एशिया में क्षेत्रीय सहयोग, सतत विकास, आर्थिक विकास और ▶▶ शेष पेज 5 पर



अजरबैजान में भारतीय उच्चायुक्त के साथ सांसद किरण चौधरी

#### क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ावा देंगी

श्रीमती किरण चौधरी के प्रतिनिधित्व में भागीदारी संसदीय कूटनीति के माध्यम से क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उनसे अंतर-संसदीय सहयोग बढ़ाने और महत्वपूर्ण ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने देश में कृषि प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की

## शिवराज ने किसानों के हित में पूरी संवेदना के साथ काम करने के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को देश में कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की।

इस दौरान रबी सीजन की बुआई के संबंध में जानकारी दी गई कि रबी फसलों के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल कवरेज पिछले वर्ष की तुलना में 9.62 लाख हेक्टेयर अधिक है और कुल बुआई क्षेत्र 661.03 लाख हेक्टेयर है, जबकि गत वर्ष यह 651.42 लाख हेक्टेयर था। गेहूं, धान और दलहन की बुआई भी पिछले साल से ज्यादा है। बैठक में शिवराज सिंह ने किसानों के हित में पूरी संवेदना के साथ काम करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थोक और खेरची



मूल्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का समुचित दाम मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि गेहूं की बुआई इस रबी सीजन में 324.88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है जबकि पिछले वर्ष यह 318.33 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में थी, वहीं धान की बुआई 42.54 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जनसंचार के विभिन्न माध्यमों पर सोमवार को प्रसारित हुआ 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का सातवां एपिसोड

## मैरी कॉम, अवनि और सुहास यथिराज ने मेहनत अनुशासन को बताया बोर्ड परीक्षाओं की कुंजी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जनसंचार के विभिन्न प्रचलित माध्यमों पर सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का सातवां एपिसोड प्रसारित हुआ। जिसमें देश की महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम, पैरालंपिक अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े छात्रों को तनावमुक्त रहने का मंत्र दिया। तीनों हस्तियों ने एक स्वर में छात्रों को केवल अनुशासन और कड़ी मेहनत के जरिए अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि अनुशासन ही बोर्ड परीक्षाओं की वह महत्वपूर्ण चाबी ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### बॉक्सिंग को बनाया महिलाओं का खेलः मैरीकॉम




तीनों वक्ताओं ने अपने जीवन और खेल के अनुभवों को कुछ किस्सों, कहानियों और चुटकुलों के जरिए छात्रों तक पहुंचाया। मैरीकॉम ने कहा कि मैंने समाज में लोगों की उस परंपरागत सोच को बदला। जिसमें वो यह मानते थे कि बॉक्सिंग महिलाओं के लिए नहीं है। मेरे करियर में बहुत चुनौतियां आईं। लेकिन मैंने सभी को स्वीकार किया। क्योंकि मैं खुद को साबित करने के साथ ही देश की महिलाओं को यह बताना चाहती थी कि हम बॉक्सिंग कर ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### डर को दूर भगाओ, सफलता मिलेगी

पैरालंपिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार सुहास यथिराज ने बच्चों को अपनी दिमागी शक्ति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इसी से नकारात्मक भावनाओं जैसे डर को दूर भगाया जा सकता है। क्योंकि डर ही सफलता की राह में सबसे बड़ा अवरोधक है। उन्होंने कहा, अगर जीवन में सूरज की तरह चमकना है तो उसकी तरह जलने के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। अच्छी चीजों को पाने के लिए सफर लगातार चलते रहना चाहिए। बच्चों ने तीनों हस्तियों से दबाव, भटकाव और बेचैनी के बारे में सवाल किए। सुहास ने बच्चों से मजबूती और लगन के साथ चुनौतियों का सामना करने की अपील ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप



### श्याम लाल कॉलेज ने जीता हॉकी टूर्नामेंट पुरुष वर्ग का खिताब

**नई दिल्ली।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने एकतरफा फाइनल मुकाबले में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 7-2 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। सोमवार को श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए आशीष और मोहित ने दो-दो और प्रवीण, दीपक और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने एक-एक गोल किया। पराजित टीम के लिए नवीन राठी और सुमित ने एक-एक गोल किया। चैंपियन श्याम लाल कॉलेज के मनमोहन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रवीण को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक भाजपा नेता जितेंद्र महाजन, श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, प्रो. सरिता त्यागी, एचओडी, फिज़िकल एजुकेशन, डीयू, डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट डारेक्टर, डीयूएससी और डॉ. जमाल अनोनो खान, एमुनोथेरेपिस्ट, प्रो. नरेंद्र, प्रधानाचार्य, जाकिर हुसैन कॉलेज, ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

### जनकपुरी के मर्डर केस में शामिल दो आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली।** जनकपुरी के हत्या केस में वांछित दो आरोपियों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। 24 घंटे के भीतर इस हत्याकांड का खुलासा किया गया है। पकड़े गये आरोपियों के नाम दीपांकर उर्फ दीपू और अरमान उर्फ अरशद बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी को तीन दोस्त करण, प्रतीक और निखिल माता चानन देवी अस्पताल के पास चाय और नाश्ता बेचने में व्यस्त थे। इसी दौरान उनके जीवन में एक दुखद मोड़ आया। आरोपी दीपांकर, लल्ला और ऋषभ ने पुराने झगड़े का प्रतिशोध लेने के लिये अचानक से उन पर तेज धारदार चाकू, बोतलों और अन्य हथियारों का उपयोग करते हुये हमला कर दिया। इस बीच करण के सीने में चाकू घोंप दिया गया था, जबकि प्रतीक और निखिल भी घायल हुये थे। बाद में करण ने दम तोड़ दिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वेस्टर्न रेंज 2, अपराध शाखा की टीम को दीपांकर और लल्ला को ट्रैक करने का काम सौंपा गया था। हेड कांस्टेबल मयंक को सूचना मिली कि हत्या केस के संदिग्ध डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 11, द्वारका के पास आएंगे। इसके बाद जाल बिछाकर दोनों को पकड़ा जा सका।

### खाते में सेंध लगाकर 10 लाख उड़ाने वाला साइबर ठग अरेस्ट

**नई दिल्ली।** साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने खाते में सेंध लगाकर 10 लाख रुपये उड़ाने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। ठगी में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। साइबर ठग का नाम मोहम्मद वसीम निवासी अकरा रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल बताया गया है। डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार गत वर्ष 18 नवंबर को इस संबंध में अपूर्व सिसौदिया ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिता के बैंक खाते से अनधिकृत लेनदेन के माध्यम से पांच बार में 10 लाख रुपये डेबिट कर लिए गए है। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान उन खातों का विवरण प्राप्त किया गया जिनमें पैसा जमा किया गया था। उनसे अटैच मोबाइल नंबरों की सीडीआर भी निकाली गई। टीम के लगातार प्रयासों के सार्थक परिणाम आए और संदिग्ध को कोलकाता में ढूंढ निकाला गया। केस में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप दामाद पर लगाया

# गोकलपुरी में महिला की चाकू घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले के गोकलपुरी इलाके में सोमवार को एक 27 वर्षीय महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक महिला का नाम पूजा बताया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप दामाद पर लगाया है। फिलहाल आरोपी दामाद फरार है। पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर फरार कथित आरोपी की तलाश में जुटी है।



पुलिस के मुताबिक गोकलपुरी थाने में सुबह नौ बजकर आठ मिनट पर एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें जौहरीपुर पुलिया के पास एक महिला के सड़क पर खून से लथपथ हालात में पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। सड़क पर खून के धब्बे पाये गये। महिला को पहले ही अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि पीड़िता के पेट पर चाकू से वार किया गया था। मेडिकल टीम की तमाम कोशिशों के बावजूद आपातकालीन वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। अपराध और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

#### मां और बहन ने पति पर लगाया प्रताड़ना व हत्या का आरोप

मृतका की मां और बहन ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। पति वारदात के बाद से ही फरार चल रहा है। पूजा की बहन अनीता का कहना है कि वह अपने पति से बहुत परेशान थी। वह उसके साथ नहीं रहना चाहती थी और तलाक लेना चाहती थी। हम उसके खिलाफ मामला दर्ज करने जा रहे थे। उसने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। 10 दिन पहले भी उसने पूजा को बुरी तरह पीटा था।

# द्वारका में मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने द्वारका इलाके में चेन छीनने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अंधिर कुमार और अंकुश पासवान के रूप में हुई है। ये दोनों द्वारका और पश्चिमी दिल्ली में चेन छीनने के कई मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, चार कारतूस और अलग-अलग अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार एसीपी नरेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ककरौला नाले के पास ट्रैप लगाया था। बाइक सवार दो संदिग्ध लोगों को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन उन्होंने भागने की कोशिश की और पुलिस पर हथियार तान दिए। मुठभेड़ के दौरान अंधिर का हथियार तो काम नहीं कर पाया लेकिन दूसरे बदमाश अंकुश द्वारा चलाई गई गोली से एक सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल बाल-बाल बच गए। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुये दो गोली चलाई जिसमें एक गोली अंकुश के पैर में लगी। इसके बाद दोनों बदमाशों को काबू कर लिया गया। अंकुश को तत्काल चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया। जांच में पता चला कि ये दोनों चेन छीनने की कई वारदातों में शामिल थे। आरोपियों ने पिछले साल 13 अक्टूबर को द्वारका में मात्र 30 मिनट के भीतर तीन झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। इसी तरह 14 फरवरी को पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में चेन झपटने की की चार और वारदातों को अंजाम दिया था। अंकुश उत्तर प्रदेश का निवासी है और कम उम्र में ही अपराध की दुनिया में उतर गया था। उसने 2023 से अब तक करीब 100 मोबाइल फोन और 50 चेन छीनी है। उस पर 12 मामले दर्ज हैं। द्वारका में कई वारदातों के बाद वह मुंबई भाग गया था और वहां एक होटल में काम करने लगा था। लेकिन कुछ दिन बाद फिर दिल्ली लौट आया। अंधिर बिहार का रहने वाला है। दिल्ली आने के बाद वह पहले बैटरी रिक्शा और फिर टैक्सी चलाता था। अंकुश की तेजी से पैसा कमाने की जीवनशैली से प्रभावित होकर उसने भी अपराध का रास्ता अपना लिया।

■ क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

# 50 लाख की प्रतिबंधित दवा के साथ एक सप्लायर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की एंटी स्नैचिंग सेल ने एक मादक पदार्थ तस्कर को किया गिरफ्तार है। इसके पास से कुल 65.83 ग्राम मेथमफेटामाइन और अन्य एल्केलॉइड दवाएं बरामद हुई है। इनकी बाजार कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी टोनी डेविड जयपुर का स्थायी निवासी है। वह महिपालपुर क्षेत्र में मादक पदार्थ की सप्लाई करता था।



पुलिस के अनुसार ड्रग फ्री दिल्ली अभियान के तहत दक्षिण पश्चिम जिले में ड्रग तस्करों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम को सूचना मिली कि एक ड्रग सप्लायर डेयू वाली गली, महिपालपुर, दिल्ली में किराए के कमरे में रहता है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने संदिग्ध को उसके किराए के कमरे से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर कुल 65.83 ग्राम मेथामफेटामाइन और अल्कोलाइड नशीला पदार्थ बरामद हुआ। आरोपी ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी के लिए दिल्ली आया था। लेकिन ड्रग सप्लायर्स के संपर्क में आ गया। वह महरौली और उत्तम नगर से नाइजीरियाई नागरिकों से ड्रग्स खरीदता था और आसानी से पैसा कमाने की लालसा के कारण उसे उच्च कीमत पर बेचता था। पुलिस इससे पूछताछ कर दवाओं के स्रोत और आपूर्ति नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

# पूसा कृषि विज्ञान मेला 22 से 24 फरवरी के बीच होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लगने वाला पूसा कृषि विज्ञान मेला (पीकेवीएम)-2025 आगामी 22 से 24 फरवरी, 2025 के दौरान आयोजित होने जा रहा है। मेले का विषय 'उन्नत कृषि : विकसित भारत' है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे। वहीं, रामनाथ ठाकुर, राज्य मंत्री, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। पूसा संस्थान के निदेशक चेरुकुमल्ली श्रीनिवास राव ने सोमवार को परिसर में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम में किसानों सहित लगभग एक लाख लोगों के भाग लेने की उम्मीद है। निदेशक राव ने कहा कि इस वर्ष के मेले का मुख्य आकर्षण आईएआरआई द्वारा विकसित नई किस्मों और प्रौद्योगिकियों का जीवंत प्रदर्शन होगा। इसमें आईएआरआई के साथ-साथ आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों, केवीके (कृषि विज्ञान केंद्र), एफपीओ, उद्यमियों, स्टार्टअप, सार्वजनिक और निजी कंपनियों की प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं पर प्रदर्शनियां होंगी। इस आयोजन के दौरान जलवायु अनुकूल कृषि, फसल विविधीकरण, डिजिटल कृषि, युवाओं और महिलाओं के उद्यमिता विकास सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर तकनीकी सत्र और किसान-वैज्ञानिक बातचीत होगी। इसमें प्रमुख किस्मों के पूसा बीजों की बिक्री और मौके पर कृषि संबंधी सलाह शामिल होंगी। वहीं, बता दें कि 2024 में किसान आंदोलन के चलते मेले को स्थगित कर दिया गया था।



■ केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे मुख्य अतिथि

■ नई किस्मों और प्रौद्योगिकियों का होगा जीवंत प्रदर्शन

#### लगभग एक लाख आगंतुकों के आने की उम्मीद

आईएआरआई के संयुक्त निदेशक-विस्तार रवींद्र पदारिया ने कहा कि हमें तीन दिवसीय मेले के दौरान लगभग एक लाख आगंतुकों के आने की उम्मीद है। वर्ष 2023 के आयोजन के दौरान, किसानों ने लगभग 2.2 करोड़ रुपये मूल्य के बीज खरीदे थे और आईएआरआई को उम्मीद है कि इस बार यह संख्या इससे कहीं अधिक होगी। पहले यह मेला झारखंड में आयोजित किया गया था।

#### 24 फरवरी को होगा समापन सत्र


जानकारी के अनुसार कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी 24 फरवरी को समापन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे। डेयर के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक उद्घाटन और समापन सत्रों की अध्यक्षता करेंगे। आईएआरआई के बयान के अनुसार, वर्ष 2024 के दौरान 10 विभिन्न फसलों की विभिन्न फसल किस्में - ब्रेड गेहूं में सात, चावल में तीन, मक्का की आठ संकर, मोती बाजरा की एक संकर, चने की दो किस्में, अरहर की एक संकर, मूंग की तीन किस्में, मसूर की एक किस्म, डबल जीरो सरसों की दो किस्में और सोयाबीन की एक किस्म - जारी की गईं थी।

# कई इलाकों में जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 19, 20 और 21 को होगी दिक्कत

दिल्ली देहात के यमुना इलाके में पल्ला एमबीआर में नवनिर्मित 900 मिमी और 1500 मिमी व्यास के इनलेट जल मेन के इंटरकनेक्शन कार्य के कारण, आसपास के क्षेत्र के गांवों व कॉलोनियों/क्षेत्रों में 20 फरवरी की शाम और 21 फरवरी की सुबह पानी की आपूर्ति उपलब्ध नहीं होगी या कम दबाव पर उपलब्ध होगी। वहीं, भूमिगत जलाशय और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की फ्लशिंग के वार्षिक कार्यक्रम के कारण, 19 फरवरी और 20 फरवरी को फिलिंग प्वाइंट और कराला गांव और आसपास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि जल आपात स्थितियों में उपभोक्ता, नागरिक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष के नंबरों 1916, 23527679, 23538495, 23634469, 1800117118 पर संपर्क कर सकते हैं। जल बोर्ड प्रशासन के अनुसार तीन विधानसभा क्षेत्रों, नरेला, बुराड़ी और बादली के कई इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। बख्तावरपुर, झंगोला, तिगीपुर, कुशक नंबर-3, महम्मदपुर, रमजानपुर, सिंघु, पल्ला, ताजपुर, अकबरपुर माजरा, अलीपुर, जिंदपुर, बकोली, खामपुर, बुद्धपुर, हमीदपुर गांव, होलंबी कलां, होलंबी खुर्द, खेड़ा कलां, खेड़ा खुर्द, नया बांस, मामूरपुर, पाना उद्यान, पापोसियन नरेला, नरेला की यू/ए कॉलोनियां, नरेला की नियमित कॉलोनियां, जेजे क्लस्टर नरेला, डीडीए क्षेत्र नरेला औद्योगिक क्षेत्र (डीएसआईआईडीसी) नरेला और मेट्रो विहार चरण- एक और दो होलंबी कलां गांवों के पास (एसी-01, नरेला), नंगली पूना गांव, कादीपुर गांव, मुखमेलपुर गांव, इब्राहिमपुर गांव, संत नगर, बुराड़ी (एसी-02, बुराड़ी), संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर, समईपुर गांव, बादली गांव, लिबासपुर और सिरसपुर गांव (एसी-05, बादली) के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।



# डीयू ने दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज ने सफलतापूर्वक विकसित भारत 2047 पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका प्रथम दिन सोमवार रहा। इस सम्मेलन का विषय "समावेशी विकसित भारत 2047 में कोई पीछे न रहे।" इस आयोजन में प्रमुख विद्वानों, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं ने सामाजिक समावेशन और समान विकास को बढ़ावा देने वाले रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। डीयू के कॉलेजों के डीन प्रोफेसर बलराम पाणी ने सत्र का उद्घाटन किया और एक न्यायसंगत समाज बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के डीन प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने सामुदायिक भागीदारी और युवा सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज के अध्यक्ष प्रो राजकिशोर शर्मा ने इस आयोजन को भविष्य के लिए सार्थक बताया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रोफेसर प्रवीण गर्ग ने सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने पर जोर दिया। यह सम्मेलन भारत के 2047 तक एक पूरी तरह से विकसित और समावेशी राष्ट्र बनने की दिशा में बौद्धिक विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

### चुनाव में आरोप लगाना मतदाताओं का अपमान : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि विपक्ष के नेता पद की होड़ में गोपाल राय और आतिशी मार्लेना ने यह कहकर शर्मनाक स्तर तक गिर गए हैं कि भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग, धन, बल और छल का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि 57 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के गठजोड़ को खारिज कर दिया है, और चुनाव में शक्ति या धन के उपयोग का आरोप लगाना उन मतदाताओं का अपमान है जिन्होंने भाजपा को बहुमत में लाया है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजीत कपूर, पुत्र :** श्री श्याम सुंदर कपूर, **पताः** मकान नं. 1/6879, गली नं. 4, आर्य समाज मंदिर के पास, पूर्वी रोहताश नगर, शाहदरा, दिल्ली ने कोर्ट मुकदमा सं. **354/20 U/S 138 NI Act, थानाः गांधी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत कपूर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजीत कपूर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट मुकदमा सं. **354/20 U/S 138 NI Act, थानाः गांधी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजीत कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 03, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1656/SHD/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जय प्रकाश उर्फ प्रकाश,** पुत्र हरि राम, निवासी- जेबी-6/185 कबूतर मार्केट, वेलकम, उत्तर पूर्व दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 333/23 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश उर्फ प्रकाश** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश उर्फ प्रकाश** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश उर्फ प्रकाश, एफ आई आर नंबर 333/23 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना शाहदरा, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 29.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री स्वाति शर्मा**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
तीसरी मंजिल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1845/SHD/2025


### डिजिटल परिवर्तन, स्थायी विनिर्माण और उन्नत प्रबंधन प्रथाओं को मिलेगा बढ़ावा

# एआईसी ने लघु उद्योग भारती के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अटल इन्क्यूबेशन सेंटर (एआईसी)-जीजीएसआईपीयू ने एमएसएमई को प्रौद्योगिकी समाधान, अनुसंधान-संचालित अंतर्दृष्टि और नवाचार-उन्मुख प्रशिक्षण से सशक्त बनाने के लिए लघु उद्योग भारती (एलयूबी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा, एआईसी-जीजीएसआईपीयू के सदस्य, हेमंत कुमार श्रीवास्तव (सीईओ, एआईसी-जीजीएसआईपीयू), प्रो. एनसी गुप्ता (निदेशक, एआईसी-जीजीएसआईपीयू), प्रो. अरिंजय कुमार (निदेशक, एआईसी-जीजीएसआईपीयू), डॉ. सुदीप कुमार, निदेशक, आर एंड आई, जीजीएसआईपीयू, और एलयूबी के सदस्य, जैसे कि ओम प्रकाश गुप्ता (राष्ट्रीय महासचिव, एलयूबी), आरती सहगल (राष्ट्रीय समन्वयक, सीएसआईआर एवं सचिव, दिल्ली अध्याय), जयंती गोयला (राष्ट्रीय समन्वयक, नेट जीरो और महिला विंग की अध्यक्ष), अन्जू बाजाज (अखिल भारतीय सचिव, एलयूबी), और संजय गौर (संयुक्त महासचिव, एलयूबी) उपस्थित थे। जीजीएसआईपीयू प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सहयोग से एमएसएमई के लिए डिजिटल परिवर्तन, स्थायी विनिर्माण और उन्नत प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देगा। एआईसी-जीजीएसआईपीयू एलयूबी के साथ मिलकर व्यवसायिक चुनौतियों का समाधान करेगा, बाजार लिंकेज को बढ़ाएगा और नेट जीरो लक्ष्यों के अनुरूप हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देगा।




इस अवसर पर पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने उद्योग-अकादमिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जो उद्यमिता को बढ़ावा देने में मदद करती है, जबकि हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने एआईसी-जीजीएसआईपीयू की नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से एमएसएमई का समर्थन करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ. कमल पाठक, कुलसचिव, जीजीएसआईपीयू, और डीपी द्विवेदी, आईएएस (सेवानिवृत्त), ओएसडी, जीजीएसआईपीयू और उद्योग जगत से जुड़े प्रमुख लोग भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे के कुप्रबंधन के कारण हुई दुखद घटना की जांच के लिए समिति के गठन और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। प्रदेश कांग्रेस के अनुसार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार सोमवार को दिल्ली कांग्रेस के लीगल और मानव अधिकार विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे के कुप्रबंधन के कारण भगदड़ मचने से हुई लोगों मौत की यह शिकायत आयोग से की है।

### एमसीडी का लक्ष्य लैंडफिल पर कूड़े के बोझ को कम करना : एमसीडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार बल्क वेस्ट जेनरेटर (बीडब्ल्यूजी) के अनिवार्य पंजीकरण और उचित संचालन की घोषणा की है। एमसीडी प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कदम का उद्देश्य सतत अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देना और लैंडफिल साइटों पर कूड़े के बोझ को कम करना है। जिन सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी संस्थानों आदि का अपशिष्ट उत्पादन दर 100 किलोग्राम प्रतिदिन से अधिक है, उन सभी पात्र संस्थाओं को, एमसीडी के साथ खुद को पंजीकृत करना आवश्यक है।

### निगम के कूड़ा ढोने वाले वाहन ही उड़ा रहे हैं सड़कों पर कूड़ा



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम का मुख्य कार्य यूं तो शहर में साफ-सफाई को बेहतर रखने का है, लेकिन कई बार देखा गया है कि निगम के वाहन ही कूड़ा उठाने के बाद सड़क पर ही उड़ा रहे होते हैं। बता दें कि दिल्ली नगर निगम के वाहन उचित तरीके से ढके बिना ही कूड़ा उठाकर चलने लगते हैं और चलते समय वाहन पर ढका हुआ तिरपाल आदि भी हवा में उड़ने लगता है और जिसके चलते वाहन में रखा गया कूड़ा कचरा भी इधर - उधर सड़क पर उड़ने लगता है और कई बार तो तेज हवा होने से आसपास चल रहे दुपहिया वाहनों पर भी गिर जाता है। बता दें कि ऐसे वाहनों की जानकारी निगम प्रशासन को है मगर अधिकारी को ऐसी समस्या की सुध नहीं लेते हैं।

### याचिका में रेलवे को निर्देश देने का किया गया अनुरोध

# भगदड़ रोकने के लिए तत्काल उपाय को लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के दो दिन बाद सोमवार को उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के संबंध में तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में केंद्र और अन्य प्राधिकारों को 'कार्यक्रमों और विभिन्न स्थानों पर भीड़ के प्रबंधन' के संबंध में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की 2014 की रिपोर्ट के कार्यान्वयन और विचार के लिए निर्देश देने का आग्रह किया गया है। याचिका में कहा गया है, 'सभी प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाए कि वे केंद्र और राज्यों के साथ समन्वय करें और एक विशेषज्ञ समिति गठित कर तालमेल से काम करें, जो भगदड़ की घटनाओं को रोकने के लिए दिशानिर्देश और उपाय बताएगी। याचिका में रेलवे को निर्देश देने का अनुरोध किया गया कि वह रेलवे स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए, जैसे कि गलियारों को चौड़ा करना, बड़े ओवर-ब्रिज और प्लेटफॉर्म का निर्माण करना, रैंप और एस्केलेटर के माध्यम से प्लेटफॉर्म तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना, व्यस्त समय के दौरान ट्रेन के आगमन या प्रस्थान प्लेटफॉर्म में किसी भी तरह के बदलाव से बचने को भी कहा गया है।

याचिका में कहा गया है कि आधुनिक प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता के बावजूद भगदड़ की घटनाएं हो रही हैं, जो तैयारियों और सार्वजनिक सुरक्षा उपायों में विफलता को दर्शाती है। याचिका में सुरक्षा प्रयासों में खामियों की भी आलोचना की गई तथा सवाल उठाया गया कि अति विशिष्ट लोगों की सुरक्षा के लिए उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी और खुफिया सूचनाओं की मदद ली जाती है, जबकि आम नागरिक का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। याचिका में रेलवे सहित अन्य प्राधिकारों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के संबंध में वस्तुस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को लेकर भी निर्देश देने का अनुरोध किया गया। याचिका में कहा गया है कि शनिवार रात को भगदड़ से पहले स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 12 और 14 पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थी। प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।



### सुरक्षा कड़ी, फुटओवर ब्रिज पर बेवजह खड़े होने पर रोक

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ की घटना के बाद स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और बिना किसी वैध कारण के किसी भी व्यक्ति के फुट ओवरब्रिज पर घूमने पर रोक लगाई गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि हमने कई लोगों को बिना किसी कारण के फुट ओवरब्रिज पर खड़े देखा है, जिससे दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने की कोशिश कर रहे यात्रियों को देरी होती है। अब किसी को भी बिना किसी वैध कारण के फुट ओवरब्रिज पर खड़े होने की इजाजत नहीं दी जाएगी।



### भगदड़ में घायल हुए पांच लोग अभी उपचाराधीन




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में घायल हुए पांच लोगों का अभी यहां के अस्पतालों में इलाज जारी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, शनिवार शाम को प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए भारी भीड़ उमड़ने के कारण स्टेशन पर भगदड़ मच गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। पंद्रह घायलों में से 13 को लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में तथा दो को अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश को छुट्टी दे दी गई है, वहीं एलएनजेपी में चार मरीज अभी हैं (दो ऑर्थोपेडिक विभाग में और एक कान, नाक और गला (ईएनटी) विभाग में)। सोमवार को एक और मरीज को फिर से भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 16 वर्षीय एक घायल (जो होश में है और स्वस्थ है) का मामूली चोटों के लिए कलावती सरन बाल चिकित्सालय में उपचार जारी है। एलएनजेपी अस्पताल में 15 शव, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दो तथा कलावती सरन अस्पताल में एक शव रखा गया है।

### दस दिन बाद भी दिल्ली को नहीं मिला सीएम : आतिशी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि सोमवार को दिल्ली चुनाव के नतीजे आए दस दिन बीत गए हैं। 8 फरवरी को चुनाव के नतीजे आए। जिसके बाद दिल्लीवालों को उम्मीद थी कि भाजपा अपने मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करेगी। 10 फरवरी तक शपथ ग्रहण समारोह होगा और उसके तुरंत बाद दिल्लीवालों का काम शुरू होगा। लेकिन दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई लेकिन आज 10 दिन बाद भी भाजपा मुख्यमंत्री पर निर्णय नहीं ले पाई है। आतिशी ने कहा कि आज दिल्लीवालों के सामने यह साबित हो गया है कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री का कोई भी चेहरा नहीं है। दिल्ली की सरकार चलाने के लिए भाजपा के पास एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसे चुनकर वह मुख्यमंत्री बना सकते हैं। वहीं आतिशी ने कहा कि भाजपा ने 15 साल तक दिल्ली नगर निगम में सरकार चलाई और उनके एक-एक पार्षद ने केवल दिल्लीवालों को लूटने का काम किया। उन्होंने एमसीडी के खजाने को लूटने और उसे कंगाल करने का काम किया। इसलिए भाजपा अपने 48 विधायकों में से एक पर भी भरोसा नहीं कर रहे हैं कि उनका एक भी विधायक सरकार चला सकता है। आतिशी ने कहा कि भाजपा के पास दिल्लीवालों के लिए कोई विजन नहीं है।

### अपने पद की गरिमा का ध्यान रखे बिना बयानबाजी कर रही है आतिशी : सचदेवा



नई दिल्ली। यह खेदपूर्ण है कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी अनेक बार अपने पद की गरिमा को तार तार किया और आज जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं तब भी अपने पद की गरिमा का ध्यान रखे बिना बयानबाजी कर रही हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता में आतिशी की प्रेसवार्ता के बाद यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा है कि कहा कि आतिशी मार्लेना बताएं कि आज उन्हें मुख्यमंत्री नियुक्ति की चिंता हो रही है पर उन 5 माह वह चिंता कहां थी जब केजरीवाल जेल में थे और पद लावारिस था। सचदेवा है कहा है कि यह खेदपूर्ण है कि आतिशी मार्लेना कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहते हुए भी अब लगातार अपने पद का दुरुपयोग कर दिल्ली में बिजली कटौती से लेकर नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों द्वारा लूट जैसी अनर्गल टिप्पणियां कर रही हैं। सचदेवा ने कहा है कि बेहतर होगा की भाजपा पर टिप्पणी करने से पहले आतिशी मार्लेना अपनी राजनीतिक जमीन को संभालें।

### दिल्ली का खाली खजाना आम आदमी पार्टी की देन : गुप्ता

**नई दिल्ली।** रोहिणी से नवनिर्वाचित विधायक और दिल्ली विधानसभा में पूर्व नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें आतिशी ने कहा है कि भाजपा ने नगर निगम और दिल्ली सरकार के खजाने को खाली कर दिया है। गुप्ता ने आतिशी पर तंज कसते हुए कहा कि आतिशी का आरोप उनकी हताशा और बौखलाहट का नतीजा है। वो पार्टी की हार से सदमे में हैं और अभी तक अपनी हार को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज जैसे बड़े नेताओं के हारने के कारण वो अकेलापन महसूस कर रहीं हैं और इसी कारण भाजपा पर उलजुलूल आरोप लगा रहीं हैं। आम आदमी पार्टी के 62 में से 13 विधायक विधानसभा का चुनाव हार गए हैं। इन सबके कारण आतिशी को यह सोचकर घबराहट हो रही है कि विधानसभा में जब आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार की कलई खुलेगी तो पार्टी की तरफ से वो कैसे सत्ता पक्ष के सदस्यों के सवालों का सामना कर पाएंगी।

## सदन में 'आप' के विधायक और सड़क पर संगठन करेगा जनता के हितों की रक्षा : राय



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सदन के अंदर आम आदमी पार्टी के विधायक और सड़क पर पार्टी का संगठन दिल्ली की जनता के हितों की रक्षा करेगा। हम भाजपा की हर जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे और दिल्लीवालों से किए सारे वादे पूरे करने के लिए उस पर दबाव बनाएंगे। यह बात सोमवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री और जिलाध्यक्षों के साथ अहम बैठक करने के बाद कही।

गोपाल राय ने बताया कि हमने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में हमने यह निर्णय लिया है कि संगठन पूरी ताकत के साथ दिल्ली की जनता के साथ खड़ा रहेगा। हम उनके साथ मिलकर उनका सहयोग करेंगे और अगर भाजपा किसी जन विरोधी नीति की तरफ बढ़ती है तो हम उसके खिलीफ आवाज उठाएंगे। हमारी सरकार ने जो काम किए, उसे हमारे प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक हमारा संगठन इन्हें सतर्क करके और इनके सामने हमेशा प्रश्न चिन्ह लेकर खड़ा रहेगा। ताकि भाजपा ने जनता से जो वादे किए हैं उसकी सरकार उन्हें पूरा करे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दिल्ली की सीईओ को राज्य स्तरीय पुरस्कार

# लोस, विस चुनाव में असाधारण कार्य करने वाले अधिकारियों को उपराज्यपाल ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लोकसभा (लोस) आम चुनाव 2024 और दिल्ली विधानसभा (विस) चुनाव 2025 के दौरान चुनावी प्रक्रिया में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित अधिकारियों को नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार, एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, एलजी के प्रधान सचिव आशीष कुंद्रा, प्रधान सचिव, गृह ए. अनबरसु, सीईओ आर. एलिस वाज और विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। समारोह में ये पुरस्कार कई श्रेणियों में दिए गए, जिनमें महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करना, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का प्रवर्तन, आईटी नवाचार, सोशल मीडिया निगरानी, चुनावी आउटरीच और मीडिया प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई। ये पुरस्कार चुनाव अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण हैं, जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने और एक सुचारू और कुशल चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में समग्र चुनाव संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आर एलिस वाज को लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रक्रियाओं के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष श्रेणी के पुरस्कारों में, राजेश कुमार (विशेष सीईओ) को वैधानिक प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सम्मानित किया गया, जबकि सचिन राणा, आईएएस (अतिरिक्त सीईओ) को आदर्श आचार संहिता लागू करने और सोशल मीडिया की निगरानी में उनकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, डी. कार्तिकेयन (अतिरिक्त सीईओ) को आईटी नवाचारों के लिए, मुकेश राजोरा (संयुक्त सीईओ) को चुनावी आउटरीच गतिविधियों के लिए और गौरव यादव (संयुक्त सीईओ) को मीडिया और एमसीएमसी प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया। नगर निकायों में दिल्ली नगर निगम में उपायुक्त व नोडल अधिकारी बी.पी. भारद्वाज को, नई दिल्ली नगर पालिका के सचिव तारिक थॉमस को और दिल्ली छावनी बोर्ड के सीईओ कपिल गोयल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रिटर्निंग अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), एसडीएम (चुनाव) आदि को प्रमाणपत्र और सील्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### इनको किया गया सम्मानित

सीईओ प्रशासन के अनुसार एसडीएम (चुनाव) के लिए पुरस्कार अलका चौधरी (दक्षिण-पश्चिम), धीरज शर्मा (पश्चिम), मधु भाटिया (पूर्व) और अनीता राणा (दक्षिण) को दिए गए। इसके अलावा, टी. मिसाओ, उप सीईओ, चुनाव संचालन को भी सीईओ, दिल्ली कार्यालय से सम्मानित किया गया।



# पर्यटक चख रहे दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी पकवानों का स्वाद

राजू का बाबूलाल राजस्थानी फूड स्टाल इस बार अपनी खास राजस्थानी थाली और पारंपरिक पकवानों की वजह से चर्चा में है। आगन्तुक दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर.सांगरी, प्याज की कचौड़ी, मूंग दाल के हलवे और राजस्थानी मिर्ची वड़ा जैसे व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विश्व प्रसिद्ध सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला हर साल देश-विदेश से आए शिल्पकारों, कलाकारों और खानपान विशेषज्ञों को खासा मंच प्रदान करता है। इस बार मेले के 38 वे संस्करण में राजस्थान के नागौर जिले से आए राजू अपने पारंपरिक व्यंजनों के साथ पर्यटकों को लुभा रहे हैं।

राजू का बाबूलाल राजस्थानी फूड स्टाल इस बार अपनी खास राजस्थानी थाली और पारंपरिक पकवानों की वजह से चर्चा में है। आगन्तुक दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी, प्याज की कचौड़ी, मूंग दाल के हलवे और राजस्थानी मिर्ची बड़ा जैसे व्यंजनों का



आनंद ले रहे हैं। इन व्यंजनों में जो खास स्वाद आ रहा हैए वह राजस्थान के मूल मसालों और पारंपरिक तरीकों से बनाए जाने की वजह से है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए विश्व में पहचान बना रहा मेला

*मेले में शिक्षण संस्थानों से लेकर देश.विदेश के कलाकारों को बेहतरीन सांस्कृतिक मंच भी प्रदान कर रहा है। मेले में जहां मुख्य चौपाल से शाम के समय विख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं वहीं बड़ी चौपाल पर विभिन्न देशों और राज्यों के लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी संस्कृति और विरासत से रूबरू करवा रहे हैं। छोटी चौपाल और नाट्यशाला में भी दिनभर मनमोहक सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित है। इनमें महा चौपाल पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में प्रख्यात कलाकार दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वहीं बड़ी चौपाल भी राज्यों और विदेशी कलाकारों की शानदार कार्यक्रमों से खूब सज रही है।*

### एक बार चख लिया तो बार-बार लौटकर आते हैं लोग

*राजू बताते हैं कि उन्होंने अपने गांव नागौर से खास मसाले, शुद्ध घी और बाजरे का आटा मंगवाया है, जिससे पकवानों में असली राजस्थानी स्वाद मिल सके। वे कहते हैं,राजस्थान का असली स्वाद वही महसूस कर सकता है जो हमारे मसालों, देशी घी और परंपरागत विधि से बनी थाली का आनंद ले। लोग यहां एक बार आते हैं और बार.बार लौटकर आते हैं।*

### भारत में बढ़ी है राजस्थानी भोजन की मांग

*पिछले कुछ वर्षों में राजस्थानी भोजन की मांग पूरे भारत में बढ़ी है। शहरी लोग भी अब पारंपरिक स्वाद को पसंद करने लगे हैं। मेले में आए विदेशी पर्यटक भी यहां के भोजन का आनंद ले रहे हैं। राजस्थानी व्यंजन सिर्फ खाने की चीजें नहीं हैं, बल्कि ये प्रदेश की संस्कृति, जलवायु और परंपराओं का हिस्सा हैं। नागौर, जो अपने मसालों, लहसुन-चटनी और शुद्ध देशी घी के लिए जाना जाता है, वहां के खाने में भी ये खासियतें देखने को मिलती हैं। मेला परिसर में जब भी किसी पर्यटक को भूख का अहसास होता है तो वे तुरन्त फूड व्यंजनों की स्टाल का रुख कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### वाहन चोरी के मामले में दो को किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को मुबारकपुर चौक, फर्रुखनगर से



गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जा से चोरी हुई एक बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि अज्ञात ने उसकी बाइक चोरी कर ली है। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं।

### सिगरेट देने से इनकार करने पर की मारपीट

**गाजियाबाद।** जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दुकानदार के भाई को कार से



घसीटा गया। वजह बेहद मामलू रही। आरोपियों ने सिगरेट ना देने पर दुकानदार के भाई के साथ पहले मारपीट की और फिर उसके बाद कार से रौंदकर फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया तो सबलोग देखकर हैरान हो गए।

### ट्रांसपोर्टर की मौत के बाद पत्नी से मांगी रंगदारी

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट के 8 मालवाहक वाहनों पर कब्जा करने और 50




लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। ट्रांसपोर्टर की पत्नी ने पांच साझेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि कुछ समय पहले पति का अपहरण हुआ था और बाद में उनका शव मिला। इसके बाद से उनके पार्टनरों ने गाड़ियों पर कब्जा कर लिया है।

### इंस्टाग्रामः दो दोस्तों ने महिला से किया गैंगरेप

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने कहा कि करीब 25 दिन पहले



इंस्टाग्राम के जरिए उसकी गजेंद्र व विकास से दोस्ती हुई थी। वह दोनों पर पूरी तरह भरोसा करने लगी। उसके पति का कोरोना कॉल में देहांत हो गया था। वह अपनी परेशानी दोनों से शेयर की। महिला का आरोप है कि दोनों ने उसे झांसे में लेकर गुरुग्राम बुलाया और उसके साथ रेप किया।

### अदालत के आदेशों की अवहेलना पर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पीओ स्टॉफ मुख्यालय ने अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर एक उद्घघोषित अपराधी



को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत के समक्ष पेश कर दिया। दरअसल, सदर थाना में दर्ज एक मामले में आरोपी जकरिया को अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर उद्घघोषित अपराधी घोषित किया था। पीओ स्टाफ मुख्यालय ने आरोपी जकरिया को गिरफ्तार कर लिया।

## संगम विहार, मरियम नगर, नंदग्राम में 100 बीघा से भी अधिक भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा

# भूमाफियाओं ने नगर निगम की 500 करोड़ रुपए की भूमि बेची, अब होगी एफआईआर

***महापौर सुनीता दयाल नंदग्राम स्थित** नगर निगम की भूमि को देखने नगर निगम के अधिकारियों के साथ पहुँची। जहां जाकर पता चला कि जिसमें खसरा नं. 207, 208, 172, 142, 167, 98, 95, 1082, 87, 88, 113, 117, 60 व 74 की भूमि भूमाफियाओं ने बेच दी और अब वहां मकान बने हुए है। कुछ भूमि पर सब्जी उग रही है कुछ भूमि किराए पर दी हुई है। कुछ भूमि में पार्किंग बनाकर वसूली की जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम की नंदग्राम स्थित करीब 100 बीघा जमीन को भू माफिया ने बेच डाला बाजार में इस भूमि की कीमत 500 करोड रुपए से ज्यादा है यह खुलासा महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को निरीक्षण के बाद किया उन्होंने इस संबंध में इस खेल में शामिल तमाम माफिया के खिलाफ फिर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं सती नगर निगम अधिकारियों को भी इस भूमि पर कब्जा लेने को कहा है। महापौर सुनीता दयाल नंदग्राम स्थित नगर निगम की भूमि को देखने नगर निगम के अधिकारियों के साथ पहुँची। जहां जाकर पता चला कि जिसमे खसरा न 207, 208, 172, 142, 167, 98, 95, 1082, 87, 88, 113, 117, 60 व 74 की भूमि भूमाफियाओं ने बेच दी और अब वहा मकान बने हुए है ।कुछ भूमि पर सब्जी उग रही है कुछ भूमि किराए पर दी हुई है। कुछ भूमि में पार्किंग बनाकर वसूली की जा रही है। कुछ भूमि में झुग्गी डलवा कर वसूली चल रही



महापौर ने निरीक्षण के बाद किया खुलासा

है। कुछ भूमि पर बाउंड्री कर प्लाटिंग का बोर्ड लगाया हुआ है। कुछ भूमि पर फसल उगा रखी है। महापौर ने बताया कि यह कुल भूमि लगभग 100 बीघा से अधिक होगी जिसकी कीमत लगभग 500 करोड़ से ज्यादा है। यह भूमि नंदग्राम से संगम विहार, राधा कुंज एवं सिहानी के जंगल की है। जिसमें मौके पर मकानों के कागज देखे तो पता चला कि रजिस्ट्री में कुछ खसरा है और कब्जा नगर निगम की भूमि पर दिया है और फिर मकान मालिकों ने ही भूमि बेचने वाले मुकेश त्यागी, अवधेश त्यागी, नंदू त्यागी, विनोद त्यागी, आर डी त्यागी, शिव कुमार त्यागी, धर्मपाल प्रजापति आदि के नाम बताए। महापौर ने तत्काल ही नंदग्राम थानाध्यक्ष को बुलवाया और कि यह सब गरीब है जिनको धोखाधड़ी से प्लॉट बेचे गए है । प्लॉट बेचे वालो के खिलाफ तहरीर दी जाए और एफआईआर हर हाल में होनी चाहिए।

### होस्टल खाली कराने को कहा गया

*महापौर ने बताया कि यह सभी भूमि को चिन्हित कर भूमि खाली कराने की कार्रवाई की जाएगी और भूमाफियाओं के खिलाफ पीड़ितों एवं नगर निगम द्वारा कार्रवाई भी की जाएगी। महापौर ने बताया कि कुछ माह पहले मरियम नगर में नगर नियम की 500 गज भूमि पर मकान बनाकर तैयार किया गया था जिसमें नगर निगम द्वारा 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर की गई थी और भवन की सील भी किया गया था। जिसमें मौके पर होस्टल चलता मिला और नगर निगम की सम्पत्ति लिखा गया था। उसको छुपा दिया गया।ज सिको महापौर ने मौके पर ही हटवा कर देखा और वीडियोग्राफी भी कराई और होस्टल संचालक को होस्टल खाली कराने को कहा गया था।*

## ईवीएम की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण पूरा

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्वः डीईओ




■ समर्पित सॉफ्टवेयर द्वारा रेंडेमाइजेशन किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में सभी एआरओ और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के मद्देनजर ईवीएम की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए ईवीएम के आवंटन के पहले चरण का रेंडेमाइजेशन किया गया है। निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार रेंडेमाइजेशन का उद्देश्य बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है, क्योंकि इस उद्देश्य के लिए समर्पित सॉफ्टवेयर द्वारा रेंडेमाइजेशन किया जा रहा है।

### रेंडेमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी दी

*रेंडेमाइजेशन से पहले डीआईओ विपिन गोयल ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को रेंडेमाइजेकशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। बैठक में जिला परिषद सीईओ सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडख़ल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, भाजपा से अश्विनी गुलाटी, आप पार्टी से नरेश सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।*

## हवाबाजी के लिए खरीदा असलहा

# अवैध हथियार के साथ 3 गिरफ्तार 3 देसी पिस्तौल व 4 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार सहित 3 आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने गौरव उर्फ चौटाला वासी गांव सेवली पलवल को सेक्टर-3 दानापानी पार्क से देसी पिस्तौल व 2 कारतूस सहित, कृष्णा उर्फ नानू वासी गांव सेवली पलवल को अम्बेडकर भवन सेक्टर-3 बल्लभगढ़ से देसी पिस्तौल व कारतूस सहित तथा बिट्टू उर्फ बाटूल वासी संजय कॉलोनी ओखला फेस-2 हाल सेक्टर-31 फरीदाबाद को लेजर वैली पार्क सूरजकुंड फरीदाबाद से देसी पिस्तौल व कारतूस सहित काबू किया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गौरव से पूछताछ में सामने आया कि देसी पिस्तौल को किसी व्यक्ति से



25000 रुपए में हवा बाजी के लिए खरीद कर लाया था। वहीं आरोपी कृष्णा किसी व्यक्ति से 20000 रुपए में शादी में फायर करने के लिए खरीद कर लाया था तथा आरोपी बिट्टू देसी पिस्तौल को 5 वर्ष पहले गांव आली बदरपुर दिल्ली में किसी अनजान व्यक्ति से 3000 रुपए में खरीद कर लाया था। अपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार बिट्टू पर दिल्ली में 4 मामले दर्ज है। तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## मंत्रियों, विधायकों की उपस्थिति में

# भाजपा मेयर प्रत्याशी ने नामांकन भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम की भाजपा मेयर प्रत्याशी श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने सोमवार को बहुत ही सादगी से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और विधायकों के साथ फरीदाबाद सेक्टर-12 स्थित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल, हरियाणा के खाद्य मंत्री राजेश नागर, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक धनेश अदलक्खा, सतीश फागना, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक चंदर भाटिया आदि



भाजपा नेता उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हम एकजुटता के साथ निगम चुनाव लड़ेंगे और इतिहास बनाएंगे। फरीदाबाद की जीत आज तक की सबसे बड़ी जीत होगी। भाजपा के 47 कमल खिलेंगे व मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी बड़े बहुमत से विजयी होंगी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार फरीदाबाद में बनने जा रही है।

### गाड़ी में गोवंश ले जाने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

*काउ प्रोटेक्शन सैल गुरुग्राम की टीम ने बीते शनिवार को केएमपी एक्सप्रेसवे पर गश्त के दौरान एक गाड़ी को दो बैल को बरामद किया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना आईएमटी मानेसर में बीएनएस, हरियाणा गोवंश संरक्षण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

## अद्भुत है राम बहादुर राय का व्यक्तित्व

# प्रभाष परंपरा न्यास व मेवाड़ शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पद्म भूषण राय का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से नवाज जाने के बाद वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रभाष परंपरा न्यास तथा मेवाड़ शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में हुआ।

कार्यक्रम में अच्युतानंद मिश्र ने कहा कि राम बहादुर राय वह शख्सियत हैं जिनमें राजनीतिक व सामाजिकता की भरपूर खूबियां हैं। उन्होंने कहा कि राय के बारे में कुछ कहना उनके व्यक्तित्व को छोटा करने जैसा है। भारत सरकार ने उन्हें जो पद्म भूषण से सम्मानित किया है, उनका व्यक्तित्व उससे कहीं बड़ा है। लेकिन हम लोगों को इस पर बेहद खुशी है और यह कार्यक्रम भी सम्मान समारोह नहीं बल्कि इस खुशी के अवसर पर एक तरह का गेट टू गेदर कार्यक्रम है।

### सहज-सरल व्यक्तित्व के धनी



*पूर्व सांसद डॉ. महेश चंद शर्मा ने राम बहादुर राय के व्यक्तित्व को अलग तरीके से परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि रामबहादुर राय का व्यक्तित्व वास्तव में ही अद्भुत है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में राय साहब कबीरदास और संत रामदास नजर आते हैं, तो प्रखरता के मामले में तुलसीदास के रूप में दिखते हैं। बनवारी जी ने कहा कि राय साहब के व्यक्तित्व में जो सहजता और सरलता है वह हर किसी में नहीं होती। कार्यक्रम में डॉ. गदिया ने भी रामबहादुर राय के बारे में अपने विचार रखते हुए कहा कि राम बहादुर राय का सम्मान हमारा सम्मान है। राय साहब का सम्मान पद्म भूषण के कहीं बड़ा है। राय साहब हमारे मार्गदर्शक हैं और आजीवन रहेंगे। पद्म भूषण रामबहादुर राय ने बहुत ही संक्षिप्त उद्बोधन में आयोजकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मेवाड़ की निदेशिका डॉक्टर अलका अग्रवाल ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा ने किया।*

# देश भर से 70.3 करोड़ की साइबर ठगी करने पर 14 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश भर से 70.03 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस थाना की अलग-अलग टीम ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर लोगों से धोखाधाड़ी करके, निवेश के नाम पर फ्रॉड और टास्क बेस्ड फ्रॉड से धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने आरोपियों से 10 मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और एक सिम प्रोवाइड मशीन बरामद की हैं। एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि गुरुग्राम के साइबर क्राइम पुलिस थानों की पुलिस टीमों ने 14 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम मानेसर थाना पुलिस ने आरोपी बालचंद, वसीम व आतिफ हुसैन को गिरफ्तार




किया था। जबकि साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस ने विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। वहीं साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने यतिन, राहुल, मुनेश, नियोल बनिक, लोकेश कुमार मीणा, नीरज बलिया, हेमंत शर्मा व हरमंदीप सिंह रंधावा, अंकित कुमार पटेल, अमन कुमार झा उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया। एसीपी ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस की जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर लोगों से धोखाधाड़ी करके, निवेश के नाम पर फ्रॉड और टास्क बेस्ड फ्रॉड से धोखाधड़ी करते थे। आरोपियों से बरामद 10 मोबाइल व तीन सिम कार्ड का इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से जांच कराने पर पता चला कि इनके खिलाफ देशभर में लगभग 70.03 करोड़ रुपयों की ठगी की है। आरोपियों के खिलाफ 18477 शिकायतें और 774 केस दर्ज हैं। जिनमें से 33 मामले हरियाणा में हैं। इनमें थाना साइबर क्राइम ईस्ट, गुरुग्राम में छह मामले, थाना साइबर क्राइम साउथ, गुरुग्राम में एक केस और थाना साइबर क्राइम मानेसर में एक केस दर्ज है। सभी आरोपी बीते दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में गिरफ्तार किए गए हैं।

## जिला स्वास्थ्य विभाग और गुरुग्राम पुलिस संयुक्त रूप से कर रही कार्रवाई

# ऑनलाइन एमटीपी किट मामले में तीसरी एफआईआर दर्ज

■ पुलिस ने सत्यम त्रिपाठी व विपुल त्यागी को किया गिरफ्तार

■ अब सेक्टर-40 थाना में तीसरी एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

एमटीपी किट (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी) की ऑनलाइन सप्लाई मामले में सेक्टर-40 में तीसरी एफआईआर दर्ज हुई है। जिला स्वास्थ्य विभाग और गुरुग्राम पुलिस संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही है। इस मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ऑनलाइन एमटीपी किट (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी) सप्लाई करने वालों को खोज रही है।

इस मामले में अब बिहार से ऑनलाइन एमटीपी किट सप्लाई होने की जानकारी है। एमटीपी किट ऑनलाइन सप्लाई मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों अपूर्व उपाध्याय, सत्यम




त्रिपाठी व विपुल त्यागी को ज्यूडिशियल कस्टडी में जेल भेजा जा चुका है। तीनों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में कई खुलासे किए हैं, उसी आधार पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि सात फरवरी को स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि गुरुग्राम में एमटीपी किट (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी) की अवैध रूप से ऑनलाइन सप्लाई की जा रही है। बीते बुधवार को उत्तर प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से हरियाणा में एमटीपी किट की ऑनलाइन सप्लाई होने का भंडाफोड़ हुआ था। एमटीपी एक्ट के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुमित धनखड़ ने एमटीपी किट की अवैध ऑनलाइन बिक्री की जांच की जिम्मेदारी ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी गुरुग्राम-1 अमनदीप चौहान को सौंपी थी। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एमटीपी किट सप्लाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वयं ही ऑनलाइन किट मंगवाई थी। इसके बाद सबूतों के साथ उत्तर प्रदेश के बंदायू से आरोपी अपूर्व उपाध्याय (वेबसाइट मालिक) को और गाजियाबाद से दो आरोपियों सत्यम त्रिपाठी व विपुल त्यागी को गिरफ्तार करके पूछताछ की गई थी। तीनों आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-40 थाना में संबंधित धाराओं के तहत दो एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं, अब सेक्टर-40 थाना में तीसरी एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई कर रही है।

## खबर संक्षेप

### रायबरेली आएंगे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी



**रायबरेली।** सांसद राहुल गांधी का संभावित दौरा 20 फरवरी से है। नगर पालिका चेयरमैन ने शहर के विकास को लेकर एजेंडा तैयार किया है जिस पर वह राहुल गांधी से बात करेंगे। सिटी रिसोर्स सेंटर को चालू कराने के लिए पूरा जोर लगाया जाएगा। साथ ही सांसद में इस मुद्दे को लोकसभा में उठाने पर बात हो सकती है। साथ ही नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज खोले जाने की बात हो कसती है।

### गुमशुदा अजगर की तलाश को लगा पोस्टर



**मेरठ।** मेरठ की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे का साइबर कुत्ता गायब हुआ तो हड़कंप मची थी। अब अजगर के गायब होने का मामला सामने आया है। लोग हैरान इस बात से हैं कि अजगर के गुमशुदा होने का पोस्टर जगह जगह लगाया गया है। अजगर का पता बताने वाले को इनाम की भी घोषणा की गई है। कहा गया है कि जो भी अजगर के बारे में जानकारी देगा, उसे 1100 रुपए इनाम दिया जाएगा।

### धर्मात्मा का पोस्टमार्टम जेपी समेत 4 पर केस



**लखनऊ।** फेसबुक पोस्ट के सुसाइड करने वाले निषाद पार्टी के पूर्व पदाधिकारी धर्मात्मा निषाद का पोस्टमार्टम कराया गया। मौत के मामले में पनियरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर 4 में से नामजद जयप्रकाश निषाद व 3 के खिलाफ आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में केस दर्ज किया है। अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद व उनके दो पुत्रों का नाम नहीं है।

# बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष से मांगा सदन चलाने में सहयोग

*बजट सत्र से पहले लखनऊ में परंपराओं को निभाते हुए सर्वदलीय बैठक का आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों से सदन को चलाने में सहयोग मांगा।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष को जनहित के मुद्दों को सदन में रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ चर्चा से प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सरकार की मदद करें। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें।

**विकास को गति प्रदान करने में मदद मांगा**

### ... ताकि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं



विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। नेता सदन योगी आदत्यिनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारू रूप से चर्चा होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वत्ति मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से विनोद सरोज आदि मौजूद रहे।

### सत्र में कुंभ मेले के असर की गूंज सुनी जाएगी

*माना जा रहा है कि यूपी विधानसभा सत्र में कुंभ मेले के असर की गूंज सुनी जाएगी। राज्यपाल के अभिभाषण में तो इसकी छाप दिखेगी। इसके साथ ही पूरी योगी सरकार दुनिया भर में चर्चा में आए कुंभ के आयोजन के बाबत चर्चा करेगी। चाहे बजट भाषण पर चर्चा हो या राज्यपाल के अभिभाषण पर। मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी प्रयागराज कुम्भ मेले व दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसों को लेकर केंद्र व यूपी सरकार को घेरने की तैयारी में है।*

### कुंभ मेले के कामयाब आयोजन को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव

*महाकुम्भ 26 फरवरी को शिवरात्रि तक चलना है। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद सरकार कुम्भ मेले के कामयाब आयोजन को लेकर विधानसभा में प्रस्ताव भी ला सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि महाकुम्भ के आयोजन से राज्य की आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं और जीडीपी में इजाफा होगा।*

### अखिलेश पार्टी को हादसे को उठाने के देंगे निर्देश

*महाकुम्भ में तमाम गड़बड़ियों व हादसे को लेकर अखिलेश यादव लगातार सरकार पर निशाना साधते आए हैं। वह संसद में यह मुद्दा उठा चुके हैं और अब दिल्ली में हुए हादसे को लेकर पार्टी संसद व विधानसभा में जोरदार हंगामें की तैयारी में है। सपा विधानमंडल दल की बैठक सोमवार को बुलाई गई है। साल के पहले सत्र का आगाज राज्यपाल के अभिभाषण से होता है। इस बार राज्यपाल के अभिभाषण में कुम्भ मेले में करोड़ों लोगों के स्नान व विश्व भर में चर्चा व श्रद्धालुओं के लिए यूपी सरकार द्वारा तैयारियों व बेहतर प्रबंधन का भी जिक्र होगा।*

**150 से ज्यादा के खिलाफ एफआईआर दर्ज | दो समुदाय के बीच जमकर चले ईंट-पत्थर**

# बिहार के जमुई में धार्मिक जुलूस के दौरान हिंसक झड़प, 18 फरवरी तक इंटरनेट बंद

*जमुई एसपी के कार्यालय की तरफ से सोमवार को जारी एक बयान के मुताबिक जमुई जिले में स्थित झाझा थाना क्षेत्र के गांव बलियाडीह में रविवार को जब एक समुदाय के लोग हनुमान चालीसा का पाठ कर वापस लौट रहे थे। तभी दूसरे समुदाय के लोगों ने ईंट-पत्थर, लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इसमें नगर परिषद के उपाध्यक्ष नीतीश कुमार तथा दो अन्य लोग घायल हो गए।*

एजेंसी ▶▶ जमुई

बिहार के जमुई जिले के झाझा में धार्मिक जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने जिले में इंटरनेट सेवाएं 18 फरवरी तक बंद कर दिया है। इस झड़प में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 50-60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जमुई की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि झड़प के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव किया, लेकिन पुलिस ने तुरंत स्थिति पर काबू पा लिया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए झाझा में पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया। इस घटना में ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी जारी रहेगी और हालात अब पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

**हालत खतरे से बाहर 9 लोग गिरफ्तार**

### असामाजिक तत्व कर सकते हैं गलत इस्तेमाल



असामाजिक तत्व इंटरनेट बंद होने से फेसबुक, ट्विटर, वाटसएप, वीचैट, गूगल, स्काइप, स्नैपचैट, टेलीग्राम, यूट्यूब के साथ-साथ अन्य सोशल नेटवर्किंग साइट्स जैसी सेवाएं प्रभावित रहेंगी। सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उपलब्ध इनपुट और जमुई के डीएम और एसपी द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, जमुई में कुछ असामाजिक तत्व इंटरनेट माध्यम का उपयोग आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए कर सकते हैं ताकि आम जनता के बीच अफवाह और असंतोष फैलाया जा सके। पुलिस ने बताया कि यह घटना झाझा के बलियाडीह गांव में उस समय घटी जब असामाजिक तत्वों ने एबीवीपी और हिंदू स्वाभिमान संगठन के नेतृत्व में निकाले जा रहे जुलूस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और उस समय पथराव किया जब कुछ श्रद्धालु हनुमान मंदिर से लौट रहे थे। इस संबंध में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं जिनमें से एक में 41 नामजद तथा 50 से 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरी एफआईआर में आठ नामजद तथा 50 से 60 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। बयान में कहा गया कि मामले में कुछ 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि झाझा तथा जमुई में दोनों पक्षों के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक की गई है। सोमवार को शांति तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला। बयान के अनुसार सोशल मीडिया पर अफवाह न फैले इसके लिए इंटरनेट सेवा तत्काल बंद कर दी गई।

**नए स्मार्ट रोड का प्रस्ताव सीएम को भेजा**

# रांची को मिलेंगी चार स्मार्ट रोड, इनमें एक हो चुकी तैयार

एजेंसी ▶▶ रांची



राजधानी रांची में बहुत जल्द चार स्मार्ट सड़कें होंगी। बिरसा चौक से प्रोजेक्ट भवन के बीच 4.5 किलोमीटर लंबा स्मार्ट रोड बन गया है। इसके अलावा तीन और नए स्मार्ट रोड का प्रस्ताव पथ निर्माण विभाग ने तैयार करके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया है। मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इन सड़कों के निर्माण की दिशा में विभाग आगे बढ़ेगा। तीन नई स्मार्ट सड़कों में रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार से एयरपोर्ट तक, विवेकानंद स्कूल चौक से नया सराय (लिंक टू रिंग रोड) और जगन्नाथपुर मंदिर से विधानसभा के चारों पेरिफेरल रोड को लिंक करते हुए डीएवी पुंदाग तक बनेगी।

### 300 करोड़ में बनेगी स्मार्ट रोड

रांची रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर प्रवेश द्वार से एयरपोर्ट तक फोर लेन स्मार्ट रोड बनेगा। यह लगभग छह किलोमीटर लंबा होगा। इसे बनाने में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस सड़क के बनने से रांची रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट के बीच एक नई फोरलेन कनेक्टिविटी राजधानी को मिलेगी। इस सड़क के बन जाने से स्टेशन और एयरपोर्ट के बीच की दूरी पांच मिनट में तय की जा सकेगी।

### दोनों किनारे दो-दो लेन का सर्विस रोड

रिंग रोड को राजधानी से जोड़ने के लिए रांची में एक स्मार्ट रोड बनेगी। धुर्वा में विवेकानंद स्कूल चौक से लेकर नयासराय में रिंग रोड के लिंक पथ तक बनने वाली इस 8.3 किलोमीटर 6 लेन स्मार्ट रोड के निर्माण में अनुमानित 300 करोड़ खर्च होंगे। इसका मुख्य मार्ग छह लेन का होगा, जिस पर वीवीआईपी, वीआईपी सहित अन्य वाहनों का परिचालन होगा। वहीं, दोनों किनारे दो-दो लेन का सर्विस रोड होगा, जिस पर अलग-अलग इलाके से आने वाले वाहनों का प्रवेश होगा। प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार ने कहा कि सड़कों को आधुनिक और स्मार्ट बनाया जाएगा। इन परियोजनाओं को रांची के नागरिकों के लिए बेहतर यातायात और सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन की गईं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्मार्ट सड़कों का प्रस्ताव बनाकर उन्हें सौंप दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### भारत पहुंचे कतर...

की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। मंगलवार को उनकी पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही वार्ता में क्षेत्रीय और वैश्विक चिंताओं से जुड़े मुद्दों पर बातचीत के साथ ही कुछ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर भी मौजूद रहे। उन्होंने भी कतर के अमीर से मुलाकात की। हवाई अड्डे पर भारत की तरफ से शेख थानी के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। जिनका हवाई अड्डे पर कतर के अमीर ने प्रसन्नता के साथ जायजा लिया।

### विदेश मंत्री ने की...

उनकी भारत यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह कतर की ओर प्रस्थान करेंगे।

### इस क्षेत्र में भूकंप का...

मटेरियल हेट्रोजेनिटी' के कारण हुआ था, जो स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों को दर्शाता है।

**पीएम ने की शांति की अपील:** दिल्ली एनसीआर में तेज भूकंप के झटकों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली और आस-पास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने और संभावित झटकों के लिए सतर्क रहने की अपील। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

### ज्ञानेश कुमार होंगे...

नियुक्ति के लिए एक सेलेक्शन कमेटी द्वारा नाम तय किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सोमवार शाम को एक बैठक की गई। इस बैठक में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे। कुमार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। इस कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए गठित समिति में मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर गृह मंत्री को शामिल किया गया है।

### कांग्रेस ले गई सुप्रीम कोर्ट....

राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ उच्चस्तरीय बैठक में शरीक हुए। तीनों नेताओं को मिलकर राजीव कुमार के बाद नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए पैनल में शामिल नामों में से एक नाम पर सर्व-सहमति बनाना था, लेकिन राहुल गांधी ने इस बात की वकालत किया कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। सुप्रीम कोर्ट ने 22 फरवरी सुनवाई के लिए मुकर्रर भी किया है ऐसे में नये मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में जल्दबाजी उचित नहीं। राहुल गांधी चाहते थे कि नियुक्ति के लिए बुलाई गई बैठक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तक स्थगित रखी जाए। मामला बना नहीं तो राहुल गांधी ने बैठक की नोट-शीट पर 'डीसेंट-नोट' लिखा और बैठक से बाहर आ गये। जब कि ऐसे मामलों में विशेषज्ञों का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट ने जब किसी भी तरह के चयन, नियुक्ति पर रोक नहीं लगाया है तो ऐसे में राहुल गांधी का बतौर लोकसभा में विपक्ष के नेता नये मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति पर रोक लगाये रखने की मांग अनुचित है। ये बात अलग है कि कांग्रेस पार्टी की लीगल टीम ने राहुल गांधी के कदम को उचित करार दिया है। कांग्रेस पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर त्वरित निर्णय आने से पहले ऐसी किसी भी बैठक से परहेज किया ही चाहिए। आमतौर पर राष्ट्रपति मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में ऐसे नामों पर विचार करते रहे हैं जो निर्वाचन आयुक्तों में वरिष्ठताक्रम में ऊपर हो, इस रीति नीति के अनुसार निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का नाम मुख्य निर्वाचन आयुक्त के लिए तय माना गया है।

### नेपाल सरकार ने ...

को नेपाल के सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही उन्हें 17 फरवरी को तत्काल विश्वविद्यालय परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया।

### अजरबैजान के बाकू ...

शांति-निर्माण प्रयासों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडल जलवायु परिवर्तन, व्यापार संबंध, सुरक्षा चिंताओं और डिजिटल परिवर्तन सहित महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### क्षेत्रीय साझेदारी...

क्षेत्रीय मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण की वकालत करने पर चर्चा करने की उम्मीद है। भारत एपीए का एक सक्रिय सदस्य बना हुआ है, जो एशियाई क्षेत्र के भीतर अधिक एकीकरण और सहयोग की दिशा में काम कर रहा है। 15वां पूर्ण सत्र बहुपक्षीय संसदीय संबंधों को और मजबूत करने और अधिक समृद्ध और शांतिपूर्ण एशिया के लिए साझा आकांक्षाओं को मजबूत करने के लिए तैयार है।

### शिवराज ने किसानों ...

लाख हेक्टेयर में इस बार हुई है जोकि गत वर्ष 40.59 लाख हेक्टेयर में थी। इसी तरह, दलहन का रबी सीजन का बुआई क्षेत्र इस वर्ष 140.89 लाख हेक्टेयर रहा है जबकि गत वर्ष यह 137.80 लाख हेक्टेयर में था। तिलहन की फसलों की बुआई इस वर्ष 97.47 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई, जो गत वर्ष 99.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र था, कमी वाला यह क्षेत्र अन्य फसलों-गेहूं व चना में डायवर्ट हुआ बताया है। रबी मौसम के लिए 14 फरवरी 2025 की स्थिति में, प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज व आलू की बुआई गत वर्ष से क्रमशः 1.52 लाख हेक्टेयर एवं 0.32 लाख हेक्टेयर ज्यादा है जबकि टमाटर की बुआई भी गत वर्ष की तरह सामान्य है। देश में रबी का कुल बोया गया सामान्य क्षेत्र प्याज के लिए 11.37 लाख हेक्टेयर, आलू के लिए 21.47 लाख हेक्टेयर और टमाटर के लिए 5.80 लाख हेक्टेयर था। चालू रबी सीजन में टमाटर और प्याज की बुआई सुचारू रूप से चल रही है। तीनों फसलों के लिए बुआई का समय अभी उपलब्ध है और मौजूदा अच्छी बाजार कीमतों को देखते हुए, सामान्य क्षेत्र हासिल करने की उम्मीद है। इसी तरह, ग्रीष्मकालीन बुआई क्षेत्र की प्रगति जारी है जो 14 फरवरी 2025 की स्थिति के अनुसार कुल फसल क्षेत्र 15.232 लाख हेक्टेयर है। इसमें मुख्यतः धान की बुआई इस वर्ष 14.167 लाख हेक्टेयर 14 फरवरी तक हुई है, जो कि गत वर्ष से 0.360 लाख हेक्टेयर अधिक है। चौहान ने विभिन्न राज्यों में मौसम की ताजा व संभावित तथा जलाशयों की स्थिति एवं विभिन्न उपज के थोक व खेरची मूल्य की स्थिति की जानकारी लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि तापमान व जलाशयों की स्थिति के अनुसार, आगामी गेहूं व सरसों की उपज अच्छी होने की उम्मीद है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसानों के हितों को सदैव सुर्वोपरि रखना चाहिए।

### मैरी कॉम, अवनि और ...

है। जिसके जरिए लक्ष्य का निर्धारण करके तनाव को आसानी से संभाला जा सकता है। मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा का आगाज करते हुए राजधानी के सुंदर नर्सरी में देश भर से चुने गए 36 स्कूली छात्रों से संवाद किया था। इस वर्ष इसका आठवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नयापन लाने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न हस्तियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा करने के लिए 8 एपिसोड प्रसारित किए जा रहे हैं।

**सही कौशल से बढ़ाएं आत्मविश्वासः अवनिः** अवनि ने छात्रों को कौशल विकास की उपयोगिता समझाते हुए बताया कि इसकी मदद से कैसे अच्छे कौशल के साथ आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए डर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को भी समान रूप से महत्व दिया जाना चाहिए। आत्मविश्वास बढ़ाने में इसका बहुत बड़ा योगदान है। अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले पर्याप्त नींद लेना जरूरी है। सत्र के दौरान छात्रों ने अभिभावकों से संबंधित कुछ प्रश्न किए। जिसमें अपनी पसंद के करियर विकल्प चुनने, चुनौतियों से निपटने के लिए साहस विकसित करने और विषय पर ध्यान केंद्रित करने जैसे मुद्दे उठाए। दुबई और कतर से भी छात्रों ने इस आयोजन में भाग लिया।

### बॉक्सिंग को बनाया...

सकते हैं। मैरीकॉम ने कहा, मैंने अपने आप को साबित किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं कई बार विश्व चैंपियन बनीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह को याद करते हुए छात्रों से कहा कि अपने भविष्य निर्माता स्वयं बनो। अपनी दो दशकीय यात्रा में मैंने एक बेटी, पत्नी और मां की भूमिकाओं को बखूबी निभाया। मैरीकॉम ने छात्रों को जोर देते हुए उनकी स्कूली शिक्षा की यात्रा में कठिन परिश्रम और लगन को सफलता के दो महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। हर क्षेत्र कठिन है, कोई शॉर्टकट नहीं होता है। आपको मेहनत करनी होती है। अगर मैं मेहनत कर सकती हूं तो आप क्यों नहीं।

### डर को दूर भगाओ...

की। इसके अलावा सकारात्मक ऊर्जा के लिए संगीत की मदद लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सकारात्मकता से ही दिमाग में अच्छे विचार आते हैं। विचारों पर ध्यान देना इसलिए आवश्यक है क्योंकि ये ही हमारे भविष्य को आकार देते हैं। मैंने छह मैच जीते और चीन में स्वर्ण पदक जीतने वाला पहला गैर-वरीय खिलाड़ी बना। हार के डर और सामने कौन है उसके बारे में सोच-विचार किए बिना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो।

**नीतीश पर प्रशांत किशोर का तंज**

# समीकरण बैठाने में व्यस्त हैं, बिहार के विकास की बात नहीं करते सीएम

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर रविवार को दिल्ली गए। नीतीश कुमार अपने सुरक्षा अधिकारी विक्रम प्रवीर की बेटी की शादी में भाग लेने बेटे निशांत और राज्यसभा सांसद सह जेडीयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा के साथ गए। लेकिन सीएम की दिल्ली यात्रा पर राजनीति तेज हो गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव के बाद जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने इस पर तंज कसा है।

उन्होंने कहा है कि समीकरण बैठाने में व्यस्त हैं। बिहार के विकास की बात भी नहीं भी नहीं कर रहे। प्रशांत किशोर ने तंज सकते हुए कहा कि नीतीश कुमार अब बिहार की सत्ता से हटने का नाम नहीं ले रहे हैं और भाजपा भी उन्हें हटाने में समर्थ नहीं है। नीतीश कुमार सत्ता की कुर्सी पर बैठाकर रखना भारतीय जनता पार्टी की मजबूरी है। इसकी वजह यह है कि भाजपा दिल्ली में अपनी सरकार बचाना चाहती है, तो उसे नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाए रखना होगा। नीतीश कुमार जबतक कुर्सी पर हैं तबतक बिहार भाजपा के हाथों में नहीं आएगा। लेकिन बिहार की जनता नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के लिए कमर कस कर बैठी है। प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की जनता उनके कामकाज से नाखुश है और यह असंतोष अगले चुनावों में साफ दिखाई देगा। प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार केवल राजनीतिक समीकरण बिठाने में लगे हैं, जबकि बिहार में विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।

**बिहार की जनता नीतीश से नाखुश**

# दिल्ली चुनाव के परिणामों से पार्टी कार्यकर्ता निराश न हो आंबेडकरवादी संघर्ष को जारी रखें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



बसपा की अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से निराश न हों और पूरे जोर-शोर से आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखें। बसपा प्रमुख ने कहा कि दिल्ली चुनाव भी दो पार्टियों के बीच ज्यादातर राजनीतिक द्वेष व चुनावी छलावा ही बनकर रह गया, जिसके चलते वहां के बहुजनों की स्थिति सुधरने वाली नहीं लगती है। मायावती ने सोमवार को दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की। साथ ही दिल्ली व अन्य पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में आगे के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### अपना हक़ पाने के लिए कार्यकर्ताओं को इंतजार करना होगा

*मायावती ने कहा-हरियाणा की तरह, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी भाजपा और आम आदमी पार्टी की जबरदस्त राजनीतिक चालबाजी व जुमलेबाजी हावी रही और इस कारण बसपा को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका।' उन्होंने कहा कि पार्टी के लोगों को इससे निराश न होकर आंबेडकरवादी संघर्ष पूरे तन, मन, धन से जारी रखना है। उन्होंने कहा की भाजपा के सत्ता में आने से अब अपना हक़ पाने के लिए इन्तजार करना होगा। उन्होंने हर साल की तरह 15 मार्च को कांशीराम जयंती मंडलो में मनाने का निर्देश दिया।*

**अफसरों ने डाला डेरा, कई जगह कराई बोरिंग**

# बदायूं में कच्चे तेल की तलाश, अभी तक कामयाबी नहीं

एजेंसी ▶▶ बदायूं

यूपी के बदायूं जिले में कच्चे तेल होने की संभावना के चलते अल्फाजियो (इंडिया) लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों ने उघैती क्षेत्र में डेरा जमाया हुआ है। कंपनी के कर्मचारियों ने रघुनाथपुर पीपरी गांव के पास एक खेत में बोरिंग कराकर तेल तलाशने की कोशिश की। चार दिन पहले भी गांव में एक दूसरे स्थान पर बोरिंग की गई थी। इससे पहले भी गांव में ही अक अन्य स्थान पर बोरिंग हो चुकी है। हालांकि अभी तक कामयाबी हाथ नहीं लग सकी है। वहीं, जिले में कच्चे तेल का भंडार होने की अटकलें भी फिर से शुरू हो गई हैं।

अल्फाजियो (इंडिया) लिमिटेड कंपनी को जिले में जहां-जहां कच्चा तेल होने के संकेत मिल रहे हैं, वह वहां-वहां वैज्ञानिक विधि से बोरिंग करा रही है। कच्चा तेल होने की पुष्टि के बाद इस दिशा में कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। उघैती क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पीपरी में कंपनी के कर्मियों ने तिपाई लगाकर बोरिंग कराई गई।

### कुछ दूरी पर जीपीएस लगाया जाएगा



कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उघैती के अलग-अलग स्थानों पर बोरिंग और अन्य वैज्ञानिक विधियों से कच्चे तेल की खोज कर रहे हैं। जिन स्थानों पर तेल होने के अंश प्राप्त हुए हैं, वहां पर तिपाई लगाकर बोरिंग कराई जा रही है। इसके बाद कुछ दूरी पर जीपीएस लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि शूटर मशीन से जमीन के अंदर ब्लास्ट किया जाएगा, जिसकी रीडिंग जीपीएस से ली जाएगी। गणना के बाद ही तेल के भंडार होने के बारे में पता चल सकेगा। बताया जा रहा है कि उद्यैती क्षेत्र में कुछ स्थानों पर निकाले गए पानी में कच्चे तेल के अंश मिले हैं।

### 5 फरवरी को मिले थे कच्चे तेल के संकेत

*पांच फरवरी को कंपनी की टीम उघैती के गांव टिटोली पहुंची थी। जहां पूर्व में भी कच्चे तेल के संकेत मिले थे। जिसके चलते करीब 500 फीट से अधिक गहराई की बोरिंग कराई गई। पानी निकालकर नमूना लिया गया था। वहीं, इलाके में एक बार फिर से कच्चा तेल होने की अटकलें शुरू हो गई हैं।*

हरिभूमि
# सहेली



अपने आपको अंडर-एस्टिमेट करना या कहें कमतर आंकने का मतलब है, आपमें सेल्फ-एस्टीम की कमी है। इसका असर आपकी पर्सनल लाइफ में आपके रिश्तों पर, प्रोफेशनल लाइफ में आपकी प्रोग्रेस पर और मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। मेंटल हेल्थ बिगड़ने से तो जीवन में दूसरी बहुत-सी रुकावटें, समस्याएं जन्म लेती हैं। आप कैसे पहचानें कि लो सेल्फ एस्टीम की शिकार हैं, इससे कैसे जल्द से जल्द उबर कर आप अपना स्वस्थ, सफल और सुखी जीवन जिएं। आपके लिए बहुत ही जरूरी सलाह।

## कहीं आप सेल्फ-एस्टीम की कमी के शिकार तो नहीं

कवर स्टोरी
ललिता गोयल

क्या आप खुद को नापसंद करती हैं, दूसरों से कम समझती हैं, हमेशा किसी न किसी बात के लिए खुद को कोसती रहती हैं, अपने आप पर विश्वास नहीं करतीं, खुलकर अपनी तारीफ स्वीकार नहीं कर पातीं, हर गलत बात के लिए अपने आपको दोषी ठहराती हैं, आपको कोई भी काम ठीक से न कर पाने की चिंता सताती रहती है? अगर ऐसा है तो ये बातें यह दर्शाती हैं कि आप खुद को कम समझती हैं, आपमें सेल्फ-एस्टीम यानी आत्म-सम्मान की कमी है।

### क्या है सेल्फ-एस्टीम

सेल्फ-एस्टीम या आत्म-सम्मान ऐसी भावना है, जो किसी भी व्यक्ति को उसकी अहमियत का अहसास कराती है। जब हम खुद को समझते हैं, अपनी खूबियों को पहचानते हैं, तब हम खुद को वैल्यू देते हैं। खुद को समझकर और वैल्यू देकर जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं। एक कामयाब इंसान बनते हैं।

### जीवन में सेल्फ-एस्टीम का होता है बहुत महत्व

किसी भी व्यक्ति में सेल्फ-एस्टीम का होना या न होना, उसकी मेंटल हेल्थ, रिलेशनशिप और प्रोफेशनल ग्रोथ पर गहरा असर डालता है। जिन लोगों में लो सेल्फ-एस्टीम होता है, वे अपनी असफलताओं पर अधिक ध्यान देते हैं और अपनी सफलताओं को नजर-अंदाज करते हैं। इससे उनमें डिप्रेशन और एंग्जाइटी की प्रॉब्लम हो सकती है। सेल्फ-एस्टीम मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाती है। तनाव दूर करती है। जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम होता है, वे किसी से बात करने और उनकी मदद लेने में सहज होते हैं। लो सेल्फ-एस्टीम होने पर वे समाज से कट सकते हैं, जबकि बेहतर सेल्फ-एस्टीम की वजह से वे खुलकर अपनी बात कहते हुए मजबूत रिश्ते बना सकते हैं।

### लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान

सेल्फ-एस्टीम की कमी होने के कारण व्यक्ति अपने किसी भी काम को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं होता है। उसके लिए अपनी जिंदगी के बड़े फैसले लेने में मुश्किलें आती हैं। ऐसे लोग खुद को किसी लायक नहीं मानते, इसी कारण अपनी स्किल्स पर भी काम नहीं कर पाते हैं। कई बार तो कुछ लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता कि उनमें सेल्फ-एस्टीम की कमी हो रही है।

### सेल्फ-एस्टीम की कमी के लक्षण

सेल्फ-एस्टीम के लाभ और लो सेल्फ-एस्टीम के नुकसान को जानने के बाद यह जानना भी जरूरी है कि सेल्फ-एस्टीम की कमी होने पर कौन-कौन से लक्षण दिखाई देते हैं।

**खुद को लेकर नेगेटिव रहना:** जिन लोगों में सेल्फ-एस्टीम की कमी होती है, ऐसे लोग ज्यादातर खुद को लेकर नेगेटिव ही रहते हैं। ऐसे लोग खुद को हमेशा किसी न किसी चीज के लिए कोसते रहते हैं। इन्हें हमेशा लग रहा होता है कि इनकी लाइफ में कुछ भी बेहतर नहीं होता है। ऐसे व्यक्ति अपनी जिंदगी को ज्यादा मुश्किल बना लेते हैं, अपना कॉन्फिडेंस खोने लगते हैं।



**कॉन्फिडेंस की कमी होना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी के कारण लोग अपना आत्म-सम्मान खोने लगते हैं। उनके लिए अपने जीवन के छोटे-बड़े फैसले कर पाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे व्यक्ति दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और कोई भी काम खुद करने की कोशिश नहीं करते हैं।



**तारीफ स्वीकार न कर पाना:** सेल्फ-एस्टीम की कमी वाले लोग हमेशा खुद को दूसरों से कम ही समझते हैं। ऐसे में अगर कोई उनकी तारीफ भी करता है, तो उन्हें लगता है कि तारीफ करने वाला उनकी चापलूसी कर रहा है, वे उस तरह के लायक नहीं है और उनके लिए अपनी तारीफ स्वीकार कर पाना काफी मुश्किल हो जाता है।

**दूसरों को इंप्रेस करते रहना:** दूसरों की किसी क्वालिटी या काम की तारीफ करना अच्छी बात है। लेकिन दूसरों को इंप्रेस करने की कोशिश में सामने वाले की हर बात की तारीफ करना भी सेल्फ-एस्टीम की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में व्यक्ति दूसरों को खुद से बेहतर दिखा रहा होता है और न चाहते हुए भी खुद को दूसरों से कम मानने लगता है। ऐसे में व्यक्ति अपनी तुलना हमेशा दूसरों से करता रहता है, जो उसका कॉन्फिडेंस कम होने का कारण भी बन सकता है। सेल्फ-एस्टीम की कमी होने से मानसिक स्वास्थ्य और आपसी रिश्तों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। धीरे-धीरे आप अपने सेल्फ-एस्टीम को बढ़ा सकती हैं। छोटे-छोटे बदलाव और कुछ आसान कदमों से आप फिर से सेल्फ-एस्टीम की भावना महसूस कर सकती हैं।

### सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के उपाय

लंबे समय तक लो सेल्फ-एस्टीम का शिकार होना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है, इससे जल्द से जल्द उबरना चाहिए। अपना सेल्फ-एस्टीम बढ़ाने के लिए क्या उपाय अपनाएं, जानें-

**खुद को दें शाबाशी:** अपनी हर छोटी और बड़ी कामयाबी के लिए खुद को शाबाशी दें, क्योंकि जब तक आप अपनी वैल्यू नहीं करेंगी तब तक दूसरे भी आपको वैल्यू नहीं कर पाएंगे।

**निर्धारित करें अपनी सीमाएं:** अपनी सीमाएं जरूर निर्धारित करके रखें क्योंकि अगर आपकी अपनी कोई सीमा नहीं होगी, तो लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**खुद को बेहतर बनाएं:** अपनी स्किल्स पर काम करना शुरू करें और खुद को बेहतर बनाएं। इससे आपमें कॉन्फिडेंस और आत्म-सम्मान की भावना बढ़ेगी। हर रोज थोड़ा-थोड़ा खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें, यह चीज आपको आत्म-सम्मान बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसलिए खुद पर काम करना शुरू करें।

**खुद को कभी कमतर न आंकें:** खुद से यह कभी न कहें कि मैं कुछ नहीं कर सकती हूं। ऐसा करके आप अपने रास्ते में खुद ही रुकावट डालेंगी। आप खुद को जितना कमतर समझेंगी, आगे बढ़ने में आपको उतनी ही मुश्किल होगी।

**स्वास्थ्य का रखें ध्यान:** अगर आप खुद को महत्वपूर्ण समझती हैं, तो अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। हेल्दी डाइट लें, सही नींद और मानसिक शांति आपके आत्म- सम्मान को बढ़ाती है। इसके लिए रेग्युलर मेडिटेशन और एक्सरसाइज करें।

**अपनी छोटी-छोटी सफलताओं को दें महत्व:** अपनी छोटी-छोटी सफलताओं पर ध्यान दें, जैसे, अपने जिम रूटीन को पूरा करना या किसी मुश्किल प्रोजेक्ट को समय पर खत्म करना।

**निरंतर सीखते रहें:** यह जरूरी नहीं कि आपको सब कुछ परफेक्ट या सही तरीके से करना आता हो। इसलिए किसी भी चीज को सीखना सबसे महत्वपूर्ण है, फिर चाहे वह आपकी नौकरी से संबंधित हो या आपके शौक से जुड़ा हुआ कुछ हो।

**छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं:** बड़ी उम्मीद पालने की बजाय छोटे और साधारण लक्ष्य बनाएं। हर छोटे लक्ष्य की सफलता आपको आत्म-विश्वास और ऊर्जा देगी।

---

बच्चों के एग्जाम की तैयारी करवाना पैरेंट्स के लिए भी कम स्ट्रेसफुल नहीं होता है। लेकिन ऐसे में आपको ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे बच्चे की टेंशन और बढ़े। एग्जाम की तैयारी करवाते समय किन बातों का ध्यान पैरेंट्स रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

## जब करवाएं बच्चे की एग्जाम प्रिपरेशन



एडवाइस
शिखर चंद जैन

मीनल अपने नौ वर्षीय बेटे अंशुल को बुरी तरह डांट रही थी। तभी वहां आई पड़ोस में रहने वाली उसकी सहेली आभा ने पूछा, 'क्या हुआ मीनल, इसने कोई शैतानी की है क्या?'

मीनल ने कहा, 'नहीं आभा, मैं तो इसके पढ़ने के तरीके से परेशान हूं। एग्जाम नजदीक हैं, सब बच्चे बोल-बोलकर पढ़ते हैं, याद करते हैं। एक यह है कि पता नहीं चुपचाप क्या करता रहता है? कभी बोलकर पढ़ता ही नहीं।'

इस पर आभा ने समझाते हुए कहा, 'मीनल हर बच्चे का पढ़ने और याद करने का अपना तरीका होता है। इसे डांटो मत। वह चुपचाप इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स को अपनी सुविधा के लिए अंडरलाइन कर रहा होगा और कॉपी में समरी के रूप में बुलेट प्वाइंट बनाता होगा।' तब मीनल को अपनी गलती का अहसास हुआ।



**बिना वजह डांटने से बचें:** एग्जाम नजदीक आते ही पैरेंट्स अपने बच्चों को उसकी तैयारी करवाने के लिए कमर कसकर जुट जाते हैं। इस प्रेशर में कई पैरेंट्स अपने बच्चों पर न सिर्फ अनावश्यक पाबंदियां लगा देते हैं बल्कि उन्हें बेमतलब डांटते-फटकारते भी हैं। इससे बच्चा टेंशन में आ जाता है। नतीजतन पढ़ाई में उसका मन नहीं लगता। पैरेंट्स को यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके बच्चे का लर्निंग स्टाइल क्या है, उसके अनुसार ही उसे गाइडेंस दें।

**टाइम मैनेजमेंट में हेल्प करें:** अपने बच्चे को परीक्षा की तैयारी में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उसे टाइम टेबल बनाने के लिए एनकरेज करें। इससे न केवल उसके पास अपने सभी विषयों को पूरी तरह से कवर करने का समय होगा, बल्कि इससे उसका मन भी एकाग्रता से पढ़ने के लिए तैयार रहेगा।

**समझें बच्चे का लर्निंग स्टाइल:** हर बच्चे का चीजों को सीखने, नई जानकारियां हासिल करने और याद करने का अपना ढंग होता है। अगर बच्चा विजुअल लर्नर है तो वह सब्जेक्ट पढ़ते समय प्रमुख बिंदुओं और पंक्तियों को हाईलाइट करेगा, अलग-अलग कलर से प्वाइंट्स बनाएगा और बीच-बीच में नोटबुक में अपनी सुविधा के मुताबिक डायग्राम, ग्राफिक्स या बुलेट प्वाइंट लिखेगा। उसे एजुकेशनल वीडियो देखना भी पसंद हो सकता है। वहीं ऑडिटरी लर्नर बच्चे, विषय को बोल-बोलकर पढ़ते हैं। वे दूसरे बच्चों से डिस्कस करते हैं और एक-दूसरे को विषय सुनाते और समझते भी हैं। कुछ बच्चे हर 15-20 मिनट या आधे घंटे के अंतराल पर उठकर पानी पीते हैं और खिड़की की तरफ झांकने लगते हैं। कुछ बच्चे लगातार दो से तीन घंटे एक ही सिटिंग में पढ़ना पसंद करते हैं। इसलिए बच्चे की लर्निंग स्टाइल पर उसे न टोकें।

**इमोशनल सपोर्ट दें:** बच्चों के लिए एग्जाम टाइम स्ट्रेसफुल होता है। इस दौरान उनके लिए इमोशनल सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बच्चे की समस्याओं, चिंताओं को सुनने और एनकरेज करते रहें।

**रिविजन के लिए प्रेरित करें:** एग्जाम्स की अच्छी तैयारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है रेग्युलर रिवीजन। इससे बच्चा जो याद करेगा, उसे कभी नहीं भूलेगा।

**रेस्ट करने के लिए भी कहें:** बच्चे एग्जाम की तैयारी के दौरान कई बार मानसिक रूप से थक जाते हैं। उन्हें आराम की जरूरत होती है। नियमित ब्रेक लेने से तनाव को दूर करने में मदद मिल सकती है।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों के लिए फायदेमंद है मुलेठी

बढ़ते पॉल्यूशन और अव्यवस्थित लाइफस्टाइल की वजह से अधिकतर महिलाएं किसी न किसी हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहती हैं। बालों का असमय सफेद होना, कम उम्र में बालों का झड़ना, कमजोर और पतले बाल जैसी समस्याएं अब बहुत कॉमन हो चुकी हैं। धूल, मिट्टी और पोषण की कमी की वजह से बाल पतले, डल और बेजान होने लगते हैं। आंवला, भृंगराज के साथ-साथ मुलेठी का उपयोग बालों को कोमल चमकदार और जड़ों से मजबूत बनाने में काफी सहायक हो सकता है।

**डेंड्रफ प्रॉब्लम होगी दूर:** अगर आप बालों में रूसी यानी डेंड्रफ की समस्या से परेशान हैं तो मुलेठी का इस्तेमाल कारगर हो सकता है। मुलेठी को पीसकर पावडर बना लें। अब कांच के बाउल में एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद मिला लें और जब यह अच्छे से मिल जाए तो एक चम्मच मुलेठी पावडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होने की वजह से इस हेयर पैक को बालों और सिर पर लगाने से डेंड्रफ की समस्या से निजात मिलेगी। इसे आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**रोकता है हेयर फॉलिंग:** हेयर फॉलिंग और गंजेपन की समस्या से निपटने में भी मुलेठी का हेयर पैक काफी कारगर साबित होता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में एक चम्मच मुलेठी पावडर और कुछ केसर के धागे अच्छी तरह मिलाने के बाद इसमें 1 कप दूध डालकर बने मिश्रण को रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह इसे माइल्ड शैंपू से धो डालें।

**काले बालों के लिए:** अगर आपके बाल असमय सफेद हो रहे हैं तो दही और मुलेठी का पेस्ट कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए दही और मुलेठी पावडर को बराबर मात्रा में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को बालों पर लगाकर सूखने के बाद माइल्ड शैंपू से धो डालें। इस पेस्ट को आप हफ्ते में एक बार इस्तेमाल कर सकती हैं।



**मुलेठी का हेयर मास्क:** हेयर मास्क बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा केला, 2 चम्मच मेंहदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

---

मेडिकल एडवाइस
डॉ. अंशुमाला शुक्ला कुलकर्णी
हेड-मिनिमली इंवेसिव गायनेकोलॉजी, गायनेकोलॉजी लेप्रोस्कोपिक-रोबोटिक सर्जरी
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

महिलाओं से जुड़ी ऐसी बहुत सी बीमारियां हैं, जिनके बारे में उन्हें मालूम नहीं होता और धीरे-धीरे वह बीमारी बड़ा रूप ले लेती है। एंडोमेट्रियोसिस ऐसी ही एक बीमारी है। इस बीमारी के कारण, लक्षण और ट्रीटमेंट के बारे में बता रहे हैं आपको।

## लापरवाही से बढ़ सकती है एंडोमेट्रियोसिस की प्रॉब्लम

कई आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में 10 से 15 प्रतिशत महिलाएं एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित हैं। एंडोमेट्रियोसिस एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है, फिर भी जागरूकता की कमी और इसके लक्षण बहुत ही सामान्य होने की वजह से अकसर इसका ट्रीटमेंट समय पर नहीं हो पाता है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब यूटेरस के लेयर की तरह एक टिश्यू, यूटेरस कैविटी के बाहर बढ़ने लगता है तो यह ओवरी, फैलोपियन ट्यूब और पेल्विक लिगामेंट को प्रभावित करने लगता है। इस एब्नॉर्मल टिश्यू ग्रोथ की वजह से स्वेलिंग आ जाती है और टिश्यू चिपक जाता है। उसके निशान पड़ जाते हैं, जिससे दर्द होता है और प्रेग्नेंसी में प्रॉब्लम जैसे अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। इसे ही एंडोमेट्रियोसिस कहते हैं। यह स्थिति महिलाओं में 25 साल की उम्र में शुरू हो सकती है और लगभग 50 साल की उम्र तक जारी रह सकती है। ज्यादातर महिलाएं इस बीमारी से अनजान रहती हैं।



**एंडोमेट्रियोसिस के प्रमुख लक्षण:** पेल्विक एरिया में क्रॉनिक पेन, जो पीरियड्स के दौरान बढ़ता है।

- पीरियड्स की अनियमितता, उन दिनों में बहुत ज्यादा दर्द होना, ज्यादा मात्रा में ब्लीडिंग होना। सेक्स के दौरान दर्द होना।
- शौच या पेशाब करते हुए बहुत दर्द होना।
- पीरियड्स के दौरान थकान, सूजन और वॉमिट फील होना।
- एंडोमेट्रियोसिस की वजह से प्रजनन अंगों को नुकसान होता है और गर्भधारण करने में परेशानी होती है।

**हार्मफुल होती है लापरवाही:** एंडोमेट्रियोसिस के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। कभी-कभी बहुत हल्के या कम फील हो सकते हैं। कुछ महिलाओं में जब तक उन्हें गर्भधारण करने में कठिनाई न हो, तब तक इसके लक्षण महसूस नहीं होते हैं। इसलिए जब तक गर्भधारण करने में परेशानी न हो तब तक महिलाएं अपनी इन समस्या के लिए डॉक्टर से कंसल्ट नहीं करती हैं। जागरूकता की कमी की वजह से एंडोमेट्रियोसिस का निदान में देरी हो जाती है।

**डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट:** एंडोमेट्रियोसिस का ट्रीटमेंट तभी शुरू हो सकता है, जब कंडीशन पूरी तरह डायग्नोस कर ली जाती है। ट्रांसवेजाइनल अल्ट्रासोनोग्राफी, एमआरआई और मिनिमली इंवेसिव लैप्रोस्कोपिक कुछ ऐसी डायग्नोस्टिक तकनीकें हैं, जिनका उपयोग सटीक निदान के लिए किया जाता है। रोबोट असिस्टेड सर्जरी जैसी उन्नत सर्जिकल मैथड्स ने एंडोमेट्रियोसिस सर्जरी के परिणामों में काफी इंप्रूवमेंट किया है। सर्जरी के लिए कई बार कोलोरेक्टल सर्जन और यूरोलॉजिस्ट के साथ मल्टी-डिसिप्लिनरी डायग्नोसिस की भी जरूरत पड़ सकती है। इसके अलावा, डायग्नोस्टिक स्टेप्स में लक्षणों की जांच के साथ-साथ पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी ली जाती है। एंडोमेट्रियोसिस के प्रॉपर ट्रीटमेंट के लिए मल्टी-डिसिप्लिनरी एंगल से डायग्नोसिस पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसे हॉस्पिटल्स जहां गायनेकोलॉजिस्ट्स, रेडियोलॉजिस्ट, पेन स्पेशलिस्ट्स और फर्टिलिटी एक्सपर्ट एक साथ पेशेंट की कंडीशन पर कंसल्ट कर सकते हैं। इससे पेशेंट को उनके लक्षणों, बीमारी के चरण और प्रेग्नेंसी इश्यूज के अनुसार इलाज मिलता है। ट्रीटमेंट में आमतौर पर दर्द के लिए दवा, बीमारी की प्रगति को धीमा करने वाली हार्मोनल थेरेपी और गंभीर मामलों में स्कार टिश्यू और एंडोमेट्रियल ग्रोथ को हटाने के लिए सर्जरी की जाती है। प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---

जीवनशैली
डॉ. मोनिका शर्मा

यह सही है कि विवाह के बाद किसी युवती के लिए नए घर, नए परिवार और परिवेश में घुलना-मिलना आसान नहीं होता है। लेकिन अगर आप हर तरह के पूर्वाग्रहों और आशंकाओं से मुक्त होकर, स्नेह-प्रेम के भाव लेकर, पूरी सकारात्मकता के साथ नए जीवन में प्रवेश करेंगी तो सब कुछ आपकी कल्पना से भी सुंदर होगा।

## पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर रखें नए जीवन में अपने कदम

जीवन भर के लिए दो इंसानों के मन जोड़ने वाले वैवाहिक गठबंधन में शुरुआती पड़ाव पर ही समझदारी आवश्यक है। दो परिवारों को एक डोर में बांधने वाला शादी का रिश्ता, इमोशनल और प्रैक्टिकल दोनों ही मोर्चों पर नई शुरुआत ही होता है। संबंधों से लेकर रहन-सहन और सोच-समझ तक, हर पहलू पर इसमें नयापन समाया होता है। जरूरी है कि इस नएपन को सकारात्मक भाव संग अपनाने के लिए हर पूर्वाग्रह से परे होकर नई जिंदगी का स्वागत किया जाए। दुल्हन के मन में भावी जीवन के लिए बंधी-बंधाई सोच नहीं बल्कि सहजता का भाव हो। तयशुदा खांचे या विचार से परे ससुराल और जीवनसाथी से जुड़ाव बनाने की यह संतुलित समझ, सदा के लिए रिश्तों की नींव पक्की कर देगी।

**पूर्वाग्रहों से बचें:** सबसे पहले तो यह समझ लें कि यह जीवन की नई शुरुआत है। अपने मन को भी पूरी तरह इस नएपन से जोड़ें। सुनी-सुनाई बातों के प्रति अपना रुख सहज रखने का प्रयास करें। देखने में आता है कि वैवाहिक जीवन से जुड़े बहुत से पहलू बदलने के बावजूद युवतियां शादी के बंधन को लेकर भयभीत रहती हैं। कई बार इस तयशुदा सोच को अपने-पराए अपनी राय के रूप में खाद पानी भी खूब देते हैं। ऐसे पूर्वाग्रहों को दिलो-दिमाग से निकाल दें। अब सोशल सिस्टम में बहुत कुछ बदल गया है। पारिवारिक परिवेश में भी कितने ही नए बदलावों को सहज स्वीकार्यता मिली है। अपने रिश्तों को जीवंत रखने के लिए, नए जीवन की शुरुआत करते हुए हर तरह के पूर्वाग्रह से बचें।

**शंकाओं से न घिरें:** संदेह की बुनियाद पर वैवाहिक रिश्ते का भवन नहीं बनाया जा सकता है। इसीलिए शादी के पहले या बाद में, मन में आई हर शंका का हल व्यावहारिक रूप से तलाशें। घर से बड़ों को सही जानकारी लेने को कहें। कोई उलझन हो तो आज की शिक्षित सजग युवतियों को स्वयं ही स्पष्ट सवाल कर बात क्लीयर कर लेनी चाहिए। एक ओर भावी जीवनसाथी का सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर व्यक्तित्त्व को जरा विशेष समझने की गलतफहमियां पैदा हो जाती हैं तो दूसरी ओर दिखावे के बर्ताव से दूर सधे-संयमित व्यक्तित्त्व को कमजोर समझ लिया जाता है। संवाद की अति और सूचनाओं के समंदर में जाने कितनी ही शंकाएं-आशंकाएं मन को घेर लेती हैं। उस घर की बेटी के साथ तो ऐसा हुआ या फलाने रिश्तेदार की बेटी ने क्या-क्या झेला? जैसी बातें नए रिश्ते के प्रति शंकाएं बढ़ाती हैं। जाने-अनजाने पूर्वाग्रहों के बीज बोती हैं। ऐसे में किसी शंका का समाधान करने की राह चुनें न कि शक के घेरे में और उलझती जाएं। ऐसी बातें वेडिंग एंजाइटी बढ़ाती हैं। फिक्र के घेरे में आप शादी के खुशनुमा पलों को भी नहीं जी पाएंगी।



**समझें रस्मों में निहित संदेश:** बेटी को लक्ष्मी मानने वाले हमारे समाज में विदाई के समय पीछे की ओर चावल फेंकने की एक रस्म भी होती है। यह रिवाज न केवल बिटिया के जाने के बाद भी मायके में धन-धान्य बने रहने से बल्कि इस बात से भी जुड़ी है कि वह हर नकारात्मकता और पूर्वाग्रह को पीछे उड़ेलकर नए जीवन की ओर कदम बढ़ा रही है। विवाह आयोजन आपके और आपके अपनों के लिए खुशियों को जीने का अवसर है। इस अवसर को सकारात्मकता से अपनाएं।

### सलाहों के फेर में ना फंसें

**शादी कैसे** निभाई जाए? नए रिश्तों को कैसे साधा जाए? लाइफ पार्टनर को कैसे समझा जाए और यहां तक कि नई जिंदगी में कैसे सब कुछ अपने हाथ में लिया जाए? जैसी सलाहें अपने ही नहीं पराए भी खूब देते हैं। मिसाल के तौर पर, 'उसने तो शादी के बाद पहले दिन से ऐसा किया। इसने तो शुरू से ही किसी की नहीं सुनी। देखो, एक बार ससुराल में सबकी बात मानी तो फिर तुम्हारी कोई नहीं सुनेगा। तुम किसी मामले में कम हो क्या?' लंबी फेहरिस्त में न समाने वाले ऐसे उदाहरण मन को डिगाने वाले होते हैं। साथ ही क्या और कैसे किया की रणनीति वाली सलाहें भी दिलो-दिमाग को उलझा देती हैं। ध्यान रहे कि हर घर का माहौल अलग होता है। इन बातों की बुनियाद पर अपना दृष्टिकोण न बनाएं। सहजता से सब संभाल लेने का सकारात्मक भाव रखें।

# एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया स्नान, अब तक 54.04 करोड़ लोग संगम में लगा चुके डुबकी, संगम स्टेशन 26 फरवरी तक बंद, वाहनों की एंट्री पर फिर से रोक, पास रद्द

एजेंसी ▶▶ महाकुंभनगर (प्रयागराज)

महाकुंभ का सोमवार को 36वां दिन था। संगम में सुबह से जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 1.08 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 54.04 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गए हैं। भीड़ के चलते दारागंज स्थित संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री फिर से रोक दी गई है। सभी तरह के पास रद्द कर दिए हैं।

प्रयागराज से गुजरने वाली 19 ट्रेनों का रूट बदला गया है। सोमवार को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके गए। यहां से शटल बस की व्यवस्था की गई है। पार्किंग और स्टेशन से करीब 10 से 15 किमी की दूरी लोगों का पैदल तय करनी पड़ रही है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। जगह-जगह इसी तरह वॉच टावर बनाए गए हैं। जिससे पुलिस भीड़ संभाल रही। काशी तमिल संगमम में काशी आए तमिलनाडु के मेहमान सोमवार को महाकुंभ पहुंचे। सभी ने एक साथ संगम में स्नान किया। तमिल संगमम में आए युवाओं के पहले दल का मेला और जिला प्रशासन ने स्वागत किया। सेक्टर-22 स्थित टेंट सिटी में उनका स्वागत हुआ। प्रतिनिधि संगम में स्नान करने के बाद अयोध्या के लिए रवाना हो गए। महाकुंभ में देश-विदेश से आए लोग संगम स्नान के बाद लौट रहे हैं। गंगा पंडाल में 8 घंटे में करीब 10 हजार लोगों ने हैंड प्रिंटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। प्रयागराज में लगातार भीड़ और जाम की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी के 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी बढ़ाकर 20 फरवरी तक कर दी है। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी।




सोमवार को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके गए। यहां से शटल बस की व्यवस्था की गई है। पार्किंग और स्टेशन से करीब 10 से 15 किमी की दूरी लोगों का पैदल तय करनी पड़ रही है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। जगह-जगह इसी तरह वॉच टावर बनाए गए हैं, जिससे पुलिस भीड़ संभाल रही

- संगम से 10-12 किमी पहले रोके गए वाहन
- शटल बस व्यवस्था से संगम तक पहुंचे श्रद्धालु
- 12वीं तक के स्कूल अब 20 फरवरी तक बंद
- अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ी

## महाकुंभ में 36वें दिन भी जबरदस्त भीड़



### हिंदू समिति की प्रदर्शनी युवाओं को पसंद आई



हिंदू धर्म पर हो रहे विविध आघात, हिंदू राष्ट्र की संकल्पना, धर्मशिक्षा और हिंदू राष्ट्र स्थापना के लिए हिंदू जनजागृति समिति द्वारा प्रारंभ किए गए कार्य के विषय में महाकुंभ पर्व में समिति की ग्रंथ और फ्लेक्स फलक प्रदर्शनी युवाओं को काफी प्रभावित किया। कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 6 में कैलासपुरी-भारद्वाज मार्ग चौराहे पर स्थित इस प्रदर्शनी का अब तक हजारों युवाओं ने दौरा कर हिंदू जनजागृति समिति के कार्य को समझा। इनमें से कई युवाओं ने समिति के धर्मकार्य में सक्रिय भाग लेने की इच्छा भी प्रकट की। युवाओं ने अपने मोबाइल फोन में फ्लेक्स फलकों की तस्वीरें खींचीं।

### श्रद्धालु बेहोश हुआ तो डीआईजी ने मदद की



महाकुंभ में एक श्रद्धालु अचानक से बेहोश होकर गिर गया। उधर से डीआईजी अजय पाल शर्मा पुलिस टीम के साथ निकल रहे थे, उन्होंने तुरंत टीम को रोककर पीड़ित व्यक्ति की मदद करने के लिए कहा। उसके बाद सभी ने पीड़ित श्रद्धालु के हाथ पैर मलने शुरू किया। फिर उसे होश आया और हॉस्पिटल ले जाया गया।

### सेक्टर-8 में फिर लगी आग, कोई जनहानि नहीं



प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में सोमवार दोपहर एक बार फिर आग लग गई है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है। श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने कहा- लगभग 3 बजे हमें टेंट में आग लगने की सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद हमारी गाड़ियां यहां पहुंची और हमने आग पर काबू पा लिया है। खाली टेंट था, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगे की जांच चल रही है।

### महर्षि आध्यात्मिक विवि की प्रदर्शनी 10000 लोगों ने देखा



महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय द्वारा कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 7 में लगाई गई प्रदर्शनी को 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने देख चुके हैं। साधु-संतों के साथ-साथ चिकित्सा, शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में कार्यरत उच्च पदस्थ विशिष्ट व्यक्तियों ने महर्षि आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के कार्य की सराहना की। 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' के केके. सिंह, 'इसरो' की सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. नलिनी सतीश, उत्तर-मध्य रेलवे के महाप्रबंधक शरत चंद्रायन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने संपूर्ण प्रदर्शनी देखी और उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी।

नई दिल्ली हादसे से लिया सबक

## अब सभी स्पेशल ट्रेन प्लेटफॉर्म 16 से चलेंगी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात को मची भगदड़ के बाद रेलवे ने अहम फैसला लिया है। रेलवे प्रयागराज महाकुंभ के लिए दिल्ली से जाने वाली सभी स्पेशल ट्रेनों को नई दिल्ली के स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से चलाने का फैसला लिया है। यात्रियों को प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर आने जाने के लिए स्टेशन के अजमेरी गेट साइड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं, नियमित ट्रेनें पहले की तरह सभी प्लेटफॉर्म से चलाई जाएंगी। सोमवार को पांच ट्रेनें प्रयाग के लिए चलाई गईं।



### 26 तक प्लेटफॉर्म टिकट बिक्री बंद

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पर प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री बंद कर दी गई है। रेलवे स्टेशन प्रशासन ने बताया कि अगले एक सप्ताह के लिए शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री नहीं की जाएगी। यह कदम स्टेशन पर बढ़ती भीड़ के मद्देनजर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, 26 फरवरी तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक रहेगी।

### अर्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में अर्धसैनिक बलों की आठ कंपनियां तैनात की गई हैं। इसके अलावा, मेट्रो पुलिस की 80 जवानों की कंपनी, तीन इंस्पेक्टर और एक एसीपी मेट्रो भी तैनात किए गए हैं। रेलवे पुलिस और जीआरपी के अलग-अलग जवानों को भी सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। जिनके पास बुकिंग टिकट होगा वही सिर्फ स्टेशन पर प्रवेश कर पाएंगे।

### 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया

रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है।

## खबर संक्षेप

### रैना की अपील खारिज आज थाने आना ही होगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूबर समय रैना की एक अपील को खारिज कर दिया है। रैना ने पुलिस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बयान दर्ज कराने की अनुमति मांगी थी, लेकिन इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में उनकी इस अपील को मंजूरी नहीं मिली है। रैना को 18 को थाने आकर बयान दर्ज कराने होंगे।



### बोर्ड पेपर लीक की खबरें अफवाह: सीबीएसई

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सोशल मीडिया पर पेपर लीक की अफवाहों को बेबुनियाद कहा है। बोर्ड की ओर से ऐसी किसी भी घटना से इंकार कर दिया गया है। कहा पेपर लीक जैसी कोई घटना नहीं हुई है। अफवाहें फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संत सेवालाल का जीवन गरीबों को समर्पित:पीएम

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पूज्य संत सेवालाल महाराज की जयंती पर नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। पूरी क्षमता के साथ उन्होंने निरंतर सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

## प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट की नई याचिकाओं पर भड़के सीजेआई खन्ना बोले-

# बस बहुत हो गया, हर चीज की एक लिमिट होती है, अब नए बिंदु उठाएं

ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू करने की मांग की

सीजेआई ने पूजा स्थल कानून पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि आज हम ऐसी कोई याचिका नहीं स्वीकार करेंगे। इनकी भी एक सीमा होती है। सुप्रीम कोर्ट को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल कानून से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। दरअसल इस केस की सुनवाई दो जजों की बेंच में होनी थी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आज सिर्फ दो जजों की बेंच बैठी है। यह मामला किसी और दिन देखेंगे। सीजेआई ने इस मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि पिछली बार नई याचिकाओं पर विचार करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन अब इस प्रक्रिया में एक सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई नई याचिका दायर की जाती है, तो उसमें कुछ ऐसे नए बिंदु होने चाहिए जो पहले नहीं उठाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है। ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) को लागू करने की मांग है।

### आखिरी बार 12 दिसंबर 2024 को हुई थी सुनवाई



3 जजों की बेंच में होनी थी सुनवाई

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (विशेष प्रावधानों) 1991 की 6 धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने आखिरी बार 12 दिसंबर 2024 को सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हम इस कानून के दायरे, उसकी शक्तियों और ढांचे को जांच रहे हैं। ऐसे में यही उचित होगा कि बाकी सभी अदालतें अपने हाथ रोक लें। सीजेआई ने कहा था कि हमारे सामने दो मामले हैं, मथुरा की शाही ईदगाह और वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद। तभी अदालत को बताया गया कि देश में ऐसे 18 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इनमें से 10 मस्जिदों से जुड़े हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से याचिकाओं पर 4 हफ्ते में अपना पक्ष रखने को कहा। सीजेआई ने कहा- जब तक केंद्र जवाब नहीं दाखिल करता है हम सुनवाई नहीं कर सकते।

### इंडिया शब्द पर 12 मार्च को सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र के वकील को संविधान में संशोधन करने और 'इंडिया' शब्द की जगह 'भारत' या 'हिंदुस्तान' करने के लिए सरकार को निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर निर्देश प्राप्त करने के लिए समय दिया है। यह याचिका 4 फरवरी को न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी और अदालत ने इसे 12 मार्च को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था।

## उस अफसर को पेश करो, जिसने हमारा आदेश नहीं माना

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के एक मामले की सुनवाई हो रही थी, जिसमें अदालत ने पिछली सुनवाई यानी 2 जनवरी को याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी से छूट दी थी लेकिन कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर एसडीओ ने यूएपीए लगाकर आरोपी को हिरासत में ले लिया था। सुप्रीम कोर्ट इस बात पर भड़क गया और उस अधिकारी को पेश करने का आदेश दिया है, जिसने यूएपीए लगाया था। दरअसल, याचिकाकर्ता मनीष राठौर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (बी) के तहत आरोप दर्ज किए गए थे, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से छूट दी थी लेकिन जिला प्रशासन ने उस पर गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ लगाया जाने वाला एक्ट (यूएपीए) लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। मनीष राठौर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य के मामले में सोमवार को याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वकील ने अदालत से गुहार लगाई कि उसके मुवक्किल को न सिर्फ गिरफ्तार किया गया बल्कि पूरे शहर में घुमाया भी गया। वकील ने कहा कि उसके पास इस घटना की तस्वीरें भी हैं। इस पर जस्टिस ओका राज्य सरकार पर भड़क गए। उन्होंने कहा, यह मामला तो आईपीसी की धारा 506 से जुड़ा है तो फिर एक अफसर ने इसमें यूएपीए कैसे लगा दिया?

### गांधी के ग्राम स्वराज के विचार को खत्म करें

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस मुहम्मद मुस्ताक ने सोमवार को कहा कि आज शासन में चुनौतियां ज्यादा हैं, इसलिए महात्मा गांधी द्वारा दिए गए विचार और परिकल्पित ग्राम स्वराज या पंचायती राज व्यवस्था के विचार को अब खत्म कर देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने शासन और सत्ता के विभिन्न स्वरूपों का केंद्रीकरण करने का सुझाव दिया है। जस्टिस मुहम्मद मुस्ताक ने यह सुझाव खुली अदालत में दिया और कहा कि यह उनके निजी विचार हैं।

गोगोई की पत्नी का पाक कनेक्शन

# अली तौकीर के खिलाफ असम में एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम पुलिस ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई कनेक्शन विवाद मामले में पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अली पाकिस्तान के योजना आयोग के स्थायी सलाहकार हैं। असम कैबिनेट ने 16 फरवरी को डीजीपी को पाकिस्तानी अली तौकीर शेख पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। उन पर अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) के तहत भारत के आंतरिक मामलों और संसदीय मामलों पर भी कथित टिप्पणी का आरोप है। हालांकि, असम कैबिनेट ने कांग्रेस सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ केस दर्ज नहीं करने का फैसला किया था। सरमा ने 13 फरवरी को गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने के आरोप लगाए थे।

### सांसद बोले- जांच के लिए तैयार

पाकिस्तानी अली तौकीर पर एफआईआर होने के बाद लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने कहा कि असम सरकार उनकी पत्नी के कथित आईएसआई संबंधों के मुद्दे पर कोई भी जांच कर सकती है। वे और उनकी पार्टी सभी जांच के लिए तैयार हैं। गोगोई ने कहा कि उन्होंने भाजपा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ चर्चा की है और जल्द ही कानूनी सहायता लेंगे। इससे पहले उन्होंने आरोपों को फर्जी बताया था। उन्होंने कहा था कि मेरी पत्नी पर आईएसआई एजेंट होने का आरोप है, तो मुझे रॉ एजेंट भी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए ऐसे निराधार आरोप लगा रही है।

### सीएम आवास में आने-जाने की आजादी

अली तौकीर शेख ने पाकिस्तान सरकार द्वारा गठित समितियों में कई पदों पर काम किया है। शेख, एलिजाबेथ गोगोई के संपर्क में था, जो एक ब्रिटिश नागरिक और असम के सांसद गौरव गोगोई की पत्नी हैं। अली शेख गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई का बॉस रह चुका है। जब एलिजाबेथ की शादी असम के तत्कालीन सीएम तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई से होने वाली थी, तो शेख को सीएम आवास में आने-जाने की पूरी आजादी थी। कहीं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने उस समय मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएम) में घुसपैठ करने की कोशिश तो नहीं की थी, जब गौरव गोगोई के पिता दिवंगत तरुण गोगोई राज्य के सीएम थे।

एक पद-एक व्यक्ति की मांग को लेकर डीके के खिलाफ मुहिम

# कर्नाटक में सीएम और डिप्टी सीएम के बीच रस्साकशी कांग्रेस आलाकमान ने दिया दखल, हुआ 'सीजफायर'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी एक और 'सेल्फ-गोल' में फंसे उसके पहले ही शीर्ष नेतृत्व ने कर्नाटक पीसीसी को खबरदार कर दिया है। कर्नाटक ही एक मात्र ऐसा बड़ा राज्य है जहां कांग्रेस सत्ता में है। मगर, वहां भितरखाने में सत्ता का संघर्ष छिड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के ढाई साल के बाद उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बिठाये जाने की खबर बेंगलुरु से दिल्ली तक जैसे ही पसरने लगी सिद्धरमैया के सिपहसालारों ने खुलेआम डीके शिवकुमार के खिलाफ मुहिम छेड़ दिया। एक व्यक्ति एक पद की मांग को लेकर बेंगलुरु-दिल्ली एक करनेवाले कई कैबिनेट मंत्रियों ने डीके शिवकुमार को हटाकर नये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग तेज कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे भी कर्नाटक से हैं। उन्हें हर बात की खबर है। आपसी खींचातानी की खबर कर्नाटक के सड़कों पर फैल गई जब सिद्धरमैया खेमे के मंत्रियों ने कॉपरेटिव मंत्री केएन राजन्ना के नेतृत्व में आलाकमान से डीके शिवकुमार की जगह दूसरे नेता को पीसीसी अध्यक्ष की मांग करने लगा।



### अब नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए

राजन्ना ने हरिभूमि से बातचीत में भी स्वीकार किया कि हमने कर्नाटक में कांग्रेस की बेहतरी के लिए नेतृत्व को दिल्ली में 18 मई 2023 का वो लिखित बयान याद दिलाया जिसके तहत कहा गया था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक प्रदेश अध्यक्ष पद पर बने रहने कहा गया है, अब जब लोकसभा चुनाव खत्म हुए साल भर हो गये डीके शिवकुमार की जगह किसी और को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने की मांग गलत कैसे है?

एक साल में साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ना चिंताजनक

लगाया आरोप, हरियाणा का वर्तमान और भविष्य चौपट करने में लगी है भाजपा सरकार

# हरियाणा में बढ़ती जा रही है सरकारी स्कूलों में 'ड्रॉप आउट' छात्रों की समस्या: सैलजा

**कहा- एक ओर बेरोजगारी को लेकर हाहाकार, तो दूसरी ओर अशिक्षा का अंधकार**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार हरियाणा का वर्तमान और भविष्य चौपट करने में लगी हुई है एक ओर जहां बेरोजगारी बढ़ती जा रही है तो दूसरी ओर बच्चे स्कूलों से दूर होते जा रहे है, एक साल में प्रदेश भर के साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों का बीच में ही पढ़ाई छोड़ देना गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाना चाहिए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट छात्रों की समस्या बढ़ती जा रही है। सरकार को एससी और एसटी समुदायों के साथ



सड़क पर रहने वाले बच्चों, भिखारियों, अनाथ, बेघरों, प्रवासियों, विमुक्त जनजातियों के समूहों की आबादी को शिक्षा के साथ जोड़ने के लिए कदम उठाने चाहिए। प्रदेश में 28 स्कूल ऐसे हैं, जिनके एक भी बच्चा नहीं पढ़ता। इन स्कूलों में शिक्षक आते हैं और बिना बच्चों को पढ़ाए चले जाते हैं। प्रदेश के शिक्षा निदेशालय के दिए आंकड़ों खुद बोल रहे है कि एक साल में प्रदेश भर के साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। एक साल में हरियाणा के सरकारी स्कूलों के 2.58 लाख से अधिक बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है जबकि इसी अवधि में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले 2.91 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने बीच में ही स्कूल छोड़ा है।

सैलजा ने कहा कि गांवों में सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या कम है ऐसे में बच्चे आगे नहीं पढ़ जाते, जहां पर स्कूलों की दूरी दो किमी से दूर होती है वहां पर अभिभावक लड़कियों की शिक्षा बीच में ही छुड़वा देते है ऐसे में अधिकतर लड़कियां स्कूल जाना छोड़ देती है। रोजी-रोजगार की तलाश में मजदूर दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर जाते है ऐसे में उनके बच्चों की पढ़ाई भी बीच में छूट जाती है। भिवानी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, पलवल, सोनीपत और यमुनानगर में कुछ स्कूल ऐसे है जहां छात्र संख्या शून्य है। इन 28 स्कूलों में 19 जेबीटी शिक्षक कार्यरत हैं।

## चिंतन

# बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का सबब, निर्यात पर हो जोर

आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल व मेक इन इंडिया कार्यक्रम के दौर में भारत का बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का सबब है। देश से वस्तुओं का निर्यात जनवरी में 2.38 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। जनवरी, 2024 में यह 37.32 अरब डॉलर था। वहीं आयात जनवरी, 2024 के 53.88 अरब डॉलर की तुलना में पिछले महीने 10.28 प्रतिशत बढ़कर 59.42 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 22.99 अरब डॉलर रहा। अभी भारत को अमेरिका के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए दबाव का सामना करना पड़ रहा है और भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ आयद करने की चेतावनी दी गई है, जबकि भारत खुद चीन समेत कई देशों के साथ व्यापार घाटे का सामना कर रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 माह यानी अप्रैल-जनवरी के दौरान निर्यात 1.39 प्रतिशत बढ़कर 358.91 अरब डॉलर और आयात 7.43 प्रतिशत बढ़कर 601.9 अरब डॉलर रहा है। आंकड़े बता रहे हैं कि भारत निर्यात का दोगुना आयात कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था का आयात पर निर्भरता बढ़ना उचित नहीं है। भारत को अधिक से अधिक चीजों के उत्पादन पर ध्यान देना होगा, आयात समाधान नहीं है। अपने उद्योगों के लिए कच्चेमाल की आपूर्ति के लिए चीन पर निर्भरता कम करनी होगी। जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटा की स्थिति कहते हैं। इसके विपरीत जब कोई देश आयात की तुलना में निर्यात अधिक करता है तो उसे ट्रेड सरप्लस की स्थिति कहते हैं। चीन, स्विट्ज़रलैंड, सऊदी अरब, इराक, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, नाइजीरिया, कतर, रूस, जापान और जर्मनी के साथ भारत का व्यापार घाटा अधिक है। अमेरिका, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग, नीदरलैंड्स, वियतनाम और श्रीलंका के साथ भारत का ट्रेड सरप्लस है। व्यापार घाटे का सीधा असर देश की आर्थिक स्थिति विशेषकर चालू खाते, रोज़गार सृजन, विकास दर और मुद्रा के मूल्य पर पड़ता है। यदि किसी देश का व्यापार घाटा लंबे समय तक बना रहता है तो उस देश की जीडीपी दर, नए रोज़गार, और मुद्रा के मूल्य पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। दरअसल, चालू खाते में एक बड़ा हिस्सा व्यापार संतुलन का होता है तथा जब व्यापार घाटा बढ़ता है तो चालू खाते का घाटा भी बढ़ जाता है। चालू खाता घाटा विदेशी मुद्रा के देश में आने और बाहर जाने के अंतर को दर्शाता है। निर्यात के ज़रिये विदेशी मुद्रा अर्जित होती है, जबकि आयात से विदेशी मुद्रा बाहर जाती है। इसलिए आयात को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। अधिक आयात का मतलब विदेशी मुद्रा भंडार पर अधिक बोझ। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भी भारत के शुल्क ढांचे के खिलाफ ईयू, चीन, जापान, कनाडा, रूस समेत कई देशों ने शिकायत की थी। शिकायत में भारत द्वारा निर्यातकों को सब्सिडी देने की योजना को डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लंघन माना है। इस बीच अमेरिकी दबाव बढ़ा है, ऐसे में भारत के लिए आयात कम करके निर्यात बढ़ाना एक बड़ी चुनौती होगी। हमें अपनी घरेलू बाजार क्षमता का दोहन करना चाहिए व हमें निर्यात बढ़ाने के उपाय करने चाहिए, जीएसटी रिफंड की कठिनाई दूर करनी चाहिए। निर्यात प्राथमिकता वाले क्षेत्र में हो। ग्लोबल ट्रेड मंच व एफटीए का विस्तार हो। अफ्रीकन, सार्क, आसियान, ब्रिक्स देशों में निर्यात बढ़ाने के अवसर हैं। हाईटेक निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

## आस्था

प्रो. महेश चंद गुप्ता



# महाकुंभ के दौरान साठ करोड़ ने संगम में क्यों लगाई डुबकी

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम में माघ पूर्णिमा के दिन जब मैं डुबकी लगा रहा था तो मेरे इर्द-गिर्द हजारों, लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों लोग स्नान कर अपने को पुण्यभागी मान रहे थे। अब तक कुल मिलाकर करीब साठ करोड़ लोग महाकुंभ स्नान कर चुके हैं। दो दिन तक प्रयागराज प्रवास और फिर लौटते हुए यही प्रश्न मन-मस्तिष्क में कौंध रहा है कि देश की आधी आबादी महाकुंभ में क्यों पहुंच गई है। आखिर साठ करोड़ लोगों ने कुंभ में डुबकी क्यों लगाई है? अपने आपसे यह प्रश्न पूछ रहा हूं और इसका जवाब हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं। जीवन के सत्तर बरसों में आज तक बहुत कम ऐसे प्रश्न खड़े हुए हैं, जिनका समुचित उत्तर पाने के लिए इतना सोचना पड़ रहा हो। कई बार अर्ध कुंभ एवं कुंभ दर्शन किए हैं पर 144 साल बाद आया महाकुंभ तो हैरत में डाल रहा है। सोच रहा हूं क्या महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन है? अपने ही अन्तर्मन से जवाब मिलता है-नहीं...नहीं... यह तो सनातन संस्कृति की अक्षुण्ण धारा, आस्था की शक्ति और मोक्ष की ओर बढने का अद्भुत साधन है। यह हमारी उन परंपराओं का प्रतीक और प्रमाण है, जो सदियों की गुलामी और समय के थपेड़ों के बावजूद आज भी जीवित हैं। संसार में कई सभ्यताएं मिट गईं लेकिन भारतीय संस्कृति का अस्तित्व अपनी मूल आत्मा के साथ आज भी बरकरार है। यह महाकुंभ न केवल धार्मिक जागरूकता का प्रतीक है बल्कि भारतीय समाज की एकता, समरसता और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। मैंने प्रयागराज में संगम पर विभिन्न प्रांतों से पधारे देशवासियों से चर्चा की। निष्कर्ष यह निकला कि उनके लिए महाकुंभ में स्नान केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मशुद्धि और मोक्ष की यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण भी है। मेरे आसपास जैसे ही श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के महासंगम में डुबकी लगाई, उनके चेहरे के भावों से ऐसा लगा-जैसे उन्हें जीवन का सर्वोच्च आनंद प्राप्त हो गया हो। मैंने केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, गुजरात और तमाम राज्यों से आए श्रद्धालओं को अपनी तकलीफें और जीवन की परेशानियां भूलकर एक नई ऊर्जा से भरते हुए देखा। मैंने उन्हें देख यह महसूस किया कि यही सनातन धर्म की शक्ति है जहां आस्था और विश्वास से हर कठिनाई छोटी लगने लगती है।

क्या महाकुंभ केवल एक उत्सव है, कुछ श्रद्धालुओं से पूछा तो वह बोले- महाकुंभ हमें आत्मचिंतन और आत्मबोध की प्रेरणा भी देता है। हम इसे मात्र तीर्थयात्रा नहीं मानते बल्कि इसे जीवन को बदलने वाली आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अनुभव करते हैं। मुझे प्रयागराज में ऐसे संतों के दर्शन हुए जिन्हें कुछ भी नहीं चाहिए था और ऐसे सांसारिक लोग भी मिले जिन्हें बहुत कुछ पाने की चाह थी। कई लोग जीवन की आपाधापी से परेशान होकर मानसिक शांति की तलाश में आए थे तो कुछ लोग यात्रा के तमाम कष्ट उठा कर केवल इस दिव्य तीर्थ अनुभव का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे हैं। हर तरफ अपार जन ज्वार देखकर एक बात समझ में आई कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की जीवंतता, इसकी गहराई और व्यापकता का सबसे बड़ा प्रमाण है। महाकुंभ प्रेम, अपनत्व और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करता है। प्रयागराज में हर कोई जाति, धर्म, वर्ग और सामाजिक स्थिति से ऊपर उठकर केवल श्रद्धालु बनकर ही आया है। महाकुंभ पर्व ने बता दिया है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और मजबूत हैं जो सफलता से खड़ी हैं। महाकुंभ राष्ट्र की मजबूती का प्रतीक भी बनकर उभरा है। इसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए हैं। एक आम श्रद्धालु से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक। महाकुंभ में न जाति का भेद दिखता है, न ऊंच-नीच का अंतर। हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, समाज या वर्ग से हो, समान भाव से महासंगम में स्नान कर रहा है। इस प्रकार महाकुंभ ने हमारे समाज की एकता और भाईचारे का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसमें देश के व्यावसायियों, उद्योगपतियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने केन्द्र व राज्य सरकार, संतों और अखाड़ों के साथ कदम से कदम मिलाकर सुविधाओं का विस्तार करके नए आयाम स्थापित किए हैं। यूपी सरकार के अनुसार इस महा आयोजन से रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और लगभग तीन लाख करोड़ का राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने अपनी श्रद्धा से करोड़ों रुपये खर्च कर भंडारे और सेवा शिविर लगाएं हैं, जिससे लाखों लोगों को भोजन और आवश्यक सुविधाएं मिली हैं।

(लेखक चिंतक, शिक्षाविद् व वक्ता हैं। डीयू में 44 वर्ष तक प्रोफेसर रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भूकंप बड़े संकट की आहट तो नहीं



## विश्लेषण

योगेश कुमार गोयल

कुछ भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि अक्सर कई छोटे भूकंप बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर खतरा इसलिए भी जताया जाता रहा है क्योंकि पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में यदि यहां 6 से अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो वह भारी तबाही मचा सकता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। ऐसे में सवाल है कि भूकंप से बचाव के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है?

दिल्ली-एनसीआर में 17 फरवरी की सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटकों ने अचानक लोगों की नींद उड़ा दी और दहशत में लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगी और ऐसा लगा मानो कोई बम ब्लास्ट हुआ हो। हालांकि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, नई दिल्ली में आया भूकंप रिक्टर स्केल पर 4.0 तीव्रता वाला ही था लेकिन इसका केंद्र नई दिल्ली में जमीन से केवल पांच किलोमीटर की गहराई पर ही था, इसीलिए इसकी गहराई कम होने और केंद्र दिल्ली में होने के कारण ही दिल्ली-एनसीआर में इसे ज्यादा महसूस किया गया। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगी, पेड़ों पर बैठे पक्षी भी तेज आवाज के साथ इधर-उधर उड़ने लगे और लोग खौफ के साये में अपने घरों से बाहर निकल गए। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, कई वर्षों के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा और इसी कारण यहां लोगों को भूकंप के झटके काफी देर तक महसूस हुए। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली के धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास था। राहत की बात यही है कि भूकंप के झटकों से जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन लोगों के मन में सवाल यही है कि कहीं दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत में हल्के और मध्यम भूकंप के झटके हिमालय क्षेत्र में किसी बड़े भूकंप की आशंका को तो नहीं बढ़ा रहे।

दरअसल कुछ भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि अक्सर कई छोटे भूकंप बड़ी तबाही का संकेत होते हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर खतरा इसलिए भी जताया जाता रहा है क्योंकि पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में यदि यहां 6 से अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो वह भारी तबाही मचा सकता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकंप आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि ऐसा भीषण भूकंप कब आएगा, इस बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका कोई सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है। दरअसल भूकंप के पूर्वानुमान का न तो कोई उपकरण है और न ही कोई मैकेनिज्म। दिल्ली में बड़े भूकंप के खतरे को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग के भूकंप रिस्क असेसमेंट सेंटर द्वारा कुछ समय पहले दिल्ली-एनसीआर में इमारतों के मानक में शीघ्रातिशीघ्र बदलाव किए जाने का परामर्श दिया गया था। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में आ रहे भूकंपों को लेकर अध्ययन चल रहा है। उनका कहना है कि इसके कारणों में भू-जल का गिरता स्तर भी एक प्रमुख वजह सामने आ रही है, इसके अलावा अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दिल्ली की ऊंची-ऊंची आलीशान इमारतें और अपार्टमेंट किसी बड़े भूकंप को झेलने की स्थिति में हैं?

विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में बार-बार आ रहे भूकंप के झटकों से पता चलता है कि दिल्ली-एनसीआर के फॉल्ट इस समय सक्रिय हैं और इन फॉल्ट में बड़े भूकंप



की तीव्रता 6.5 तक रह सकती है। इसीलिए विशेषज्ञ कहते रहे हैं कि बार-बार लग रहे भूकंप के इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मानते हुए दिल्ली को नुकसान से बचने की तैयारियां कर लेनी चाहिए। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में निरन्तर लग रहे झटकों को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट भी कई बार कड़ा रूख अपना चुका है। हाईकोर्ट ने कुछ समय पहले दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी, दिल्ली छावनी परिषद, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि तेज भूकंप आने पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? अदालत द्वारा चिंता जताते हुए कहा गया था कि सरकार और अन्य निकाय हमेशा की भांति भूकंप के झटकों को हल्के में ले रहे हैं जबकि उन्हें इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। अदालत का कहना था कि भूकंप जैसी विपदा से निपटने के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है क्योंकि भूकंप से लाखों लोगों की जान जा सकती है। दिल्ली सरकार तथा एमसीडी द्वारा दाखिल किए गए जवाब पर सख्त टिप्पणी करते हुए अदालत यहां तक कह चुकी है कि भूकंप से शहर को सुरक्षित रखने को लेकर उठाए गए कदम या प्रस्ताव केवल कागजी शेर हैं और ऐसा नहीं दिख रहा कि एजेंसियों ने भूकंप के संबंध में अदालत द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन किया हो। दिल्ली-एनसीआर भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। इसीलिए अदालत को कहना पड़ा था कि केवल कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा बल्कि सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ठोस काम करने की जरूरत है। वास्तविकता यह है कि पिछले कई वर्षों में भूकंप से निपटने की तैयारियों के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हुई है।

दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ समय में आए भूकंप के ज्यादातर झटके भले ही रिक्टर पैमाने पर कम तीव्रता वाले रहे हों और 17 फरवरी को आया भूकंप भी रिक्टर पैमाने पर 4.0 तीव्रता का ही रहा हो किन्तु इस भूंकप के जोरदार झटकों ने जिस कदर लोगों को खौफजदा कर दिया, ऐसे में भूकंप पर शोध करने वाले ऐसे झटकों को बड़े खतरे की आहट मान रहे हैं। इसीलिए अधिकांश भूकंप विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर की इमारतों को भूकंप के लिए तैयार करना शुरू कर देना चाहिए ताकि बड़े भूकंप के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। एक अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में करीब 90 फीसदी मकान क्रंकीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसदी इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकंप को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसदी हिस्सा जोन-5 में आता है, जो भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6 से 6.6 तीव्रता के भूकंप को झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5 से 5.5 तीव्रता का भूकंप ही सह सकती हैं। विशेषज्ञ बड़ा भूकंप आने पर दिल्ली में जान-माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि करीब 2.25 करोड़ आबादी वाली दिल्ली में प्रतिवर्ग किलोमीटर दस हजार लोग रहते हैं और कोई बड़ा भूकंप 300-400 किलोमीटर की रेंज तक असर दिखाता है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप की तीव्रता की अधिकतम सीमा तय नहीं की गई है। हालांकि रिक्टर स्केल पर 7 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप को अधिक खतरनाक माना जाता है। रिक्टर स्केल पर 2 या उससे अधिक तीव्रता वाला भूकंप 'सूक्ष्म भूकंप' कहलाता है, जिसके झटके सामान्यतः महसूस नहीं होते। 4.5 की तीव्रता वाले भूकंप घरों को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं। बहरहाल, यहां सवाल यह है कि निरन्तर आ रहे भूकंप को रोका कैसे जाए और इसके लिए क्या कदम उठाए जाएं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है आत्म-प्रतिस्पर्धा




संकलित

दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित

प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रंप-मोदी ने तैयार किया एआई विकास का रोडमैप


अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जिस गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। अपेक्षा के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका के साथ अपने कारोबारी, कूटनीतिक एवं तकनीकी विकास से संबंधित हितों की जोरदार पैरवी की। एफ-35 लड़ाकू विमान पर डील और मुंबई आतंकी हमले से संबंधित कुख्यात आतंकी तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पित करने का फैसला इस बैठक की बड़ी कामयाबी मानी जा सकती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में साथ मिलकर प्रगति करने को लेकर जो सहमति बनी है, वह निश्चय ही सराहनीय और भविष्य की कई उम्मीदें जगाने वाली है।

*– विकास गुप्ता, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### द. कोरिया ने डीपसीक के एआई ऐप पर लगाई रोक

चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' के चैटबॉट ऐप को डाउनलोड करने पर दक्षिण कोरिया में अस्थाई तौर पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के कृत्रिम मेधा स्टार्टअप 'डीपसीक' को लेकर चिंताएं हैं कि ऐप बेहद संवेदनशील जानकारी एकत्र कर रहा है। दक्षिण कोरिया के व्यक्तिगत सूचना संरक्षण आयोग ने कहा कि 'डीपसीक' के ऐप को शनिवार शाम को 'एप्पल' के ऐप स्टोर और 'गूगल प्ले' के स्थानीय संस्करणों से हटा दिया गया है। आयोग ने कहा कि कंपनी ने ऐप को पुनः लॉन्च करने से पहले गोपनीयता सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए एजेंसी के साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की है।





यह कार्रवाई उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित नहीं करेगी जिन्होंने पहले से ही अपने फोन पर 'डीकसीक' डाउनलोड कर लिया है या जो इसे निजी कंप्यूटर पर इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण कोरियाई आयोग के जांच प्रभाग के निदेशक नैम सेओक ने देश में डीपसीक के उपयोगकर्ताओं को सलाह दी है कि वे अपने मोबाइल से ऐप को हटा दें या जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उन उपकरणों में व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करने से बचें जिसमें इन्हें डाउनलोड किया गया है।

## ऑफ बीट

### पालतू जानवरों को प्रभावित करेगा जलवायु परिवर्तन

तापमान का रिकार्ड दर्ज करने की शुरूआत के बाद से पृथ्वी ने अपने सबसे गर्म महीने का अनुभव किया है और ऑस्ट्रेलिया अब अल नीनो से प्रेरित गर्मियों का सामना करने की तैयारी कर रहा है।



अत्यधिक गर्मी न केवल मनुष्यों के लिए चुनौतीपूर्ण है – यह हमारे प्यारे पालतू जानवरों के लिए भी कष्टप्रद होती है। जिस शोध में मैं शामिल था उसमें इस बात की जांच की गई कि जलवायु परिवर्तन पालतू जानवरों सहित सभी जानवरों को कैसे प्रभावित करता है। यह पालतू जानवरों पर ही नहीं बल्कि जंगली और पालतू जानवरों दोनों पर लागू होता है। मछलियाँ 'एक्टोथर्म्स' होती हैं – यानी, वे अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए गर्मी के बाहरी स्रोतों का उपयोग करती हैं। इसलिए पालतू मछलियाँ आपके घर के एक्वेरियम के पानी के तापमान में बदलाव के प्रति संवेदनशील होती हैं, जो गर्मी के दौरान हो सकता है। पानी का अत्यधिक तापमान मछलियों को शारीरिक नुकसान पहुंचा सकता है। उदाहरण के लिए, यह मछली की चयापचय दर को बढ़ा सकता है – जिसका अर्थ है कि उसे सांस लेने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। यह धीमी वृद्धि और कम भोजन जैसे परिवर्तन भी पैदा कर सकता है।

## ट्रेंड

### गांव की आर्थिकी मजबूत हों



किसी गांव या गांवों के समूह में एक ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए, जहां खेतों में सूक्ष्म उद्योग हों और जो कृषि उपज में मूल्य जोड़ते हों, जो पशुधन और उत्पादित दूध में मूल्य जोड़ते हों। इससे एक स्थायी समाज विकसित करने में मदद मिलेगी। सूक्ष्म उद्योगों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### एक आदर्श राजनेता कर्पूरी



देश में जब भी सामाजिक न्याय और पिछड़े व वंचित वर्गों के अधिकारों की बात होती है, तो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' कर्पूरी ठाकुर जी का नाम सदैव सम्मान के साथ लिया जाता है। वे एक आदर्श राजनेता रहे।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कर्पूरी को विनम्र श्रद्धांजलि



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर जी वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे। सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### कार्यकर्ता निराश न हों



दिल्ली चुनाव भी दो पार्टियों के बीच ज्यादातर 'राजनीतिक द्वेष व चुनावी छलावा' ही बनकर रह गया। बसपा कार्यकर्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से निराश न हों और पूरे जोर-शोर से आंबेडकरवादी संघर्ष जारी रखें।

**-मायावती, बसपा प्रमुख**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

खुशहाल मध्य प्रदेश



# मध्य प्रदेश में उद्योग लगाने और उसके संचालन के लिए बुनियादी ढांचा बेहद मजबूत और सुगम



मध्यप्रदेश में विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां, बिजनेस लीडर्स, उद्योगपति, निवेशक और विशेषज्ञ, यह सभी एक मंच पर साथ आ रहे हैं। यह मंच है वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट यानी जीआईएस)। राज्य में निवेश के अनंत अवसरों को प्रदर्शित करने वाला यह महासम्मेलन 24 एवं 25 फरवरी 2025 को राज्य की राजधानी भोपाल में आयोजित हो रहा है। भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए दृढ़संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के विकास को नई उंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निवेश की अनंत संभावनाओं के साथ निवेशकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। देश के मध्य में स्थित मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राज्य है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का दूसरा और जनसंख्या के हिसाब से पांचवा सबसे बड़ा राज्य है।

मध्य प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस कार्यक्रम एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य व्यापार संचालन और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है। यह कार्यक्रम नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाता है और आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए आने वाली बाधाओं को कम करता है। प्रमुख सुधारों में ऑनलाइन पंजीकरण, लाइसेंसिंग और परमिट अनुमोदन जैसी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण शामिल है। इससे उद्यमियों के लिए समय और लागत में काफी कमी आई है। राज्य ने निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने के लिए समयबद्ध और पारदर्शी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करते हुए, क्लीयरेंस और अनुमोदन को सुव्यवस्थित करने के लिए इन्वेस्ट एमपी सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है।

## लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग

राज्य में 40 एमएमटी की भंडारण क्षमता और 13.2 एमएमटी की कोल्ड स्टोरेज क्षमता उपलब्ध है। मध्यप्रदेश स्टील साइलो के निर्माण में अग्रणी राज्य है। इंदौर और भोपाल में आगामी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क इस क्षेत्र में विकास को नया आयाम देगा।

## वस्त्र और परिधान

भारत के जैविक कपास उत्पादन में43% और विश्व के जैविक कपास उत्पादन में24% हिस्सेदारी मध्यप्रदेश की है। मध्य प्रदेश में 60 से ज्यादा बड़ी कपड़ा मिलें और हजारों करघे संचालित हैं। इंदौर में रेडीमेड गारमेंट और अपैरल क्लस्टर में 1,200 से अधिक इकाइयाँ हैं। मध्य प्रदेश चंदेरी, टसर महेश्वरी, बाघ प्रिंट, हैंड-ब्लॉक प्रिंट, बाटिक प्रिंट आदि जैसे पारंपरिक वस्त्रों का घर है।



## ऑटोमोबाइल उद्योग में मजबूत

मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल, पीथमपुर और देवास भारत के प्रमुख ऑटो क्लस्टर हैं।प्रदेश में 2800 से अधिक इंजीनियरिंग निर्माता और 10 से ज्यादा मूल उपकरण निर्माता हैं। प्रदेश का नेटरेक्स एशिया का सबसे लंबा हाई-स्पीड टेस्ट ट्रैक, जिसकी लंबाई 11.3 किमी है। यहां 14 टेस्ट ट्रैक और 5 ऑटो विशिष्ट प्रयोगशालाएँ हैं। 4,500 हेक्टेयर पीथमपुर ऑटो क्लस्टर में 25,000 से ज्यादा लोग कार्यरत हैं।

## कृषि, खाद्य एवं दुग्ध प्रसंस्करण में अग्रणी

प्रदेश दलहन और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। खाद्यान्न और फूलों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। राज्य जैविक फसल उत्पादन में अग्रणी है।यहां 11 कृषि जलवायु क्षेत्र हैं।खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 70 से ज्यादा बड़ी और 3800 से भी अधिक एमएसएमई इकाइयाँ कार्यरत हैं।

## फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण एवं स्वास्थ्य सेवा

राज्य में 270 से अधिक फार्मा इकाइयाँ मौजूद हैं। फार्मा सेक्टर में 1,00,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। बड़ी संख्या में डब्ल्यूएचओ-जीएमपी, यूएसएफडीए अनुपालन इकाइयाँ मौजूद हैं। राज्य ने वित्त वर्ष 2022 में 10,770 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की फार्मास्युटिकल्स का निर्यात किया। प्रदेश से संयुक्त राज्य अमेरिका, यूके, रूस, नीदरलैंड, जर्मनी और ब्राजील सहित 150 से ज्यादा देशों को निर्यात होता है। 20 से अधिक मेडिकल डिवाइस इकाइयाँ और 250 से ज्यादा इकाइयाँ मेडिकल डिवाइस के पुर्जे बनाती हैं। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में 360 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क फैला हुआ है।

## वो सबकुछ मौजूद है जो उद्योगों के लिए जरूरी है

- *मध्यप्रदेश में 3 लाख किलोमीटर से अधिक फैला हुआ विस्तृत सड़क नेटवर्क है। यहां 5 वाणिज्यिक हवाई अड्डे और 26 हवाई पट्टियों की व्यवस्था है।*
- *प्रदेश में 1.25 लाख एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि उपलब्ध है। इसके साथ 112 विकसित या विकासशील औद्योगिक क्षेत्र और 14 ग्रीनफील्ड साइट्स मौजूद हैं।*
- *राज्य जल-आपूर्ति के क्षेत्र में भी अग्रणी है। यहां 1,000 एमसीएम से अधिक प्रचुर औद्योगिक जल आपूर्ति की उपलब्धता है।*
- *प्रदेश में प्रतिस्पर्धी टैरिफ के साथ 24गुणा7 स्थिर बिजली आपूर्ति की जाती है।चुनिंदा औद्योगिक क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार विशेष सुविधा भी देती है।*
- *मध्यप्रदेश में प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के पास आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ग्लोबल स्किल पार्क, आईटीआई और मेगा आईटीआई की उपस्थिति है।*
- *राज्य खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, सब्जियों और फलों का अग्रणी उत्पादक है।*



## सूचना प्रौद्योगिकी एवं पर्यटन

मध्यप्रदेश में 4 आईटी एसईजेड, 10 आईटी पार्क, 2 ईएमसी क्लस्टर और 150 से ज्यादा ईएसडीएम इकाइयाँ मौजूद हैं। प्रदेश में 2500 से अधिक डीपीआईआईटी पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जिनमें से 280 से अधिकआईटी-सेवा आधारित स्टार्टअप हैं। राज्य में आईआईटी, आईआईएम और 330 से भी ज्यादातकनीकी संस्थान और आईटीआई की उपस्थिति के साथ अत्यधिक कुशल प्रतिभा पूल की उपलब्धता है। मध्यप्रदेश भारत का टाइगर राज्य है। यहां 11 राष्ट्रीय उद्यान और 6 बाघ अभ्यारण्यों सहित 24 वन्यजीव अभ्यारण्य हैं। 3 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल (सांची, खजुराहो और भीमबेटका) और उज्जैन, ओंकारेश्वर, अमरकंटक जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण विरासत स्थल हैं।

## रोजगार और उद्योग का हब बन रहा मध्य प्रदेश

# पीएम मोदी की नीतियों को अपनाने में अग्रणी है मध्य प्रदेश की मोहन सरकार



*केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को मप्र की मोहन सरकार ने बड़ी कुशलता के साथ अपनाया है। उन पर अमल करके राज्य को खुशहाल बनाया जा रहा है। अब रोजगार और उद्योग का बड़ा हब बन रहा है। डॉ.मोहन यादव सरकार के डबल इंजन से खुशहाली और उन्नति के पथ पर मप्र लगातार दौड़ रहा है, लेकिन अब तीसरा नई ऊर्जा वाला इंजन (बजट) प्रदेश को मिला है, इससे विकास की गति तीन गुना हो जाएगी।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का आम बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से लेकर किसान और युवाओं तक जो अभूतपूर्व सौगातें दी हैं, उसका मध्यप्रदेश में भी खासा प्रभाव दिखाई देगा।

विशेष रूप से 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2025 को लेकर निवेश की संभावनाओं को काफी मजबूती मिली है। बजट में जो घोषणाएं हैं, उससे न केवल उद्योग जगत सशक्त होगा, बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। यह सुखद संयोग है कि फरवरी माह के पहले दिन केंद्र सरकार द्वारा आम बजट पेश किया गया है, और इसी माह 24 और 25 तारीख को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों से निवेश की अनंत संभावनाओं वाले इस महासम्मेलन को लेकर उद्योग जगत में पहले से ही उत्साह है और अब केंद्र सरकार की उद्योग जगत के हितों में की गई घोषणाओं से इस समिट की सफलता कई गुना बढ़ी है।



### भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान हो रहे विकसित

*देश के शीर्ष 50 टूरिज्म स्पॉट को राज्यों की सहायता से और विकसित किया जाएगा। भगवान बुद्ध से जुड़े स्थान विकसित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में सांची बौद्ध अनुयायियों के लिए धार्मिक पर्यटन का विशिष्ट स्थल है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के बढ़ते कदम का लाभ बजट में की गई उस घोषणा से मिलेगा, जिसमें कहा गया है कि मेडिकल टूरिज्म के लिए वीजा नियमों को आसान किया जाएगा।*

### 20 हजार करोड़ किए गए आवंटित

*मध्यप्रदेश का इंदौर स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी स्थान रखता है। इनोवेटिव्स के लिए बजट में 20 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। नेक्स्ट जनरेशन के स्टार्टअप के लिए डीप टेक फंड पर विचार किया जाना मध्यप्रदेश के युवाओं को नए अवसर दे रहा है। स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया गया है। गारंटी फीस में भी कमी होगी। एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान स्वागत योग्य है।*

### आर्थिक प्रगति ही प्राथमिकता

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आर्थिक प्रगति को प्राथमिकता में रखा है, उसे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सतत आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार के बजट में उद्योग जगत सहित युवाओं और किसानों को सौगातें मिली हैं। मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की संभावनाओं को आम बजट ने और अधिक विस्तार दिया है। मध्यप्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और बेहतरीन वातावरण को इस बजट में जो ऊर्जा दी है, वह आने वाले समिट में स्पष्ट दिखाई देगा।*

**चंद्रमौली शुक्ला**, एमडी, एमपीआईडीसी

### किसानों को राहतः केसीसी से 5 लाख का कर्ज

*ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों की प्राथमिकता में कृषि क्षेत्र भी है। केंद्रीय बजट में अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस किया गया है। कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी। इन सौगातों का सीधा लाभ मध्यप्रदेश के किसानों के साथ कृषि और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश करने वालों को मिलेगा। आम बजट में उद्योगों के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, वह मध्यप्रदेश में मौजूदा कंपनियों के साथ आने वाले निवेशकों के लिए भी सौगात है। छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे। एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा।*

### लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा

बजट में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि निवेश हमारी सरकार का तीसरा इंजन है। ग्रीन एनर्जी और ईवी तकनीक को ज्यादा बढ़ावा दिया जाएगा। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। अब देश में राज्य खनन सूचकांक की स्थापना होगी। इससे लघु खनिजों समेत खनन सेक्टर को फायदा होगा। खनन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद है। खनन को लेकर निवेशकों का एक सम्मेलन भोपाल में पहले आयोजित किया जा चुका है, जिसमें 20,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए थे।

### अक्षय ऊर्जा में मप्र में हो रहे नवाचार

अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष प्रकार की आरई नीति वाला पहला राज्य है। प्रदेश के सांची को नेट जीरो कार्बन अवधारणा पर मध्य प्रदेश के पहले सौर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।नर्मदापुरम में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए समर्पित विनिर्माण क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। लगभग 62 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता और 11 गीगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन प्रदेश में उपलब्ध हैं। मध्य प्रदेश में 2,750 मेगावाट (2.75 गीगावाट) की कुल क्षमता वाले 5 बड़े सौर संयंत्र हैं।

D-16116/24

# फ्यूचरब्रांड इंडेक्स की वैश्विक रैंकिंग में रिलायंस दूसरे पायदान पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज फ्यूचरब्रांड इंडेक्स की 2024 की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर है। कंपनी ने इस मामले में एप्पल और नाइकी जैसे बड़े ब्रांड को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान हासिल किया है।

- रिलायंस ने 11 स्थानों की छलांग लगाई पिछले साल 13वें स्थान पर थी

यह रैंकिंग उन ब्रांड को सामने लाती है जो बाजार में हो रहे बदलाव से आगे रहते हुए, ब्रांड उद्देश्य और अनुभव दोनों को पूरा करने के लिए लगातार रणनीति तैयार करते हैं और उसे अमल में लाते हैं। रिलायंस ने 11 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। पिछले साल कंपनी 13वें स्थान पर थी।

**भारतीय कंपनी ने एप्पल, नाइकी जैसे नामी ब्रांड को पीछे छोड़ा**

### रैंकिंग में दुनियाभर के पेशेवर शामिल होते हैं

फ्यूचरब्रांड पहली 100 कंपनियों की रैंकिंग करता है। रैंकिंग में दुनियाभर के पेशेवर शामिल होते हैं। पारंपरिक रैंकिंग का आधार वित्तीय प्रदर्शन पर केंद्रित होता है। इसके उलट, फ्यूचरब्रांड सूचकांक इस बात पर गहराई से विचार करता है कि दुनियाभर के पेशेवर ब्रांड को कैसे देखते हैं। रैंकिंग में वे ब्रांड आगे हैं जो लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लगातार रणनीति विकसित करते रहते हैं, और बाजार में होने वाले बदलावों में दूसरी कंपनियों से आगे रहते हैं।




### भविष्य के ब्रांड समय अनुकूल बदलते हैं

फ्यूचरब्रांड इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट में कहा गया, ''भविष्य का ब्रांड आने वाले समय की सफलता के लिए तैयार ब्रांड है। भविष्य के ब्रांड अपनी मूल पहचान को खोए बिना बदलती उपभोक्ता अपेक्षाओं, तकनीकी प्रगति और बाजार की गतिशीलता को पहचान कर उसके अनुकूल बदलते हैं। उन्हें इस बात का पता होता है कि वे कौन हैं और क्या कर रहे हैं।''

### सूची में कोरिया की सैमसंग पहले स्थान पर

रैंकिंग में रिलायंस अब एप्पल, नाइकी, वॉल्ट डिजनी, नेटफ्लिक्स, माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल और टोयोटा जैसे जाने-माने वैश्विक ब्रांड से आगे है। सूची में दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग पहले स्थान पर है। रिलायंस एकमात्र भारतीय ब्रांड है, जिसे सूची में जगह मिली है।

### पहले दस में सात अमेरिका के ब्रांड थे

रिपोर्ट में कहा गया, ''समय के साथ स्थिति बदली हैं। 2014 में, शीर्ष दस ब्रांड में से सात अमेरिका के थे। लेकिन 2024 में इसमें चार अमेरिकी ब्रांड और पांच एशिया प्रशांत (एपीएसी) और एक पश्चिम एशिया से हैं...।''

## सेल 11 अधिकारियों को सेवानिवृत्त करेगा

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने संयंत्रों/इकाइयों में विभिन्न स्थायी समितियों की सिफारिशों पर गौर करने के बाद 11 अधिकारियों को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना संख्या: LS-GD-2025-Ovh-Compressor; कार्य का नाम:** 1 वर्ष के लिए गोण्डा और गोरखपुर इलेक्ट्रिक इंजनों के मुख्य कंप्रेसर की ओवरहॉलिंग। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹46,03,263.85; **अग्रिम धन राशि (₹ में):** ₹92,100/-; **निविदा की अवधि:** 12 माह; • ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.03.2025, 12:00 बजे। • इस ई निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। • निविदाकार, ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
समविई/टीआरएस
मुजाधि/विद्युत–246 लोको शेड, गोण्डा
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## खबर संक्षेप

### सोना सर्वकालिक उच्चस्तर से फिसला, 1,200 रुपये टूटा

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से फिसल गया और 1,200 रुपये के नुकसान के साथ 88,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। स्टॉकिस्ट और खुदरा व्यापारियों की ताजा बिकवाली से सोने के दाम नीचे आए। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की छलांग के साथ 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

### अजाक्स इंजीनियरिंग की बाजार में खराब शुरुआत

**नई दिल्ली।** केदारा कैपिटल समर्थित कंक्रीट उपकरण विनिर्माता अजाक्स इंजीनियरिंग का शेयर अपने निर्गम मूल्य 629 रुपये से आठ प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 5.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 593 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 10.17 प्रतिशत फिसलकर 565 रुपये पर आ गया।

## एफआईआई की बिकवाली को लेकर चिंता की दूर

# मुनाफा काटने के लिए विदेशी निवेशक बेच रहे हैं भारतीय शेयर : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली को लेकर चिंता को दूर करते हुए कहा कि भारत में निवेश करने वालों को अच्छा रिटर्न (प्रतिफल) मिल रहा है और इससे वे मुनाफावसूली कर रहे हैं।*

सीतारमण ने बातचीत में कहा कि भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जहां निवेशकों को बेहतर रिटर्न मिल रहा है, जिससे मुनाफावसूली होती है। उन्होंने कहा, ''एफआईआई भी तब बाहर जाते हैं जब वे मुनाफावसूली करने में सक्षम होते हैं। आज भारतीय बाजार में ऐसा माहौल है कि निवेश पर अच्छा रिटर्न भी मिल रहा है और मुनाफावसूली भी हो रही है।''

- भारत में निवेश करने वालों को अच्छा रिटर्न मिल रहा
- अच्छे रिटर्न पर विदेशी निवेशक मुनाफावसूली कर रहे
- एफआईआई तब बाहर जाते हैं जब वे मुनाफावसूली करने में सक्षम होते हैं

### अक्टूबर से 1.56 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेचे

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफआईआई ने पिछले साल अक्टूबर से 1.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की कुल पूंजी निकासी इस साल अबतक 99,299 करोड़ रुपये पहुंच गयी है। इससे बाजार में गिरावट आई है और निवेशकों को नुकसान हुआ।

### भारतीय बाजार मजबूत है: पांडेय

वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि एफआईआई एक उभरते बाजार से दूसरे बाजार में नहीं जा रहे हैं। वैश्विक अस्थिरता के समय में एफआईआई अपने मूल देश वापस चले जाते हैं जो ज्यादातर अमेरिकी है। यही स्थिति अभी देखने को मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय बाजार मजबूत है और ये बदलाव अस्थायी हो सकते हैं।



*भारत ने सीमा शुल्क दरों में किया सुधार : सीतारमण ने शुल्क दर को लेकर अमेरिका के रुख पर एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत अधिक निवेशक अनुकूल बनने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने हाल में पेश बजट में सीमा शुल्क दरों में सुधार का जिक्र किया।*

### शेयर बाजार केवल सरकारी नीतियों पर काम नहीं करता

सेठ ने कहा कि शेयर बाजार केवल सरकारी नीतियों पर काम नहीं करता है। विदेशी निवेशक अनिश्चितताओं के दौर में विकसित या बड़े बाजारों में जाते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में वैश्विक घटनाक्रमों के बीच भारत ने मजबूती दिखायी है।

### बाजार में हस्तक्षेप की किसी भी संभावना से इंकार

पांडेय ने कहा, ''हमने पूर्व में वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया है और आगे भी उनका सामना करते रहेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि भारत इसे संभालने के लिए मजबूत स्थिति में है। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने भारी बिकवाली के कारण बाजार में सरकारी हस्तक्षेप के किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कदम केवल तभी उठाया जा सकता है जब बाजार की विफलता का कोई सबूत हो। वर्तमान में ऐसा कोई मामला नहीं है।

### बजट में वृद्धि को गति देने के कई उपाय

पांडेय ने कहा कि मांग-आपूर्ति के मुद्दों के अलावा, वृद्धि की संभावनाएं भी निवेशकों के व्यवहार को प्रभावित करती हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हाल ही में घोषित बजट में वृद्धि को गति देने वाले कई कई उपाय हैं।

## देश का निर्यात जनवरी में 2.38 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात जनवरी में 2.38 प्रतिशत घटकर 36.43 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। जनवरी, 2024 में यह 37.32 अरब डॉलर था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **करण,** पुत्र कन्नू, निवासी- बी-232, सेक्टर-1, रोहिणी, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली ने **ई-एफ आई आर नंबर 921/2020 धारा 379/411 भा.द.स थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **करण, ई-एफ आई आर नंबर 921/2020 धारा 379/411 भा.द.स थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 24.03.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेश से
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/1967/OD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रेमजीत राय@प्रेम@पम्मी, पुत्रः संता सिंह, पताः 26/392, न्यू मोती नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 214/03, U/s: 381/408/471/120-B IPC, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रेमजीत राय@प्रेम@पम्मी** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **प्रेमजीत राय@प्रेम@पम्मी** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रेमजीत राय@प्रेम@पम्मी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो। आदेशानुसार,
सुश्री नीतू शर्मा,
एसीजेएम–01, सेंट्रल, कमरा नंबर 366
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/1496/CD/2025

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट को मिली प्रतिष्ठित एएसीएसबी मान्यता

**नई दिल्ली।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, जिनके कैंपस लखनऊ, नोएडा, जयपुर और इंदौर में हैं, को एएसीएसबी इंटरनेशनल से मान्यता मिली है। इस उपलब्धि के साथ संस्थान दुनिया भर के 6 फीसदी से भी कम और भारत के 1 फीसदी बिजनेस स्कूलों की श्रेणी में आ गया है।1916 में स्थापित एसोसिएशन कॉलेजिएट स्कूल्स ऑफ बिजनेस (एएसीएसबी) सबसे लम्बे समय से बिजनेस शिक्षा को मान्यता प्रदान कर रहा है, तथा शिक्षकों, छात्रों एवं उद्योग जगत के लीडर्स को एक दूसरे के साथ जोड़कर उत्कृष्टता एवं बिजनेस प्रोफेशनल्स की नई पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है।एएसीएसबी मान्यता, एक सख्त प्रक्रिया पर आधारित है, जिसके लिए संस्थान को व्यापक पियर रीव्यू (समीक्षा) से होकर गुज़रना पड़ता है। इसके लिए ज़रूरी है कि स्कूल ने कई सालों तक अग्रगामी पाठ्यक्रम, उच्च प्रभाव के अनुसंधान, अध्यापन के आधुनिक तरीकों, नेतृत्व एवं समाज पर सकारात्मक प्रभाव का प्रदर्शन किया हो। संस्थान को इस मान्यता को हासिल करने के लिए सख्त अकादमिक मानक स्थापित करने होते हैं। ऐसे में यह मान्यता मिलना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जयपुरिया के समर्पण की पुष्टि करता है।उत्कृष्टता के लिए मान्यताजयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट के चारों कैंपस (लखनऊ, नोएडा, जयपुर और इंदौर) में हमारी लीडरशिप टीम, छात्रों, फैकल्टी, स्टाफ एवं प्रशासन के समर्पित प्रयासों के चलते हमें दुनिया के अग्रणी बिजनेस स्कूलों में शामिल किया गया है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 58 अंक की तेजी आई। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 57.65 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 644.45 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 30.25 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, ऐसी रिपोर्ट है कि अमेरिका और भारत शुल्क दर कम करने के लिए व्यापार समझौते की व्यापक रूपरेखा पर निर्णय लेने के लिए जल्द ही बैठक करेंगे।

### अंतिम घंटे में आई खरीदारी

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अंतिम घंटे में लिवाली से बाजार हल्की बढ़त में रहा। इसके साथ पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा।''

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

### कैम्पा बना आईपीएल का 'को-पावर्ड स्पॉन्सर', जियोस्टार से मिलाया हाथ

**बेंगलुरु।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) के ब्रांड कैम्पा ने जियोस्टार के साथ साझेदारी की है। आईपीएल 2025 में कैम्पा, टीवी और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म के लिए 'को-पावर्ड स्पॉन्सर' होगा। बताते चलें कि देश में सबसे ज्यादा देखे जाना वाले स्पोर्ट्स इवेंट आईपीएल का प्रसारण जियोस्टार पर होगा। साझेदारी में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क की क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण को भी जोड़ा गया है। जो कैम्पा ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने की गारंटी साबित होगा। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा कि आईपीएल के लिए जियोस्टार के साथ हमारी साझेदारी क्रिकेट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। टीवी और डिजिटल पर 'को-पावर्ड स्पॉन्सरशिप'हासिल करके, हम भारत के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। इस सहयोग से कैम्पा की पहुंच बढ़ेगी। जियोस्टार के बिजनेस हेड, स्पोर्ट्स रेवेन्यू, ईशान चटर्जी ने कहा, हम आईपीएल के लिए एक प्रमुख प्रायोजक के रूप में कैम्पा का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो नवीनतम इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माता हैं, ने आज श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के पूरे इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर रेंज, जिसमें लो-स्पीड और हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, के लिए विशेष वित्तीय समाधान प्रदान किए जाएंगे। यह पहल श्रीराम ग्रीन फाइनेंस कार्यक्रम के तहत चलाई जाएगी। इस सहयोग के तहत, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए एक प्रमुख वित्तीय भागीदार के रूप में कार्य करेगा और ग्राहकों को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करेगा। इससे ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना अधिक किफायती और सुगम हो जाएगा।

## द क्लाइमेट रियलिटी प्रोजेक्ट एक रियलिटी टूर जलवायु परिवर्तन को लेकर बढ़ेगी जागरूकता


**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर द्वारा स्थापित नॉन-प्रॉफिट क्लाइमेट ऑर्गेनाइज़ेशन (जलवायु संगठन), द क्लाइमेट रियलिटी प्रोजेक्ट एक रियलिटी टूर शुरू कर रहा है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। यह रियलिटी टूर जलवायु परिवर्तन पर बड़े फैसले लेने के लिए सरकारों को प्रेरित करेगा, लोगों को जागरूक करेगा और यूएनएफसीसीसी के सीओपी30 (ब्राज़ील) से पहले जलवायु को बेहतर बनाने के लिए ठोस संकल्पों की दिशा में माहौल तैयार करेगा। द क्लाइमेट रियलिटी प्रोजेक्ट के लिए पहली बार, अल गोर 12 भाषाओं में जलवायु संकट पर प्रस्तुति देंगे। इस टूर में मेटाफिजिक की अत्याधुनिक एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे दुनिया भर के लोग लाइव जुड़कर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और उसके समाधान के बारे में नवीनतम जानकारी हासिल कर सकेंगे। 2025 टूर के दौरान नई दिल्ली, कनाडा, फिलीपींस और दक्षिण अफ्रीका सहित नौ क्लाइमेट रियलिटी शाखाओं में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्र होंगे।

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता / निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली दवारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई–टेन्डर सिंगल पैकेट पद्धति के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा के प्रकार | ई–निविदा (सिंगल पैकेट) |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 287–सिग./नि./ति.ब्रिज/73/25 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में चंदौसी जंक्शन-अलीगढ़ जंक्शन सेक्शन के बीच समपार सं. 36/B कि.मी. 69/13-14 और लखनऊ जंक्शन - मुरादाबाद जंक्शन के बीच पिताम्बरपुर यार्ड में समपार सं. 352/C कि.मी. 1288/17–19 पर फ्लाईओवर के निर्माण के सबध में आवश्यक संकेत एवं दूरसंचार उपकरणों के यूटिलिटी शिफ्टिंग के प्रावधान हेतू। |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 44,88,337.64/- |
| 5 | निविदा फार्म की लागत | शून्य |
| 6 | बोली प्रतिभूति | Rs. 89,800/- |
| 7 | कार्य समापन की अवधि | 06 माह |
| 8 | निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता | दिनांक 17.02.2025 से 12.03.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 9 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 17.02.2025 से 12.03.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 26.02.2025 से 12.03.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा किया जाना है। |

पत्र सं. 287–सिग./नि./ति.ब्रिज/73/25 दिनांक 17.02.2025
548/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 5782




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 5781 का हल





## खबर संक्षेप



### स्वितोलिना का दुबई में जीत से आगाज

**दुबई।** दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना ने पिछली उपविजेता रूस की अन्ना कालिंस्काया को दुबई चैंपियनशिप के पहले दौर में 6-1, 6-2 से हरा दिया। पिछले साल कालिंस्काया क्वालीफाइंग दौर के जरिए पहुंची थी और लगातार तीन शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों को हराया था जिसमें नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक शामिल हैं। इस बार हालांकि वह यूक्रेन की स्वितोलिना के सामने टिक नहीं सकी। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू ने मारिया सक्कारी को 6-4, 6-2 से मात दी। अब वह 14वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से खेलेंगी।

### जीव लीजेंड्स टूर पर 19वें स्थान पर रहे

**मारबेला।** भारत के अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह रविवार को यहां 2025 लीजेंड्स टूर की मारबेला स्टेस्योर प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया।



उन्होंने चार बर्डी की लेकिन एक बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए। उन्होंने कुल तीन अंडर के स्कोर से शीर्ष 20 में जगह बनाई। जीव ने पहले दो दौर में 68 और 73 का स्कोर बनाया था।साइमन ग्रिफिथ्स ने कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ लीजेंड्स टूर का सत्र का पहला टूर्नामेंट जीता।

### गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल रद्द

**गुलमर्ग।** पांचवें खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का शनिवार से यहां शुरू होने वाला दूसरा सत्र क्षेत्र में पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया।



इसकी नई तारीखों का ऐलान मौसम में सुधार होने पर किया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बताया, 'खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का जम्मू कश्मीर चरण स्थगित कर दिया गया है।' गुलमर्ग में अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग, स्की पर्वतारोहण और स्नोबोर्डिंग स्पर्धाएं होनी थी। पहला चरण लेह में 23 से 27 जनवरी के बीच खेला गया जिसमें आइस हॉकी और आइस स्केटिंग स्पर्धाएं हुई थी।

### बुमराह की गैर मौजूदगी से उम्मीदें जगीं: कायेस

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरुल कायेस ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में उनकी टीम के पास 20 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के तेज आक्रमण को दबाव में लाने का मौका होगा।



कायेस ने कहा, 'भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है। लेकिन बुमराह टीम में नहीं है। हम सभी को पता है कि पिछले दो साल में उसने भारतीय क्रिकेट के लिए क्या किया है। उसकी गैर मौजूदगी से बांग्लादेश को फायदा मिलेगा।'

### पाकिस्तान पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है।









19 फरवरी से टूर्नामेंट का आगाज : 20 को भारत का पहला मैच

# चैंपियंस ट्रॉफी : बुमराह के बिना भारत की उम्मीदें शमी के जादू पर, पाक में नहीं लगा भारत का झंडा

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

मोहम्मद शमी के दाहिने हाथ में जादुगर सा फन है और अपनी कलाई के झटके से वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को चकमा दे सकते हैं लेकिन क्या वह इस जादू से भारत को बारह साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद कर सकते हैं ?

प्रशंसकों को उम्मीद है कि शमी इस टूर्नामेंट में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देंगे। बुमराह चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वैसे शमी की तैयारियों को लेकर काफी चिंताएं भी हैं। भारतीय टीम को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को पहला मैच खेलना है। चौंतीस वर्ष के शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों और अलग अलग प्रारूप में कुछ मैच खेले हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंट में अपेक्षाओं पर खरे उतरने का दबाव अलग होता है। ऐसे में बुमराह की गैर मौजूदगी में उन पर दबाव और बढ़ जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी के साझेदार अर्शदीप सिंह होंगे लेकिन वह बुमराह की श्रेणी के गेंदबाज नहीं हैं।

### नई गेंद से करना होगा कमाल

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी का मानना है कि शमी के पास काफी अनुभव है और वह इस चुनौती का सामना कर लेंगे। बालाजी ने कहा, 'उसने 2019 वनडे विश्व कप और पिछले विश्व कप (2023) में बुमराह से बेहतर गेंदबाजी की थी। बुमराह विभिन्न प्रारूपों में चैंपियन गेंदबाज है लेकिन शमी के पास अनुभव है और बुमराह के आने से पहले भारत के आक्रमण की जिम्मेदारी उसी पर थी। अगर भारत को अच्छा प्रदर्शन करना है तो शमी को नई गेंद से कमाल करना होगा। पहले छह ओवर में नई गेंद से प्रदर्शन भारत के लिए काफी मायने रखेगा। अगर वह शुरुआती कामयाबी दिला सका तो भारत का मनोबल काफी बढ़ेगा।' शमी की जिम्मेदारी विकेट लेना ही नहीं बल्कि अर्शदीप और हर्षित राणा जैसे गेंदबाजों का मार्गदर्शन करने की भी होगी।


### पाकिस्तान की शर्मनाक हरकत



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को होने जा रही है। ओपनिंग मैच में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगे। भारत अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा। टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान हो और कोई विवाद न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस द्वारा दावा किया गया है कि कराची स्टेडियम में भारतीय झंडे को नहीं लगाया गया है। आईसीसी के नियमों के मुताबिक, कोई भी देश अगर बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है तो उसे सभी हिस्सा लेने वाले देशों के झंडे लगाने होते हैं। हालांकि, कराची में आठ देशों के इस टूर्नामेंट के सात देशों के झंडे लगे दिख रहे हैं।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

## मालेवार और शोरे की फिफ्टी विदर्भ के 5 विकेट पर 308 रन



एजेंसी ▸▸ नागपुर

दानिश मालेवार के 79 रन और सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के 74 रन की मदद से मेजबान विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन गत चैंपियन मुंबई के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बना लिए। टेस्ट टीम में जगह बनाने का दावा फिर पुख्ता करने वाले करुण नायर ने 45 रन बनाए। वह शिवम दुबे की गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने के फैसले से खुश नहीं थे हालांकि उन्होंने डीआरएस लिया।

दो बार की चैंपियन टीम के लिए बड़ी साझेदारियां नहीं बन सकी लेकिन पहले दिन 88 ओवर में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया। मुंबई ने 13 नोबॉल डाली। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 18 ओवर में 44 रन देकर दो विकेट लिए। दुबे ने नौ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट चटकाए और उनमें से एक में सूर्यकुमार यादव ने स्लिप में डाइव लगाकर शानदार कैच लपका।

मुंबई को और सफलताएं नहीं मिल सकी क्योंकि नयी गेंद संभालने वाले शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी विकेट लेने में नाकाम रहे। ठाकुर ने 14 ओवर में 57 और मोहित ने 61 रन दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर यश राठौड़ 47 और कप्तान अक्षय वाडकर 13 रन बनाकर खेल रहे थे।

### गुजरात के बेबी का नाबाद अर्धशतक

**अहमदाबाद।** अनुभवी सचिन बेबी के नाबाद अर्धशतक से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन सोमवार को यहां गुजरात के खिलाफ धीमी बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 206 रन बनाए। बाएं हाथ के 36 वर्षीय बल्लेबाज सचिन बेबी ने 193 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए जिससे केरल ने पहली बार फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। सचिन बेबी को मोहम्मद अजहरुद्दीन के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला जो 66 गेंद में तीन चौकों की मदद से 30 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों पांचवें विकेट के लि 49 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

### गुजरात पर जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई

**वडोदरा।** गुजरात जाइंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि कठिन पहले मुकाबले के बाद मुंबई की टीम लय हासिल करना चाहेगी। पिछले दो सत्रों में आखिरी स्थान पर रही गुजरात के लिये पहले दो मैचों में आस्ट्रेलियाई हरफनमौला एशले गार्डनर ने उम्दा प्रदर्शन किया। बेथ मूनी ने भी अर्धशतक जमाया लेकिन उनकी सलामी जोड़ीदार लौरा वोल्वार्ट नहीं चल सकी हैं। जाइंट्स ने पहले मैच में 201 रन बनाये लेकिन इसके बावजूद हार गई।

टी20 ब्लास्ट और काउंटी चैंपियनशिप में दिखाएंगे जलवा

## विलियमसन ने मिडिलसेक्स से दो साल का किया अनुबंध

एजेंसी ▸▸ लंदन



न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने टी20 ब्लास्ट और काउंटी चैंपियनशिप में खेलने के लिए मिडिलसेक्स क्रिकेट के साथ दो साल का अनुबंध किया है जबकि वह इस साल द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट की कप्तानी भी करेंगे।

आधुनिक समय के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले विलियमसन इससे पहले ग्लूसेस्टरशर (2011-2012) और यॉर्कशर (2013-2018) के लिए खेल चुके हैं। वह सत्र के दूसरे भाग में मिडिलसेक्स के 14 टी20 ब्लास्ट ग्रुप मुकाबलों में से कम से कम 10 और कम से कम पांच काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहेंगे। विलियमसन ने कहा, 'मैंने अतीत में थोड़ा काउंटी क्रिकेट खेला है लेकिन पिछले कई वर्षों से नहीं खेला है इसलिए, जब मिडिलसेक्स के साथ यह अवसर आया तो यह वास्तव में रोमांचक संभावना थी।' न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में विलियमसन ने 47 शतक सहित 18,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं।

### पाकिस्तान में छाया क्रिकेट का खुमार

**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में क्रिकेट का खुमार छाया है और प्रशंसक बुधवार से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। कई क्रिकेटप्रेमी निराश हैं कि भारतीय टीम अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेल रही है। कराची के सदर इलाके में मशहूर जेनब मार्केट के दुकानदार मोईज अहमद ने कहा, 'यह निराशाजनक है क्योंकि भारतीय टीम और खिलाड़ियों खासकर विराट कोहली को यहां काफी पसंद किया जाता है।' कॉलेज के छात्र काशिफ ने कहा कि वह हमेशा से कोहली के मुरीद रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वह काफी विनम्र है जैसा कि हम मीडिया में देखते हैं।'

## आरसीबी ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया

### महिला प्रीमियर लीगः मंधाना की फिफ्टी, रेणुका-वेयरहम को 3-3 विकेट

एजेंसी ▸▸ वडोदरा

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट के बाद कप्तान स्मृति मंधाना और डेनी व्याट हॉज के बीच शतकीय साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दिल्ली के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने कप्तान मंधाना की 47 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 81 रन की पारी और डेनी व्याट हॉज (42 रन, 33 गेंद, सात चौके) के साथ उनकी पहले विकेट की 107 रन की साझेदारी की बदौलत 16.2 ओवर में दो विकेट पर 146 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम इससे पहले रेणुका (23 रन पर तीन विकेट), जॉर्जिया (25 रन पर तीन विकेट), किम गार्थ (19 रन पर दो विकेट) और एकता बिष्ट (35 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 19.3 ओवर में 141 रन पर ढेर हो गई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि उनके अलावा सिर्फ सारा ब्राइस (23) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाईं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी को स्मृति और डेनी की जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्मृति ने मारिजेन कैप के पहले ही ओवर में दो चौके मारे और फिर मीनू मनि पर भी दो चौके जड़े। डेनी ने भी शिखा पांडे के दो ओवर में चार चौके मारे। स्मृति ने अरुंधति रेड्डी पर पारी का पहला छक्का जड़ा जिससे टीम ने पावर प्ले में बिना विकेट गंवाए 57 रन जोड़े। स्मृति और डेनी ने मैदान पर चारों ओर शॉट खेले और कई आकर्षक बाउंड्री लगाई। स्मृति ने जेस जोनासेन पर लगातार दो चौके और एक रन के साथ सिर्फ 27 गेंद में अपना सबसे तेज डब्ल्यूपीएल अर्धशतक पूरा किया। डेनी हालांकि 34 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रही जब जेमिमा ने जोनासेन की गेंद पर उनका आसान कैच टपका दिया। स्मृति ने मारिजेन पर छक्का जड़ा जिससे टीम ने 10वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। अरुंधति ने अगले ओवर में डेनी को जेमिमा के हाथों कैच कराके आरसीबी को पहला झटका दिया। स्मृति ने जोनासेन पर भी छक्का जड़ा लेकिन शिखा की गेंद पर पवेलियन लौट गई। इस समय आरसीबी को जीत के लिए नौ रन की दरकार थी और रिचा (नाबाद 11) ने अरुंधति पर छक्का जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

## मनु भाकर को बीबीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को बीबीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी चुना गया। मनु इस पुरस्कार के लिए नामित पांच लोगों में शामिल थीं। गोल्फर अदिति अशोक, पैरा निशानेबाज अवनी लेखरा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना और पहलवान विनेश फोगाट को भी उनके असाधारण योगदान के लिए नामित किया गया था। खेल पत्रकारों और लेखकों की एक प्रतिष्ठित जूरी ने नामांकित खिलाड़ियों का चयन किया था। भारत में महिला खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले इस पुरस्कार का यह पांचवां सत्र है। बाइस वर्षीय मनु को पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने के लिए यह पुरस्कार मिला। वह स्वतंत्रता के बाद से एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ-साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अन्य पुरस्कार विजेताओं में पैरा तीरंदाज शीतल देवी (बीबीसी की साल की उभरती हुई खिलाड़ी), भारत की पूर्व महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज (बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार) और पैरा निशानेबाज अवनी (बीबीसी साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी) शामिल रहीं।

### जर्मनी के खिलाफ आज जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

**भुवनेश्वर।** खराब शुरुआत के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में मंगलवार को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ जीत की लय को कायम रखने उतरेगी। भारत को प्रो लीग के घरेलू चरण के पहले मैच में स्पेन ने 3-1 से हराया। इसके बाद भारतीय टीम ने हालांकि मजबूती से वापसी करते हुए रिटर्न मैच में स्पेन को 2-0 से मात दी। दो मैचों में तीन अंक लेकर भारत अब तालिका में आठवें स्थान पर है और अगले मुकाबले जीतकर ऊपर जाना चाहेगा।

मैरी कॉम, अवनि व सुहास ने अनुशासन को बताया सफलता की कुंजी

# परीक्षा पे चर्चा: छात्र तनाव न लें, आत्मविश्वास बढ़ाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जनसंचार के विभिन्न प्रचलित माध्यमों पर सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का सातवां एपिसोड प्रसारित हुआ। जिसमें देश की महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम, पैरालंपिक अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े छात्रों को तनावमुक्त रहने का मंत्र दिया। तीनों हस्तियों ने एक स्वर में छात्रों को केवल अनुशासन और कड़ी मेहनत के जरिए अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि अनुशासन ही बोर्ड परीक्षाओं की वह महत्वपूर्ण चाबी है।



### सही कौशल से बढ़ाएं आत्मविश्वासः अवनि

अवनि ने छात्रों को कौशल विकास की उपयोगिता समझाते हुए बताया कि इसकी मदद से कैसे अच्छे कौशल के साथ आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए डर को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद को भी समान रूप से महत्व दिया जाना चाहिए। आत्मविश्वास बढ़ाने में इसका बहुत बड़ा योगदान है। अच्छा प्रदर्शन करने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले पर्याप्त नींद लेना जरूरी है। सत्र के दौरान छात्रों ने अभिभावकों से संबंधित कुछ प्रश्न किए। जिसमें अपनी पसंद के करियर विकल्प चुनने, चुनौतियों से निपटने के लिए साहस विकसित करने और विषय पर ध्यान केंद्रित करने जैसे मुद्दे उठाए। दुबई और कतर से भी छात्रों ने इस आयोजन में भाग लिया।

### बॉक्सिंग को बनाया महिलाओं का खेलः मैरीकॉम

तीनों वक्ताओं ने अपने जीवन और खेल के अनुभवों को कुछ किस्सों, कहानियों और चुटकुलों के जरिए छात्रों तक पहुंचाया। मैरीकॉम ने कहा कि मैंने समाज में लोगों की उस परंपरागत सोच को बदला। जिसमें वो यह मानते थे कि बॉक्सिंग महिलाओं के लिए नहीं है। मेरे करियर में बहुत चुनौतियां आईं। लेकिन मैंने सभी को स्वीकार किया। क्योंकि मैं खुद को साबित करने के साथ ही देश की महिलाओं को यह बताना चाहती थी कि हम बॉक्सिंग कर सकते हैं। मैरीकॉम ने कहा, मैंने अपने आप को साबित किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैं कई बार विश्व चैंपियन बनीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह को याद करते हुए छात्रों से कहा कि अपने भविष्य निर्माता स्वयं बनो।

### डर को दूर भगाओ, सफलता मिलेगी

पैरालंपिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन स्टार सुहास यथिराज ने बच्चों को अपनी दिमागी शक्ति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इसी से नकारात्मक भावनाओं जैसे डर को दूर भगाया जा सकता है। क्योंकि डर ही सफलता की राह में सबसे बड़ा अवरोधक है। उन्होंने कहा, अगर जीवन में सूरज की तरह चमकना है तो उसकी तरह जलने के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। अच्छी चीजों को पाने के लिए सफर लगातार चलते रहना चाहिए। बच्चों ने तीनों हस्तियों से दबाव, भटकाव और बेचैनी के बारे में सवाल किए।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02251295 | 60 के वी ए 3 फेस ड्राई टाइप ट्रांसफोर्मर | 98 नग | 17-03-25 |
| 02 | 77259006 RGC | रनिंग कॉन्ट्रेक्ट फॉर थिक बेब स्विच (टी–6280 & टी 6155) | 1199 सेट | 19-03-25 |
| 03 | 09242475A | कास्ट स्टील साइड फ्रेम फॉर बी एल सी वैगन | 136 नग | 24-03-25 |
| 04 | 07255004 | एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम | 40 सेट | 26-03-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 97/2024–2025 दिनांकः– 17.02.2025 544/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सफल रहा पनडुब्बी का परीक्षण

# मत्स्य-6000: देश की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली पनडुब्बी का परीक्षण हुआ पूरा, इस साल के अंत तक 500 मीटर का ट्रायल होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो डीप ओशन मिशन के तहत देश की समुद्रयान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत गहरे समुद्र मिशन पहलों के तहत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक पनडुब्बी को इसके कॉम्पैक्ट 2.1 मीटर व्यास वाले गोलाकार पतवार के भीतर तीन मनुष्यों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है और 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर इसका परीक्षण किया जाएगा।

### खास बातें

- 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर परीक्षण किया जाएगा
- पानी के भीतर प्रकाश के लिए कैमरों के विशेष व्यवस्था
- सभी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया है।



### मत्स्य-6000 पनडुब्बी की खासियत

मत्स्य-6000 पनडुब्बी का डिजाइन पूरा होने के पश्चात इसकी कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न उप-प्रणालियों की पहचान की गई और उन्हें विकसित किया गया। पनडुब्बी में घटकों की एक व्यापक श्रृंखला है जिसमें गोताखोरी के लिए एक बेलेस्ट सिस्टम तीनों दिशाओं में गति के लिए थ्रस्टर्स, बिजली की आपूर्ति के लिए एक बैटरी बैंक और पानी की सतह पर आने के लिए सिंटैक्टिक फोम शामिल है। इसमें एक परिष्कृत बिजली वितरण नेटवर्क, अत्याधुनिक नियंत्रण हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ-साथ पानी के नीचे नेविगेशन डिवाइस भी शामिल हैं। संचार प्रणालियों में एक ध्वनिक मॉडेम, पानी के नीचे टेलीफोन और सतह संचार के लिए अति उच्च आवृति तरंगे (वीएचएफ) शामिल हैं।

### पानी के भीतर रोशनी और कैमरों पर विशेष ध्यान

पनडुब्बी के अंदर, मानव जीवन-रक्षक प्रणालियों, विभिन्न पर्यावरणीय तथा महत्वपूर्ण मापदंडों की क्षमता के लाभ के लिए नेविगेशन जॉयस्टिक, साथ ही पनडुब्बी के बाहर विभिन्न समुद्र विज्ञान सेंसर, पानी के भीतर प्रकाश व्यवस्था और कैमरों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन सभी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है और वर्तमान में इनका परीक्षण किया जा रहा हैं। अपनी बाहरी संरचना के भीतर सभी प्रणालियों की निर्बाध कार्यक्षमता को सुनिश्चित करने के लिए, 500 मीटर की परिचालन सीमा में शुष्क परीक्षणों की एक व्यापक श्रृंखला के सफल समापन के बाद, मत्स्य 6000 पनडुब्बी को 27 जनवरी से 12 फरवरी, 2025 के दौरान चेन्नई के पास कट्टूपल्ली पोर्ट पर स्थित एलएंडटी शिपबिल्डिंग सुविधा में पानी के अंदर परीक्षण करने के लिए ले जाया गया।

### परीक्षण में सभी जांच सफल

इन परीक्षणों का उद्देश्य कई महत्वपूर्ण मापदंडों पर मत्स्य 6000 की क्षमता का सावधानीपूर्वक आकलन करना था। मूल्यांकन के दौरान बिजली और नियंत्रण नेटवर्क की मजबूती, पनडुब्बी की स्थिरता, मानव सहायता और सुरक्षा प्रणाली और आगे तथा पीछे की गति पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, नेविगेशन और संचार क्षमताओं की जांच की गई। वैज्ञानिक पेलोड, जिसमें कई परिष्कृत समुद्र विज्ञान सेंसर शामिल थे, का पूरी तरह से परीक्षण किया गया और कार्यक्षमता की पुष्टि की गई। इस प्रदर्शन चरण में पनडुब्बी का पांच बार मानव सहित और पांच बार मानव रहित समुद्र की गहराई में जाना शामिल रहा।

## खबर संक्षेप

### समलैंगिक इमाम की गोली मारकर हत्या

**केपटाउन।** दुनिया के पहले घोषित समलैंगिक इमाम मुहसिन हेंड्रिक्स की शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अन्य व्यक्ति के साथ कार से जा रहे थे, उसी वक्त उन पर हमला किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इमाम की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिस वक्त हेनिड्रक्स पर हमला किया गया वो एक समलैंगिक विवाह समारोह से लौट रहे थे। 57 साल के मुहसिन हेंड्रिक्स का जन्म दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में हुआ था।



### सोने की खदान ढही 48 लोगों की मौत

**माली।** अफ्रीका महाद्वीप के देश माली में अवैध सोने की खदान ढहने से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हादसे की वजह से कई लोग पानी में गिर गए। माली अफ्रीका के सबसे ज्यादा सोना खनन करने वाले देशों में शामिल हैं। अक्सर अवैध रूप से सोना खोजने की तलाश में लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। जनवरी में दक्षिणी माली में एक सोने की खदान में भूस्खलन से कम से कम 10 लोग मारे गए थे ।



### भारत ने खूब बेचे स्मार्टफोन 140 प्रतिशत बढ़ा निर्यात

**नई दिल्ली।** जनवरी में भारत का स्मार्टफोन निर्यात पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 140 प्रतिशत बढ़ा है। इंडस्ट्री एस्टिमेट के मुताबिक निर्यात से 25,000 करोड़ रुपए (3 बिलियन डॉलर) की रिकॉर्ड कमाई हुई है और इसकी एक अहम वजह एप्पल और सैमसंग जैसी टॉप टेक्नोलॉजी कंपनियों का अपनी सप्लाई चेन से विदेशों में शिपमेंट बढ़ाना रहा। स्मार्टफोन के नेतृत्व में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान निर्यात में हाल के वर्षों में सरकार की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की बदौलत तेजी आई है।



### प्रदर्शनों के दौरान अत्याचार 41 पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में पुलिस ने 41 पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पूर्व अधिकारी छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान अत्याचार करने के आरोपी 1,059 पूर्व पुलिसकर्मियों में शामिल हैं। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार इस आंदोलन की वजह से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिर गई थी और उन्हें देश से जाना पड़ा था। आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के भेदभाव विरोधी प्रदर्शन ने एक आंदोलन का रूप ले लिया था और हसीना की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था।



### दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा

# यूक्रेन जंग पर रूस और अमेरिका में आज हाई लेवल मीटिंग संभव, रूस ने पुष्टि की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

» यूरोपीय देश संघर्षविराम से जुड़ी अमेरिका तथा रूस के बीच चल रही बैठकों में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे। इस बात से यूक्रेन तथा उसका साथ दे रहे यूरोपीय देशों को बेचैनी होनी स्वाभाविक है

यूक्रेन जंग के समाधान के लिए रूस और अमेरिका के बीच आज मंगलवार को सऊदी अरब में हाई लेवल मीटिंग हो सकती है। इसमें 2 रूसी अधिकारी शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुष्टि की है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव सऊदी की राजधानी रियाद के लिए रवाना हुए। इस बीच खबर आ रही है कि इस शांति वार्ता के लिए यूक्रेन को नहीं बुलाया है। वहीं अमेरिका की तरफ से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और यूक्रेन और रूस के लिए वाशिंगटन के विशेष दूत कीथ केलॉग इसमें शामिल होंगे। रुबियो सोमवार दोपहर को रियाद पहुंच चुके हैं। रुबियो अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई करेंगे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकर माइकल वॉल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ भी शामिल होंगे।

बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार माइकल भी शामिल होंगे

पुतिन के विदेश मंत्री लावरोव रियाद के लिए रवाना

अमेरिका के विशेष दूत केलॉग बैठक में शामिल होंगे

### ट्रंप बोले- यूक्रेन जंग खत्म करना चाहते हैं पुतिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बयान में कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन जंग को खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अभी समय तय नहीं हुआ है, लेकिन वो जल्द पुतिन से मुलाकात करेंगे। इससे पहले ट्रंप ने 11 फरवरी को फोन पर पुतिन के साथ बात की थी। इस दौरान दोनों के बीच जंग खत्म करने पर चर्चा हुई थी। दोनों ने तकरीबन डेढ़ घंटे तक बात की थी। ट्रंप ने बताया था कि वे सउदी अरब में पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।

### » दावा- मीटिंग में जेलेंस्की को नहीं बुलाया

यूक्रेन जंग पर शांति वार्ता के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को नहीं बुलाया गया है। इससे पहले अमेरिका के विशेष दूत कीथ केलॉग ने यूक्रेन के शामिल होने की बात कही थी। मीडिया के मुताबिक यूक्रेन को अभी तक वार्ता के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। यूरोपीय देशों के नेताओं को भी इस वार्ता में शामिल होने के लिए नहीं बुलाया गया है।

## गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए इजराइली टीम जाएगी काहिरा : नेतन्याहू

### सबसे पहले 'समझौते के पहले चरण को जारी रखने' पर चर्चा होगी

**जेरूसलम।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए एक वार्ता दल सोमवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा। पीएम कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नेतन्याहू ने अमेरिका के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के साथ फोन पर बात की, जिसके बाद उन्होंने एक इजराइली वार्ता दल को काहिरा के लिए रवाना होने का निर्देश दिया। बता दें मिस्र, कतर, संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में समझौता हुआ है।



बयान में कहा गया कि टीम सबसे पहले 'समझौते के पहले चरण को जारी रखने' पर चर्चा करेगी।' इसके मुताबिक सोमवार को होने वाली इजराइली सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के बाद उन्हें 'दूसरे चरण के संबंध में वार्ता जारी रखने के निर्देश प्राप्त होंगे। गौरतलब हो, इजराइल और हमास को फरवरी की शुरुआत में दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करनी थी। हमास ने 4 फरवरी को एक बयान में कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ चर्चा शुरू कर दी है, जबकि नेतन्याहू के प्रवक्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइल ने अभी तक दूसरे चरण पर बातचीत शुरू नहीं की है।

### मौलाना काशिफ अली को घर के बाहर मारी गोली

# भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी हाफिज सईद के साले की पाकिस्तान में हत्या



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

हाफिज सईद के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के राजनीतिक विंग के नेता मौलाना काशिफ अली की पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

मीडिया को मिली जानकारी मुताबिक, काशिफ अली भारत के सबसे मोस्ट वांटेंड आतंकी हाफिज सईद का साला था। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के नेता काशिफ अली को पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी में उनके घर के दरवाजे पर गोली मारी गई। अज्ञात हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग निकले। पीएमएमएल की स्थापना हाफिज सईद ने की थी। इसे लश्कर-ए-तैयबा की राजनीतिक शाखा के रूप में देखा जाता है। मौलाना काशिफ को हाफिज सईद का दाहिना हाथ समझा जाता था। पीएमएमल के प्रवक्ता ने काशिफ अली की मौत को आतंकवादी घटना बताया है। काशिफ अली की हत्या ने पाकिस्तान में सनसनी फैला दी है।

### पाकिस्तान में भारत के दुश्मनों की हत्या

पिछले एक महीने में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी मारे जा चुके हैं। इनमें दो की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। ये पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान में शीर्ष आतंकियों की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बीते कुछ सालों में पाकिस्तान के अंदर कई भारत विरोधी आतंकी अज्ञात बंदूकधारियों के हाथों मारे जा चुके हैं। द गार्डियन की रिपोर्ट में बताया गया था कि 20 से ज्यादा ऐसे आतंकियों की हत्या हुई है, जो भारत विरोधी समझे जाते थे।

### » गोलियां दागकर फरार हुए आरोपी

लश्कर-ए-तैयबा के खूंखार आतंकी और पॉलिटिकल चीफ मौलाना काशिफ अली की पाकिस्तान में हत्या कर दी गई है। बता दे कि काशिफ अली को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वाबी जिले में उसके ही घर के बाहर मौत के घाट उतार दिया गया। काशिफ अली, पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग राजनीतिक पार्टी का नेता भी था। इस पार्टी का सीधा संबंध लश्कर-ए-तैयबा से था। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर कुछ अज्ञात हमलावर आए और काशिफ अली को उसके घर के बाहर ही गोलियों से भून दिया। इसके बाद वो अज्ञात हमलावर वहाँ से फरार हो गए।

### भारत-ओमान संबंधों को बताया खास

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा- दोनों देशों के बीच और मजबूत होंगे रिश्ते



एजेंसी ▶▶ मस्कट

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ओमान दौरे पर हैं। सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ओमान में आयोजित हो रहे आठवें हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधित किया। डॉ. जयशंकर ने भारत और ओमान के कूटनीतिक संबंधों के 70 साल पूरे होने के अवसर पर एक लोगो भी लॉन्च किया। दोनों देशों की साझा विरासत पर एक किताब का विमोचन भी किया। वहीं विदेश मंत्री ने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अलबुसैदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर बात की गई। विदेश मंत्री ने ओमान की सरकार को हिंद महासागर सम्मेलन आयोजित करने के लिए सराहा।

### क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर फोकस

विदेश मंत्रालय ने बयान में बताया विदेश मंत्री आठवें हिंद महासागर सम्मेलन में उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। अपने संबोधन में विदेश मंत्री भारत के समर्पण को रेखांकित करेंगे, जिसमें क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने और स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र की बात कही गई है। विदेश मंत्री ने ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अलबुसैदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर बात की गई। विदेश मंत्री ने ओमान की सरकार को हिंद महासागर सम्मेलन आयोजित करने के लिए सराहा।

### » विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री के साथ मिलकर 'मांडवी टू मस्कट: भारतीय समुदाय और भारत और ओमान का साझा इतिहास' नामक किताब का विमोचन किया। इस किताब में ओमान में भारतीय मूल के लोगों के योगदान और सदियों पुराने दोनों देशों के लोगों के संबंधों पर प्रकाश डाला गया है। हिंद महासागर सम्मेलन से इतर डॉ. जयशंकर ने ब्रुनेई, बांग्लादेश, ईरान, भूटान, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस, नेपाल के विदेश मंत्रियों से भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इन बैठकों में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आपसी सहयोग और हिंद महासागर में समन्वय और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### सेबू में सांस्कृतिक शिखर सम्मेलन का आयोजन

## भारत और फिलीपींस के राजनयिक रिश्तों की स्थापना के 75 साल पूरे

एजेंसी ▶▶ सेबू

दक्षिण फिलीपींस के सेबू शहर में 'भारत-फिलीपींस सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान शिखर सम्मेलन' आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत और फिलीपींस के राजनयिक रिश्तों की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर किया गया। तमिल संत और कवि तिरुवल्लुवर की एक प्रतिमा का अनावरण किया गया। राजदूत हर्ष कुमार जैन ने शनिवार को सेबू के गुल्लास कॉलेज ऑफ मेडिसिन (जीसीएम) में तमिल संत और कवि तिरुवल्लुवर की प्रतिमा का अनावरण किया।

### कार्यक्रम में भारत और फिलीपींस के विशिष्ट अतिथि शामिल हुए



शाम को भारतीय और फिलिपिनो सांस्कृतिक दलों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं और गणमान्य व्यक्तियों ने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ग्लोरिया मैकापगल अरोयो, केंद्रीय, प्रांतीय और शहरी सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, भारत और फिलीपींस के अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

### 5 देशों के राजदूतों को परिचय पत्र सौंपे



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली में कंबोडिया की राजदूत रथ मैनी ने परिचय पत्र प्राप्त किया। इस मौके पर पांच अन्य देशों को भी पत्र प्रदान किए गए।

### योग के प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले होंगे पुरस्कृत

# प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 2025 के संस्करण (आईडीवाई 2025) के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों के लिए नामांकन शुरू करने की घोषणा की है। पुरस्कार उन लोगों और संगठनों दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के प्रचार-प्रसार और विकास में महत्वपूर्ण और निरंतर योगदान दिया है। आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी सहित चिकित्सा और कल्याण की पारंपरिक प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।



### 25 लाख रुपए के पुरस्कार से नवाजा जाएगा

आयुष के अनुसार ये पुरस्कार राष्ट्रीय व्यक्ति, राष्ट्रीय संगठन, अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति और अंतर्राष्ट्रीय संगठन श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिसके तहत प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपए के नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। प्रधानमंत्री योग पुरस्कारों का उद्देश्य समाज पर योग के गहन प्रभाव को सम्मानित करने के लिए स्थापित, इस क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान का जश्न मनाने, रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन और जीवनशैली से संबंधित विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका को सुदृढ़ करना है।

### निर्णायक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल होंगी

बता दें, यह लिंक आयुष मंत्रालय की वेबसाइट और इसके स्वायत्त निकायों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध होगा। संस्थाएं सीधे आवेदन कर सकती हैं या किसी प्रमुख योग संगठन द्वारा नामांकित हो सकती हैं। प्रत्येक आवेदक/नामांकित व्यक्ति प्रति वर्ष केवल एक श्रेणी (राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय) के लिए आवेदन कर सकता है। आयुष मंत्रालय द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी सभी आवेदनों की समीक्षा करेगी मूल्यांकन करने वाले निर्णायक मंडल को प्रत्येक पुरस्कार श्रेणी में अधिकतम 50 नामों की सिफारिश करेगी। निर्णायक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी।

### प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित

आयुष मंत्रालय आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी सहित चिकित्सा और कल्याण की हमारी पारंपरिक प्रणालियों को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109